फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 105 प्रभात जयपुर, गुरुवार 16 नवम्बर, 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com




The Tragic Tale of the 'Other Anarkali'

Behind the facade of "happily married" girl, Shehnaz hid the emotional trauma and physical abuse at the hands of her abusive husband.

Asteroid collisions aren't always bad

How asteroids bombarded Earth and built the continents




## अदालती आदेश के बाद भी नियुक्ति नहीं

जयपुर, 15 नवंबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बाद भी अभ्यर्थी को पीटीआई पद पर नियुक्ति नहीं देने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने शिक्षा सचिव और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने दोनों अधिकारियों से पूछा है कि क्यों ना उन्हें अदालती आदेश की अवमानना करने पर दंडित किया जाए। जस्टिस महेन्द्र

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने शिक्षा सचिव और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया।**

गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश नरेंद्र सिंह यादव की अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से आदेश की पालना के लिए समय मांगा गया। इस पर अदालत ने आदेश की पालना के लिए राज्य सरकार को 22 नवंबर तक का समय देते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जनता ने तो मन बना लिया, नेताओं की महत्वाकांक्षा व जोड़-तोड़ की फितरत इसे स्वीकार नहीं कर पा रही

**-विशेष प्रतिनिधि द्वारा-**

जयपुर, 15 नवम्बर। महेश जोशी, पहली बार, जयपुर से एम.एल.ए. चुनाव जीतकर घर मिलने आये, अपनी जीत की खुशी शेयर करने। मैं अपने विस्मय को दबा नहीं पाया, महेश से पूछ ही बैठा, "भाई यह हुआ कैसे"?

"भाई साहब, मेरी पार्टी वाले (स्थापित नेता) मुझे हराने में लगे हुए थे, और भाजपा के नेतागण उनके पार्टी के प्रत्याशी, मेरे प्रतिद्वंदी की पराजय के प्रयास में जुटे थे। भाजपा वाले, ज्यादा संगठित थे, कांग्रेस के कार्यकर्ता सदा की भांति अव्यवस्थित (डिसऑर्गनाइज़्ड) अतः भाजपा वाले अपने प्रयास में सफल हुए, और मैं जीत गया।"

2023 के विधानसभा के चुनाव की भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। जनता तो, भाजपा को 150-160 सीटों पर जिताना चाहती है, पर, दोनों स्थापित पार्टियों को शायद जनता का यह निर्णय गले नहीं उतर रहा, क्योंकि, ऐसे रिज़ल्ट में नेतागिरी का स्कोप कहां रह जाता है। रोज़-रोज़ के "करप्शन" ने, हर छोटे से छोटे काम के लिये पैसे मांगने व लेने के सरकारी सिस्टम ने, जनता का मनोबल तोड़ सा दिया था, और जनता ने इस सिस्टम में जीना सीख लिया था, पर, विधायक व सरकारी कर्मचारी की अकड़, व चोरी और ऊपर से सीना जोरी का कांटा, अन्दर तक चुभा था, जिसकी टीस व घाव गहरा था।

जनता विधायक का मुंह नहीं देखना चाहती थी, नया चेहरा चाहती थी, जिससे परिवर्तन की कम से कम कुछ आशा तो बने। पर, कांग्रेस के प्रभावी नेतागण, जनता को यह आशा भी नहीं देना चाहते थे। अधिकतर, वर्तमान विधायकों को "रिपीट" करने का निर्णय लिया गया, हालांकि, पार्टी के एक के बाद एक किये गये सर्वे लगातार वर्तमान विधायक के जीतने की संभावना नगण्य सी बता रहे थे। शायद, विधायक के भ्रष्टाचार को स्वीकार करने के अलावा, सरकार के पास कोई विकल्प था। क्योंकि, अगर विधायक "करप्ट" है, तो, "लॉजिकल

- **जनता असल में परिवर्तन चाहती है। मौजूदा विधायक का मुंह तक नहीं देखना चाहती। जिस पार्टी ने जितने नए चेहरे मदान में उतारे हैं उसे फायदा होने की संभावना है।**
- **कांग्रेस में चर्चा थी, नए चेहरे उतारे जाएंगे, पर, प्रदेश में पार्टी के कर्ता-धर्ता जनता के मन को या तो पढ़ नहीं पाए या समझना ही नहीं चाहते और अधिकतर विधायकों को "रिपीट" कर दिया, जबकि पार्टी के सर्वे तक उन विधायकों की हार तय बता रहे थे।**
- **अब हालत यह है कि, चुनाव में भाजपा जीत के ज्यादा नज़दीक मानी जा रही है, भाजपा हाईकमान ने सिर्फ पार्टी के प्रति निष्ठा को ही आधार बना कर टिकट दिया, बड़े नेताओं, चाहे वे वसुंधरा राजे हो, गजेन्द्र सिंह हो या ओम बिड़ला, के निष्ठावानों को दरकिनार कर दिया।**

इन्फरैंस" है, स्वाभाविक निष्कर्श है कि, सरकार "करप्ट" है और, ऐसा चेहरा लेकर सरकार, जनता के समक्ष चुनाव में कैसे जाती।

बहरहाल, इन पुराने विधायकों में से लगभग 80-90 प्रतिशत के हारने की प्रबल संभावना है। पर, यह "रोग" केवल कांग्रेस विधायकों तक सीमित नहीं, लगभग तीस प्रतिशत भाजपा विधायक भी सरकार के नजदीक गिने जाते हैं, "काम" करवाने की दृष्टि से। इस दृष्टि से भाजपा को लाभ है, क्योंकि, उसको नुकसान कम होगा, पुराने विधायकों को "रिपीट" करने से।

पर जहां तक "इन्टरनल सैबोटाज" का सवाल है, वर्तमान चुनाव में यह बात भाजपा पर ज्यादा सटीक बैठती है, क्योंकि, वर्तमान मूड में भाजपा जीतने के ज्यादा नजदीक मानी जाती है, और मु.मंत्री पद के स्वप्रचारित कई उम्मीदवार हैं। इतना ही नहीं, कोई बड़ा भाजपा नेता, या नेताओं का समूह, मु.मंत्री की दौड़ में जो सशक्त माना जाता है, उसको उसकी "कॉन्स्टिटुएन्सी" में बांधे रखने और यहां तक कि हराने की अपनी तरफ से व्यवस्था की है। चाहे आमेर में सतीश पूनिया हों या तारा नगर में राजेन्द्र राठौड़, या किरोड़ी लाल मीणा, या अर्जुन मेघवाल।

अपुष्ट चर्चाओं के अनुसार, तारा नगर में नरेन्द्र बुढ़ानिया ने पिछले चुनाव में जो खर्चा किया था, उसका, दस गुना तो गत सप्ताह तक वर्तमान चुनाव में कर चुके हैं। उसे कौन "फायनैन्स" कर रहा है?

भाजपा हाईकमान केवल टिकट वितरण के बाद में जरुर अपनी निष्ठा बरकरार रखे हुए है, तथा कौन सा टिकट, क्यों और किस दवाब में, किस लिहाज में दिया, इसको भूल कर सभी उम्मीदवारों के साथ समान व्यवहार कर रहा है। टिकट वितरण में भी एक ही डण्डे से हांकते हुए किसी भी नेता को सीट बदलने का अधिकार नहीं दिया। तथा, जिस भी उम्मीदवार पर यह छाप दिखी कि, वह फलाने नेता के कोटे में है, उसे टिकट नहीं दिया गया। चाहे वसुंधरा खेमे के परनामी हों या गजेन्द्र सिंह के नजदीकी जोधपुर में या ओम बिड़ला के नजदीगी बूंदी से।

बड़ी खूबी से वसुंधरा राजे के पुराने, पक्के समर्थक परनामी, यूनुस खान, राजपाल सिंह का टिकट काटा, तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल एक दिन के दौरे पर आज राजस्थान में

तारानगर, 15 नवम्बर (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गाँधी आज 16 नवम्बर को तारानगर में आयेंगे। कांग्रेस के स्थानीय प्रवक्ता लीलाधर जोशी बांय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि "हमारे नेता राहुल गाँधी दोपहर 12 बजे हैलिकॉप्टर से बालाजी पक्का जोहड़ स्थित मैदान

- **राहुल गांधी तारा नगर (चूरु), नोहर (हनुमानगढ़) और सादुल शहर (श्री गंगानगर) में चुनावी जन सभाएं करेंगे और शाम 6 बजे बाद दिल्ली लौट जाएंगे।**

पहुंचेंगे जहां पर कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित विशाल आम सभा को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

BIYANI GIRLS COLLEGE
in association with
Samyak
offers
UG/PG Courses with
IAS/RAS
Helpline : +91-8696218218

ऑटोमेटिक कान की मशीनें 3500/- से शुरु
स्पीच थैरेपी
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
94602 07080

# प्र.मंत्री ने कहा, "राहुल मूर्खों के सरदार", कांग्रेस के दो मुख्यमंत्रियों ने दिया जवाब

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी को "मूर्खों का सरदार" कहने के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। कांग्रेस का कहना है कि ऐसी टिप्पणियों से जनतंत्र के कार्यपालक प्रमुख के कार्यालय का मान पूरी दुनिया की आंखों में गिरता है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मूर्खों का सरदार कहने पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रधानमंत्री ऐसी बात कहते हैं क्योंकि वे प्रतिष्ठापूर्ण पद पर हैं।

जयपुर में एक कार्यक्रम के अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए गहलोत ने कहा, "यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रधानमंत्री का पद प्रतिष्ठापूर्ण है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिष्ठित पद पर होकर ऐसी बातें करता है तो उससे क्या उम्मीद की जा सकती है।"

- **छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी का ईगो इतना बढ़ गया है कि, वे जनता को गाली देने लगे हैं। उन्होंने हमारे नेता को गाली दी है।**
- **असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने जवाब दिया कि, राहुल अगर जनता हैं तो यह जनता किसी और ग्रह की ही है। भारत की जनता राहुल के साथ नहीं है।**
- **राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि, यह दुर्भाग्य पूर्ण है कि, इतने गरिमा पूर्ण पद पर होने के बाद भी वो इस तरह की बाते करते हैं।**

मंगलवार को मध्य प्रदेश के बैतुल में एक चुनावी सभा में राहुल गांधी का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री ने उनकी खिल्ली उड़ाते हुए मूर्खों का सरदार कहा, जब राहुल ने भारत में चीन के बने मोबाइल फोन के वर्चस्व की बात कही।

इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कार बेच कर नाम ट्रांसफर नहीं कराना बैंक को महंगा पड़ा

जयपुर, 15 नवंबर (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, क्रम-द्वितीय ने लोन की किश्त नहीं चुकाने के चलते जब्त की गई कार को सार्वजनिक नीलामी में बेचने के बाद नए खरीदार के नाम पर ट्रांसफर नहीं कराने और फास्ट टैग को नहीं हटाने को सेवा दोष करार दिया है। इसके साथ ही आयोग ने आईडीएफसी

- **जिला उपभोक्ता न्यायालय ने आई. डी. एफ.सी. बैंक पर 3.61 लाख रू. का हर्जाना लगाया है। बैंक ने किश्तें नहीं चुकाने पर जब्त कार बेच दी, पर, नाम ट्रांसफर नहीं कराया और फास्ट टैग भी नहीं हटाया। अदालत ने इसे सेवा दोष माना है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना में भी कांग्रेस नेताओं में मुख्यमंत्री पद की रेस शुरु हुई

### तमाम ओपीनियन पोल्स में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी के कारण मुख्यमंत्री पद के दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है, हालांकि कांग्रेस ने कोई नाम घोषित नहीं किया

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के मतदान में अभी एक पखवाड़ा शेष है, लेकिन राज्य के कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री पद के लिए होड़ शुरु हो गई है।

चुनावी माहौल कांग्रेस के पक्ष में होने को लेकर चर्चाओं का बाज़ार गर्म है क्योंकि कई सर्वे ये बता रहे हैं कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है और इसके साथ ही सत्ता को लेकर एक सुपरिचित जद्दोजहद शुरु हो चुकी है।

इस संदर्भ में, कांग्रेस के सीनियर नेता एवं लोकसभा सांसद कोमाटी रेड्डी वैंकट रेड्डी की टिप्पणियों ने पार्टी को

- **नालगोण्डा के सांसद के.आर. वेंकट रेड्डी ने तो यहाँ तक दावा कर दिया कि, कांग्रेस चुनाव जीती तो सोनिया गांधी उन्हें ही मुख्यमंत्री बनाएंगी।**
- **मुख्यमंत्री पद के सबसे सशक्त दावेदार प्रदेश अध्यक्ष रैवंत रेड्डी माने जा रहे हैं, जो ढाई साल से संघर्ष कर रहे हैं। उन्हीं के प्रयास से भाजपा को हटाकर आज कांग्रेस पार्टी सत्तारूढ़ पार्टी बी.आर.एस. को चुनौती देने वाली प्रमुख पार्टी बन गई है।**
- **मुख्यमंत्री पद के अन्य दावेदार हैं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तम रेड्डी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मधु याशी गौड़।**

परेशानी में डाल दिया है और पार्टी के कई नेता उनके इन दावों के कारण उनसे दूरी बना रहे हैं कि कांग्रेस यदि राज्य में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पायलट के गढ़ अजमेर में मुख्यमंत्री गहलोत नहीं दिखा सके दम, रोड शो बना फ्लॉप शो

### भीड़ नहीं जुटने से नाराज़ मुख्यमंत्री आधे रास्ते में रोड शो खत्म कर सीधे सभा स्थल पहुंचे

अजमेर, 15 नवम्बर (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को अजमेर उत्तर और दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में गारंटी यात्रा के तहत रोड शो किया। मुख्यमंत्री अपने इस रोड शो से अजमेर की जनता का मूड जानना चाह रहे थे और साथ ही सचिन पायलट के गढ़ में अपनी लोकप्रियता दिखाना चाह रहे थे लेकिन अशोक गहलोत को अजमेर में ना तो आमजन का साथ मिला ना ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं का।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को गांधी भवन पर महात्मा गांधी को नमन करते हुए गारंटी यात्रा के दूसरे चरण का आगाज किया। यह यात्रा गांधी भवन से होते हुए मदार गेट, रेलवे स्टेशन, पड़ाव, केसरगंज, मार्टिंडल ब्रिज, अलवर गेट होते हुए नगरे पर एक जनसभा के रूप में समाप्त हुई।

- **सभा स्थल पर भी कार्यकर्ता नाम मात्र के नज़र आए। मुख्यमंत्री भाषण की औपचारिकता पूरी कर लौट गए।**
- **मुख्यमंत्री ने गांरटी यात्रा अभियान के तहत अजमेर उत्तर व अजमेर दक्षिण में रोड शो किया था, वे पायलट के गढ़ में अपनी लोकप्रियता दिखाना चाहते थे।**
- **लेकिन क्षेत्र की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के रोड शो को पूरी तरह से नकार दिया।**
- **रोड शो में सचिन पायलट के आने की बात थी, पर, पायलट मध्य प्रदेश के चुनावी दौरे पर होने की वजह से नहीं आए तो जनता ने भी कोई उत्साह नहीं दिखाया।**

पिछले कई दिनों से कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस यात्रा की तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हुए थे। दावा किया जा रहा था कि यात्रा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राजस्थान में कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट मौजूद रहेगे। सचिन पायलट और अशोक गहलोत के एक साथ आने की चर्चा मात्र से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर थी, लेकिन मध्यप्रदेश में चुनावी यात्रा में व्यस्त होने के कारण पायलट अजमेर नहीं पहुंचे जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं मे निराशा साफ देखी जा सकती थी।

अजमेर में पिछले बीस साल से लगातार हार रही कांग्रेस को अजमेर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



*पायलट के गढ अजमेर में मु. मंत्री गहलोत का रोड शो बुरी तरह फ्लॉप हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गारंटी यात्रा के तहत हुए रोड शो को न केवल जनता ने नकार दिया बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ता भी गिनती के ही पहुंचे। कांग्रेस की इस यात्रा को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां की जा रही थीं, दावा यह था कि, इस यात्रा में मल्लिकार्जुन खड़गे भी आयेंगे और पायलट भी। मध्यप्रदेश के चुनाव कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण पायलट नहीं आ पाए तो स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी उत्साह नहीं दिखाया।*

## विचार बिन्दु

**जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद**

# मैक्सवेल ने दिखाया, कुछ भी नामुमकिन नहीं है

बचपन में पढ़ा था कि नेपोलियन के शब्दकोष में 'इंपॉसिबल' नाम का कोई शब्द नहीं है। बाद में यह भी बताया गया कि 'इंपॉसिबल' का अर्थ 'आई एम पॉसिबल' भी हो सकता है। इस बारे में जब कभी बात चलती है तो सामान्यतया यही सुना जाता है 'यह तो हमसे नहीं हो पाएगा' या 'यह तो संभव ही नहीं है' और लोग प्रयास तक करना छोड़ देते हैं।

इतिहास ने कई बार सिद्ध किया है कि कुछ भी असंभव नहीं है। मानव क्षमता असीमित है और जितना प्रयास करते हैं, वह उतनी और बढ़ जाती है। ऐसे उदाहरण कई बार देखने को मिले हैं, जहां बिल्कुल अप्रत्याशित रूप से लोग घोर संकट से निकलकर, शिखर तक पहुंचे हैं। आजकल जब इस प्रकार की बात की जाती है, विशेष कर भारत के युवाओं के साथ, तो अपनी अकर्मण्यता का सबसे बड़ा बहाना यह बताया जाता है कि क्या करें यह हमारे लिए संभव ही नहीं है। इसी मनोवृत्ति के कारण देश के युवा अपना शत प्रतिशत प्रयास भी नहीं करते।

इस मनोवृत्ति के ठीक विपरीत, हाल ही में अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने सिद्ध कर दिखाया है कि कुछ भी नामुमकिन नहीं है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच बार विश्व कप विजेता रही है और अफगानिस्तान की टीम इस विश्व कप में सबसे कमजोर टीमों में से एक थी। अफगानिस्तान ने अपने जुझारूपन, टीम भावना और अपने मनोबल के आधार पर तीन पूर्व विश्व विजेताओं श्रीलंका, इंग्लैंड और पाकिस्तान को मात देकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया था। ऐसा लगने लगा था कि वह इस बार विश्व कप के सेमीफाइनल में स्थान पा लेगी। उनके 2 मैच ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के विरुद्ध शेष थे। यदि वह यह दोनों मैच जीत लेते तो उनका सेमीफाइनल में प्रवेश निश्चित था। जब ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच प्रारंभ हुआ तो सब यही मानकर चल रहे थे कि ऑस्ट्रेलिया के पास, जिस प्रकार के दिग्गज खिलाड़ी हैं, वह बड़ी आसानी से अफगानिस्तान को हरा देगा । ऐसा प्रारंभ में लगा भी, जब अफगानिस्तान ने अविश्वसनीय बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 291 रन बना लिए। इसमें इब्राहीम ज़रदान का एक अविजित शतक भी शामिल था। तब भी यह लगा था कि ऑस्ट्रेलिया, क्योंकि पांच बार विश्व चैंपियन टीम रही है, उसके लिए इस स्कोर से अधिक रन बनाना असंभव कार्य नहीं था और ऐसा लगता था कि वह इस स्कोर को आसानी से पार कर सकते हैं। जब ऑस्ट्रेलिया की पारी की शुरुआत हुई तो उन्होंने एक के बाद एक सभी महारथी विशेषज्ञ बल्लेबाजों को लगातार खोना प्रारंभ कर दिया और एक समय ऐसा आया जब ऑस्ट्रेलिया के सात प्रमुख बल्लेबाज कुल 91 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुके थे। इनमें वार्नर, मार्श, स्टोनियस शामिल थे। मैक्सवेल उस समय खेल रहा था और उसे भी 30 के स्कोर पर जीवनदान मिल चुका था। यहां यह उल्लेखनीय है कि मैक्सवेल हाल ही में भयंकर मानसिक अवसाद के दौर से गुजरा है और कुछ दिनों उनका प्रदर्शन खराब रहा था। ऐसा लगा कि अब तो यह मैच अफगानिस्तान की झोली में आ ही गया है। अफगानिस्तान के समर्थक और खिलाड़ियों ने इस अप्रत्याशित जीत का जश्न, मैदान के अंदर और बाहर मनाना प्रारंभ कर दिया । यहीं से मैक्सवेल ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस के साथ ऑस्ट्रेलिया की पारी को संवारने और संभालने का काम प्रारंभ किया। कमिंस एक गेंदबाज है एवं उनसे बल्लेबाजी की अपेक्षा नहीं थी। इसके बाद जिस प्रकार के खेल का प्रदर्शन मैक्सवेल ने किया, क्रिकेट के इतिहास में कभी नहीं देखा गया। उसकी अद्भुत पारी ने इसे एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास का सर्वश्रेष्ठ मैच बना दिया। जिस पिच पर ऑस्ट्रेलिया के 7 दिग्गज बल्लेबाज 91 रन पर आउट हो गए हों, उसी पर मैक्सवेल ने लगातार चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 157 की स्ट्राइक रेट से अविजित 201 रन बनाए और आठवें विकेट के लिए 200 रन की अविजित साझेदारी की। मैक्सवेल ने यह रन बनाने में 21 चौके और 10 छक्के लगाए। यह दोनों ही विश्व कप के क्रिकेट इतिहास के लिए एक रिकॉर्ड बन गए। रिकॉर्ड तो वैसे भी विश्व कप में बनते रहे हैं किंतु मैक्सवेल की पारी और उससे मिली सीख का उल्लेख करना उपयुक्त होगा।

मानसिक एवं शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने के बाद भी मैक्सवेल ने जिस प्रकार हिम्मत नहीं हारी और लगातार मैदान पर डटा रहा, वह एक यादगार पारी बन गई। वास्तव में यह बात सिद्ध हुई है कि असंभव कुछ भी नहीं है। यदि मैक्सवेल हार मान कर बैठ जाता तो ऑस्ट्रेलिया की पारी कभी की समाप्त हो जाती और वह मैच हार जाता । उसने न केवल स्वयं पर विश्वास रखा अपितु विपरीत शारीरिक और मानसिक परिस्थितियों के बावजूद, अपनी संकल्प शक्ति को बनाए रखा और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ता रहा। जिन करोड़ों लोगों ने यह मैच देखा उनमें से शायद ही किसी ने सोचा होगा कि अफगानिस्तान यह मैच हार जाएगा और ऑस्ट्रेलिया इसमें तीन ओवर शेष रहते हुए यह मैच जीत लेगा। यह जीत इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है कि मैक्सवेल ने अकेले अपने बलबूते पर ही यह मैच, ऑस्ट्रेलिया के लिए जीता।

कहा जाता है कि एक अकेला व्यक्ति क्या कर लेगा? मैक्सवेल ने दिखा दिया कि यदि एक व्यक्ति भी ठान ले तो, वह स्थितियों को काबू में करके उन्हें अपने पक्ष में ढाल सकता है। इसके पीछे सोच यही है कि आप यदि प्रयास ही नहीं करेंगे तो वैसे ही कुछ नहीं होना है, किंतु यदि पूरा प्रयास करें, तो संभावना है कि आप अपने लक्ष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ा सकें।

> **कहा जाता है कि एक अकेला व्यक्ति क्या कर लेगा? मैक्सवेल ने दिखा दिया कि यदि एक व्यक्ति भी ठान ले तो, वह स्थितियों को काबू में करके उन्हें अपने पक्ष में ढाल सकता है। इसके पीछे सोच यही है कि आप यदि प्रयास ही नहीं करेंगे तो वैसे ही कुछ नहीं होना है, किंतु यदि पूरा प्रयास करें, तो संभावना है कि आप अपने लक्ष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ा सकें।**

मैक्सवेल की इस पारी से एक बात यह भी सिद्ध होती है कि सही दिशा में कार्य करने पर, एक व्यक्ति का प्रयास भी महत्वपूर्ण होता है। एक ही व्यक्ति स्थिति को बदलने में सक्षम हो सकता है। आसाराम को बलात्कार के आरोप में सजा दिलाने के लिए सारी विपरीत परिस्थितियों और अत्यधिक दबाव के बावजूद जोधपुर के एक वकील श्री सोलंकी ने अपने कानूनी ज्ञान और नैतिक मनोबल के आधार पर प्रयास जारी रखा । अंततः आसाराम को न केवल बलात्कार का दोषी पाए जाने पर सजा हुई अपितु अब तक उसकी जमानत भी संभव नहीं हो पाई है। इस पर एक अच्छी फिल्मी 'एक ही बंदा काफी है' बनी, जो प्रभावशाली थी। मैक्सवेल ने सिद्ध किया कि मैच जीतने के लिए भी एक ही बंदा काफी है। एक ही बंदा, नामुमकिन को मुमकिन बना सकता है। बस, आवश्यकता है इच्छा शक्ति की, मनोबल ऊंचा बनाए रखने की और विपरीत परिस्थितियों में हार नहीं मानने की।

कई और बातें भी अफगानिस्तान–ऑस्ट्रेलिया के इस मैच से सामने आती हैं और एक प्रकार की सीख हमें देती हैं । एक तो यह कि किसी भी विरोधी या शत्रु को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। पहले ऑस्ट्रेलिया ने यह गलती की और वे हार के कगार तक पहुंच गए। अफगानिस्तान के 291 रन के जवाब में अपने सात विकेट 91 रन पर ही गवा दिए। सीख यही है कि कभी भी अपने विरोधी को कमजोर मत समझिए। पता नहीं कब उसे मौका मिले और वह वार कर दे। कहा भी गया है कि '100 सुनार की, एक लोहार की'।

दूसरी सीख है, कभी भी लक्ष्य प्राप्त होने तक अपने प्रयासों को कम नहीं करना चाहिए। जब अफगानिस्तान ने 91 रन पर ऑस्ट्रेलिया के सात खिलाड़ी आउट कर दिए तो वह यह मान बैठे कि उनकी जीत हो गई है । इसका संकेत दर्शक दीर्घा में अफ़गानियों द्वारा किए जा रहे डांस से मिल रहा था। मैदान पर भी अफगानिस्तान के खिलाड़ियों के अति आत्मविश्वास से यह स्पष्ट हो रहा था। जैसे–जैसे समय बीतता गया, बाज़ी उनके हाथ से निकलती गई और अंततः वे मैच ही हार बैठे। सीख यह कि, किनारे पर पहुंचने के बाद ही चैन की सांस लेनी चाहिए, बीच में नहीं। कई बार देखा है कि लंबी दौड़ में जो खिलाड़ी कई बार पीछे होता है वह अंतिम चरण में फर्राटा मार कर दूसरे को पीछे छोड़ते हुए विजय प्राप्त कर लेता है। लक्ष्य पूरा हुए बगैर हमें निश्चिंत नहीं होना है और अपना प्रयास पूरे जोर से जारी रखना है। क्रिकेट के बारे में तो वैसे भी कहा गया है कि जब तक अंतिम गेंद नहीं डाल दी जाय, तब तक खेल समाप्त नहीं होता है। इस मैच ने इसे बहुत अच्छी तरह से सिद्ध किया है।

दो प्रकार के व्यक्ति होते हैं । एक वे, जो विपरीत परिस्थितियों में शीघ्र ही हार मान कर हथियार डाल देते हैं और दूसरे वे, जो संकट के समय पूरे आत्मविश्वास के साथ अपना प्रयास दुगुनी मेहनत से जारी रखते हैं। मैक्सवेल इसी प्रकार का खिलाड़ी रहा जो स्वयं चोटिल होकर दर्द से मैदान पर लेट गया था। वह उसके बावजूद उठ खड़ा हुआ और दौड़ नहीं पाने के कारण एक स्थान पर खड़े–खड़े ही शॉट मारता रहा । मानसिक अवसाद के लंबे दौर से गुजरने के बाद तथा ऑस्ट्रेलिया की टीम के संकट में होने और खुद की चोट के बावजूद उसने अपना धैर्य नहीं छोड़ा, कष्ट की परवाह नहीं की और ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचा कर ही दम लिया। इस पारी में जिस प्रकार अविजित दोहरा शतक बनाया, वह क्रिकेट के इतिहास में सुनहले अक्षरों में दर्ज हो चुका है। यह रिकॉर्ड टूटना सरल नहीं होगा। जिन करोड़ों दर्शकों ने अफगानिस्तान–ऑस्ट्रेलिया का यह क्रिकेट मैच टी वी पर देखा, वे इसे लंबे समय तक नहीं भूल पाएंगे। यदि इस मैच के आधार पर जो सीख जीवन के लिए मिलती है उसे हम ध्यान में रख सकें, तो हम अपने लक्ष्य की ओर अधिक तेजी से बढ़ सकेंगे, चाहे वह देश हो, समाज हो, परिवार हो, या व्यक्ति।

हमें यह परवाह नहीं करनी है कि दूसरे लोग क्या कर रहे हैं और क्यों नहीं कर रहे हैं? यह सिद्धांत भ्रष्टाचार की समाप्ति पर भी लागू होता है। कई बार अधिकारियों को यह कहते हुए सुना जाता है कि हमारे अकेले के करने से क्या होगा जब सब भ्रष्ट हैं? इसके प्रति उत्तर में यही कहा जा सकता है कि आप नहीं करेंगे तो वैसे भी कुछ नहीं होगा, किंतु यदि आप अपना प्रयास करेंगे तो संभावना बनती है कि कुछ हो जाए। वरना तो वही स्थिति होगी, जब राजा ने नागरिकों से एक–एक लोटा दूध डालने को कहा और सब यही सोच बैठे कि दूसरे तो दूध डालेंगे ही मैं एक लोटा पानी डाल दूं तो क्या फर्क पड़ेगा? परिणाम यह हुआ कि पूरा तालाब केवल पानी से ही भर गया और किसी ने दूध का एक लोटा तक नहीं डाला । अर्थ स्पष्ट है कि कोई भी प्रयास छोटा नहीं होता और कोई भी प्रयास कम नहीं होता। आवश्यकता इसी बात की है कि हम दूसरों द्वारा शुरुआत करने की प्रतीक्षा किए बिना पहला कदम अपने स्तर पर उठा लें। मैक्सवेल ने इसकी कतई परवाह नहीं की कि दूसरे खिलाड़ियों ने क्या किया और किस प्रकार से आउट हो गए? उसने केवल यह सोचा कि उसे टिककर खेलना है और ऑस्ट्रेलिया को जिताना है। बस यही इच्छा शक्ति इस मैच में जीत के लिए जिम्मेदार है।

हमें धन्यवाद दोनों टीमों अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया को देना होगा, जिन्होंने इस खेल के माध्यम से न केवल करोड़ों दर्शकों का मनोरंजन किया बल्कि क्रिकेट को भी अधिक समृद्ध बनाया । अफगानिस्तान जो कि विभिन्न प्रकार की विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा है और क्रिकेट में इसकी कोई पहचान नहीं थी, उसने तीन पुराने विश्व कप चैंपियन को हराकर, विश्व स्तरीय क्रिकेट में धमाकेदार तरीके से प्रवेश किया है । आशा है, भविष्य में हम अफगानिस्तान को और श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देख पाएंगे।

आज तो हम यही कह सकते हैं, 'सलाम, ग्लेन मैक्सवेल'! आपने सबको यह दिखा दिया कि नामुमकिन को मुमकिन कैसे बनाया जाता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# "विकसित भारत संकल्प यात्रा" को प्रधानमंत्री मोदी ने रवाना किया



**झारखंड के खूंटी जिले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई।**

■ **आईईसी वैनों को देश की बड़ी जनजातीय आबादी वाले दूरस्थ इलाकों से रवाना किया गया**

**नई दिल्ली।** जनजातीय नायक बिरसा मुंडा की जयंती के दिन जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के खूंटी जिले से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाई। सरकार के प्रमुख कल्याणकारी कार्यक्रमों के संदेश प्रचारित करने वाली 5 विशेष रूप से डिजाइन की गई आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन खूंटी जिले और आसपास के क्षेत्रों में स्थित बड़ी आदिवासी आबादी वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों से रवाना की गई। इसी तरह की आईईसी वैनों को देश भर के बड़ी आदिवासी आबादी वाले 68 जिलों से राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, राज्य मंत्रियों जैसे महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जम्मू–कश्मीर में इस संकल्प यात्रा को क्रमशः राजौरी और बांदीपोरा जिलों के बुद्धल और गुरेज इलाकों से रवाना किया गया। समुद्र तल से 8,000 फीट की ऊंचाई पर सर्द हवाओं के बीच स्थानीय लोग, युवा, पंचायत राज संस्थान और सरकारी अधिकारी इस शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी पटनायक (सेवानिवृत्त) ने निचला सुबनसिरी जिले के जाइरो में आईईसी वैनों को हरी झंडी दिखाई। इस औपचारिक शुभारंभ समारोह में पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों ने भाग लिया। ये आईईसी वैन निचला सुबनसिरी, तवांग और पूर्वी कामेंग जिलों में यात्रा करेंगी और जमीनी स्तर पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन जागरूकता फैलाएंगी। नागालैंड में यह अभियान दीमापुर जिले के इंडिसेन गांव में शुरू किया गया था। निकटवर्ती असम में बक्सा, कोकराझार और कार्बी आंगलोंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैंस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आदिवासी जिले नंदुरबार में इस शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने गुजरात के दाहोद में कार्यक्रम में भाग लिया, जबकि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने अंबाजी में वैनों को हरी झंडी दिखाई। केंद्रीय मंत्री बिश्वेश्वर टुडू ने ओडिशा के मयूरभंज जिले से विकसित भारत अभियान वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आंध्र प्रदेश में इस यात्रा को राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर ने अल्लूरी सीताराम राजू जिले से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तमिलनाडु में सूचना और प्रसारण, पशुपालन और मत्स्य पालन राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने नीलगिरि जिले में यह अभियान शुरू किया। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पलक्कड़ जिले के अट्टापडी में अभियान शुरू किया। यह अभियान केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के करावत्ती द्वीप पर भी आरंभ किया गया।

**कवर किए जाने वाले विषय** :–इस यात्रा में मुख्य ध्यान लोगों से संपर्क करने, उनमें जागरूकता पैदा करने और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर को सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल इत्यादि जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर होगा। विकसित भारत अभियान, जोकि अब तक की सबसे बड़ी संपर्क (आउटरीच) पहलों में से एक है, का लक्ष्य अंततः 25 जनवरी 2024 तक देश के हर जिले से गुजरते हुए2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 3,600 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है।

# विश्वविद्यालय के कुलपतियों के प्रकार



प्रो. अशोक कुमार

**कुलपति** एक विश्वविद्यालय का प्रमुख होता है। कुलपति का पद एक महत्वपूर्ण पद है। वह विश्वविद्यालय के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्वविद्यालय शिक्षा का केंद्र होता है। इसलिए, कुलपति का मुख्य कार्य शिक्षा को बढ़ावा देना होता है। कुलपति विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार करने, विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिए एक अनुकूल शैक्षिणक वातावरण बनाने और विश्वविद्यालय को एक प्रतिष्ठित संस्थान बनाने के लिए काम करता है।

**कुलपति के इन दायित्वों को पूरा करने के लिए, उसे निम्नलिखित कौशल और योग्यताएं होनी चाहिए:–**

**नेतृत्व:** कुलपति को एक प्रभावी नेता होना चाहिए। उसे विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, छात्रों और शिक्षकों का नेतृत्व करने में सक्षम होना चाहिए।

**प्रशासन:** कुलपति को एक कुशल प्रशासक भी होना चाहिए। कुलपति को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में सक्षम होना चाहिए। कुलपति को विश्वविद्यालय के संसाधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने में भी सक्षम होना चाहिए।

**प्रबंधन:** कुलपति को एक कुशल प्रबंधक होना चाहिए। उसे विश्वविद्यालय के संसाधनों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने में सक्षम होना चाहिए।

**नीति–निर्माण:** कुलपति को एक दूरदर्शी नीति निर्माता होना चाहिए। उसे विश्वविद्यालय के भविष्य के लिए प्रभावी नीतियों का निर्माण करने में सक्षम होना चाहिए।

**शैक्षणिक मामलों:** कुलपति को एक अनुभवी शैक्षिणक नेता होना चाहिए। उसे विश्वविद्यालय के शैक्षिणक मानकों को बनाए रखने में सक्षम होना चाहिए।

**सामाजिक दायित्व:** कुलपति को एक जिम्मेदार नागरिक होना चाहिए। उसे विश्वविद्यालय के सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में सक्षम होना चाहिए।

भारत में विश्वविद्यालयों में कुलपति की कार्यशैली कुलपति की नियुक्ति के आधार पर निर्भर करती है।

**कुलपति मुख्य रूप से पाँच प्रकार के होते हैं:–**

**प्रशासकीय कुलपति:** ये कुलपति विश्वविद्यालय के प्रशासनिक मामलों पर अधिक ध्यान देते हैं। वे विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और संकायों के बीच समन्वय बनाए रखने और विश्वविद्यालय की दैनिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**शैक्षिणक कुलपति:** ये कुलपति विश्वविद्यालय के शैक्षिणक मामलों पर अधिक ध्यान देते हैं। वे विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार करने और विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिए एक अनुकूल शैक्षिणक वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**सामाजिक कुलपति:** ये कुलपति विश्वविद्यालय के सामाजिक दायित्वों को पूरा करने पर अधिक ध्यान देते हैं। वे विश्वविद्यालय के आसपास के समुदाय के साथ संबंध बनाने और विश्वविद्यालय के छात्रों को सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**राजनीतिक कुलपति:** राजनीतिक कुलपतियों की कार्यशैली विश्वविद्यालय के लिए कई चुनौतियों का कारण बन सकती है। उदाहरण के लिए, राजनीतिक कुलपति विश्वविद्यालय के शैक्षिणक और सामाजिक मामलों में कम ध्यान केंद्रित करने के कारण विश्वविद्यालय की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा, राजनीतिक कुलपति विश्वविद्यालय के प्रशासन और नीति–निर्माण में अपने राजनीतिक पक्षपात को प्रभावित कर सकते हैं। इससे विश्वविद्यालय में राजनीति और विवाद बढ़ सकता है।

**रिश्वतखोर कुलपति :** विश्वविद्यालयों में जो कुलपति रिश्वत / धन देने के कारणों से नियुक्त होते हैं, उनकी कार्यशैली आमतौर पर निम्नलिखित प्रकार की होती है:–

वे विश्वविद्यालय के प्रशासन और नीति–निर्माण में व्यक्तिगत लाभ को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे विश्वविद्यालय के संसाधनों का उपयोग अपने निजी हितों को बढ़ावा देने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, वे अपने परिवार के सदस्यों या दोस्तों को विश्वविद्यालय में नियुक्तियां दिलवा सकते हैं, या विश्वविद्यालय से अनुबंध प्राप्त कर सकते हैं।

इन पाँच प्रकार के अलावा, कुछ कुलपति ऐसे भी होते हैं जो इन श्रेणियों में फिट नहीं होते हैं। ये कुलपति अपनी अनूठी कार्यशैली के कारण पहचाने जाते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ कुलपति ऐसे होते हैं जो विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक दोनों मामलों में समान रूप से ध्यान देते हैं। इन कुलपतियों को समग्र कुलपति कहा जाता है। कुछ कुलपति ऐसे भी होते हैं जो विश्वविद्यालय के सामाजिक और राजनीतिक मामलों में समान रूप से ध्यान देते हैं। इन कुलपतियों को समाज–राजनीतिक कुलपति कहा जाता है।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, वैदिक विश्वविद्यालय निंबहारा , निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर, अध्यक्ष आईएसएलएस, प्रिसिडेंट सोशल रिसर्च फाउंडेशन , कानपुर**

# प्याज, लहसून और मटर के भावों में एकाएक तेजी आई

■ **होटल, टिफिन सेंटरों और ढाबों पर सलाद में प्याज गायब होने लगा**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। इलाके में प्याज, लहसून और मटर के भाव एकाएक दाम बढ़ गए हैं। वहीं अन्य सब्जियों के दाम कम हुए हैं। सब्जी विक्रेताओं ने एकाएक दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि इन कारोबारियों का मानना है कि नई फसल जब तक पककर बाजार में नहीं आती तब तक प्याज और लहसून के दामों में कोई कमी नहीं आएगी। प्याज का स्टॉक अब बाहर निकाला जा रहा है। इधर, होटल, टिफिन सेंटरों और ढाबों पर सलाद में प्याज अब धीरे धीरे गायब होने लगा है। सलाद में अब मूली को प्राथमिकता मिल रही है। मूली आठ रुपए प्रति किलो की दर से रिटेल में बिक रही है।

सब्जी मंडी में प्याज के थोक भाव 48 रुपए और रिटेल भाव 60 से 80 रुपए प्रति किलो रहे। जबकि गत वर्ष इसी सीजन में प्याज के थोक भाव करीब बारह रुपए और रिटेल भाव करीब 20 रुपए प्रति किलो बिक रहा था। यही हाल लहसून का है। लहसून चाइनीज दो सौ रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा था जबकि रिटेल में इसका दाम 230 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया। लेकिन बाजार में देसी लहसून को ज्यादा पसंद किया जा रहा है। चाइनीज लहसून देखने में साफ और सुंदर दिखता है लेकिन खाने में उतना जायका नहीं है। लेकिन देसी लहसून ज्यादा जायकेदार रहता है। देसी लहसून सब्जी मंडी में 170 से 180 रुपए प्रति किलो बिका जबकि रिटेल में इसका दाम 240 रुपए तक पहुंच गया है। वहीं मटर भी महंगी दर से बिकने लगी है। मटर थोक में 115 रुपए और रिटेल में 140 से 150 रुपए प्रति किलो की दर से बिकने लगी है।

थोक कारोबारी गौरीशंकर बतरा ने बताया कि प्याज नया और पुराना दोनों तरह का बिक रहा है। अलवर, नासिक, एमपी और मथानिया की सब्जी मंडी से प्याज की आवक हो रही है। दीपावली पर अलवर में चार दिन, एमपी में दस दिन और नासिक में करीब पांच दिन सब्जी कारोबार बंद रहेगा।

सब्जी कार्य में लगी लेबर दीपावली अवकाश के बाद वापस काम पर लौटेगी। ऐसे में दो सप्ताह बाद नई फसल आएगी तो प्याज के दामों में कमी आ सकती है। दो माह पहले बरसात में प्याज की फसल खराब हो गईथी, इस कारण आवक कम होने पर डिमांड ज्यादा रहने पर स्टॉक करने वालों ने प्याज की कीमतों में वृद्धि कर दी। अदरक में भले की कई रोगों को दूर करने का नुस्खा हो लेकिन अदरक के बढ़ते दामों ने ग्राहकों को दर्द जरूर दे दिया है। अदरक बोली में एक सौ रुपए प्रति किलो की दर से बिकी जबकि रिटेल में यह 130 से 140 रुपए प्रति किलोग्राम से बिकने लगी है। सर्दी की आहट होने पर अदरक की डिमांड भी एकाएक बढ़ी है। अदरक की नई फसल अब सब्जी मंडी में आएगी। ज्यादा आवक आते ही इसका दाम कम हो पाएगा।

दो माह पहले अदरक महज चालीस से पचास रुपए प्रति किलो की दर से बिक रही थी। इधर, टमाटर भी अब भाव खाने लगा है। महज बीस रुपए में मिलने वाला टमाटर पचास रुपए तक पहुंच गया है।

## राशिफल गुरूवार 16 नवम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा


कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, मूल नक्षत्र रात्रि 2:17 तक, सुकर्मा योग प्रातः 9:59 तक, गर करण दिन 12:35 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–धनु, मंगल–तुला, बुध–वृश्चिक, गुरू–मेष, शुक्र–कन्या, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।


आज रवियोग रात्रि 2:17 तक है। भद्रा रात्रि 11:49 से शुक्रवार दिन 11:04 तक रहेगी। आज मार्गशीर्ष संक्रांति है और सूर्य वृश्चिक में प्रवेश रात्रि 1:19 पर करेगा। मंगल वृश्चिक प्रवेश दिन 10:46 पर करेगा। आज विनायक चतुरथी, दुर्वा गणपति व्रत है। आज से डाला छठ महापर्व तीन का आरम्भ होगा। आज से जमादि–उल अव्वल मु. मास 5 आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:11 तक, चर 10:51 से 12:11 तक, लाभ–अमृत 12:11 से 7:52 तक, शुभ 4:12 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:51, सूर्यास्त 5:32




### मेष
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### वृष
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।




### मिथुन
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।




### कर्क
व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है।




### सिंह
घर–परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




### कन्या
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




### तुला
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।




### वृश्चिक
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यक्तिगत प्रयासों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।




### धनु
व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।



### मकर
घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।



### कुंभ
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा।



### मीन
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

# राजधानी में होनेवाला है रोचक चुनावी मुकाबला

## कांग्रेस के पुराने चेहरों के सामने भाजपा के नए चेहरे हैं मैदान में

- भाजपा ने सात नए चेहरे, तो कांग्रेस ने एक नया चेहरा उतारा चुनावी रण में

**जयपुर, (का.प्र.)।** दिवाली के बाद अब राजस्थान में चुनाव प्रचार परवान पर चढ़ने लगा है और दोनों ही प्रमुख दलों कांग्रेस और भाजपा के दिग्गज स्टार प्रचारक चुनाव मैदान में उतरने वाले हैं। इस बीच राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां की आठों सीटों पर मुकाबला रोचक होने वाला है।

राजधानी जयपुर में उम्मीदवारों की बात करें, तो कांग्रेस ने सिर्फ एक हवामहल सीट पर नया उम्मीदवार उतारा है और बाकी 7 सीटों पर वही पुराने चेहरे मैदान में हैं। दूसरी और भाजपा ने ठीक विपरीत जयपुर में सिर्फ एक मालवीय नगर में पुराने चेहरे को उतारा है और 7 सीटों पर नए चेहरे दिए हैं। वैसे तो राजधानी में हर सीट का अलग-अलग स्वभाव है, लेकिन चारदीवारी और उसे लगती सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने वाला है। इन चार सीटों में से किशनपोल, आदर्श नगर, हवा महल और सिविल लाइन में कांग्रेस ने तीन पर जहां फिर से अपने विधायकों को रिपीट किया है। वहीं हवामहल में उम्मीदवार तो नया है लेकिन चेहरा पुराना है। सिविल लाइन में कांग्रेस ने फिर प्रताप सिंह खाचरियावास को, किशनपोल में अमीन कागजी को और आदर्श नगर में रफीक खान को मौका दिया है। तो हवामहल में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष और जयपुर के खांटी कार्यकर्ता कहे जाने वाले आरआर तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं भाजपा ने चारों ही सीटों पर नए उम्मीदवार के तौर पर सिविल लाइन में गोपाल शर्मा, आदर्श नगर में रवि नैयर, किशनपोल में चंद्र मोहन बटवाड़ा और हवामहल में बालमुकुंद आचार्य को उम्मीदवार बनाया है।

यहां बात करें तो कांग्रेस के चारों उम्मीदवारों के सामने पहचान का संकट नहीं है। वहीं भाजपा में आदर्श नगर सीट पर रवि नैयर पहचाना हुआ चेहरा है। वहीं बालमुकुंद आचार्य भाजपा में तो नहीं, लेकिन हिंदूवादी मंचों पर नजर आते रहे हैं। बाकी दो चेहरों में से गोपाल शर्मा जयपुर के जाने-माने पत्रकार हैं, लेकिन सिविल लाइंस के कितने मतदाता उन्हें पहचानते हैं, यह दूसरी बात है। वैसे भी गोपाल शर्मा सांगानेर से उम्मीदवारी चाहते थे, लेकिन अंतिम समय में उन्हें भाजपा ने सिविल लाइन भेज दिया। वहीं चंद्र मोहन बटवाड़ा एक बार पार्षद रहे हैं, लेकिन उसके बाद उनकी सक्रियता आम लोगों में बहुत ज्यादा नहीं देखी गई है। ऐसे में कहा जा रहा है कि यह चुनाव जयपुर में ध्रुवीकरण की ओर जा सकता है और ध्रुवीकरण होने पर जहां भाजपा सोचती है कि उसे फायदा मिलेगा, वहीं जयपुर की इन चारों सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी संख्या ध्रुवीकरण में कांग्रेस का भी फायदा करवा सकती है। यही कारण है कि भाजपा चारदीवारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लाना चाहती है। वहीं कांग्रेस भी 19 नवंबर को राहुल गांधी की पदयात्रा जयपुर में करने जा रही है। ऐसे में यहां उम्मीदवारों की पहचान तो उनके काम आएगी ही, वहीं ध्रुवीकरण के बाद अल्पसंख्यकों का मतदान प्रतिशत क्या रहता है और हिंदुओं का मतदान प्रतिशत क्या रहता है। यह भी चुनाव परिणाम को काफी प्रभावित करने वाला होगा।

जहां तक चारदीवारी के बाहर की चारों सीटों की बात करें, तो सांगानेर में भाजपा के भजनलाल शर्मा और कांग्रेस के पुष्पेंद्र भारद्वाज के बीच मुकाबला है। वहीं बगरू में एक बार फिर पुराने प्रतिद्वंद्वी वर्तमान विधायक गंगा देवी के सामने भाजपा के पूर्व विधायक कैलाश वर्मा मुकाबले में हैं। मालवीय नगर में भी दोनों पार्टियों के पुराने प्रतिद्वंदी कांग्रेस से अर्चना शर्मा तीसरी बार, वहीं भाजपा के वर्तमान विधायक कालीचरण सराफ आमने-सामने हैं। विद्याधर नगर से कांग्रेस ने एक बार फिर सीताराम अग्रवाल को, तो भाजपा ने नरपत सिंह राजवी के स्थान पर संसद दीया कुमारी को मैदान में उतारा है।

चारदीवारी के बाहर की इन चार में से तीन सीट सांगानेर, मालवीय नगर और विद्याधर नगर भाजपा का गढ़ कहलाती है क्योंकि परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई इन सीटों में अभी तक कांग्रेस का खाता नहीं खुल पाया है। वहीं बगरू में मुकाबला बराबरी का रहता है यहां दो बार कांग्रेस तो एक बार भाजपा जीत चुकी है। इन चारों सीटों पर ध्रुवीकरण का बहुत ज्यादा असर नहीं होता, क्योंकि इन चारों ही सीटों पर बहुतसंख्यक मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। वहीं बगरू में बात करें, तो मुस्लिम इन बाकी सीटों से ज्यादा है। वही मालवीय नगर में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या सबसे कम है। ऐसे में इन चारों सीटों पर हार जीत इस बात पर निर्भर करती है कि कौन सा उम्मीदवार लोगों को प्रभावित करने में सफल होता है।

## ई.वी.एम.मशीनों की कमिशनिंग शुरू

**जयपुर, (का.सं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना में बुधवार को अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रदेश भर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपीएटी की कमिश्निंग के कार्य की शुरुआत हुयी। इस दौरान पहली बार अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों ने सिंबल लोडिंग की प्रक्रिया टीवी मॉनिटर के माध्यम से देखी। विधानसभा आम चुनाव-2023 में पहली बार अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि को ये सुविधा मिली है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि एम-3 ईवीएम बीयू, सीयू एवं वीवी पेट मशीनों की कमिश्निंग का कार्य बुधवार से राज्य के समस्त जिलों में प्रारंभ हुआ। ईवीएम वीवीपेट मशीनों की कमिश्निंग का कार्य आगामी 4 दिवस में पूर्ण कर लिया जाएगा।



राज्यपाल कलराज मिश्र से बुधवार को राजभवन में सप्त शक्ति कमांड के लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# कांग्रेस ने 49 नेताओं को किया निष्कासित

## पार्टी के खिलाफ बागी होकर लड़ रहे हैं चुनाव

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के विरूद्ध चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस नेताओं तथा पार्टी द्वारा जारी चेतावनी के बावजूद अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में रिटायर ना होकर चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार का विरोध कर नुकसान पहुंचाने वाले बागी उम्मीदवारों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए छः वर्ष के लिए निष्कासित करने के आदेश जारी किए हैं।

पार्टी ने विधानसभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ से जौहरीलाल मीना, राहुल कुमार मीना, शीला मीना, पुष्कर से डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, श्रीगंगानगर से करूणा अशोक चाण्डक, नगर से डॉ. गोविन्द शर्मा, सादुलशहर से ओम बिश्नोई, सिवाना से सुनील परिहार, केशोरायपाटन से राकेश बोयत, छबड़ा से नरेश कुमार मीना, सवाईमाधोपुर से डॉ. अजीजुद्दीन आजाद, मालपुरा से गोपाल गुर्जर, नागौर से हबीबुर्रहमान खान अशरफी, शिव से फतेह खान, सरदारशहर से राजकरण चौधरी, मनोहरथाना से कैलाश मीना, डूंगरपुर से देवराम रोत, चौरासी से महेन्द्र बरजोड़, लूणकरणसर से वीरेन्द्र बेनीवाल, विराटनगर से रामचन्द्र सराधना, भीमसहन गुर्जर, झोटवाड़ा से सुरज्ञान सिंह धौसल्या, हरिकिशन तिवारी, टोडाभीम से राघव मीना, कल्पना, महुआ से रामनिवास गोयल, बसेड़ी से खिलाड़ी लाल बैरवा, जालोर से रामलाल मेघवाल, धरियावद से विशेष कुमार मीना, सागवाड़ा से पन्नालाल डोडियार, श्रीमाधोपुर बलराम यादव, हनुमानगढ़ से गणेश राज बंसल, सांचौर से डॉ. शमशेर अली सैय्यद, मुण्डावर से अंजली यादव, किशनगढ़ बास से सिमरत संधू, उदयपुरवाटी से मीनू सैनी, लोहावट से सत्यनारायण विश्नोई, मसूदा से वाजिद खान, कोलायत से रेवतराम पंवार, परबतसर से लच्छाराम बढ़ारड़ा, जोधपुर से डॉ. अजय त्रिवेदी, आदर्श नगर से उमरदराज, देवली-उनियारा से डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर, सोजत से अशोक खाण्डपा मेघवाल, हिण्डौन से बृजेश जाटव, कपासन से आनन्दी राम खटीक, संगरिया से डॉ. परम नवदीप सिंह, धोद से महेश मोरदिया तथा निवाई से प्रहलाद नारायण बैरवा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए छः वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित करने के आदेश जारी किए हैं।

# सिविल लाइंस की बहनों ने गोपाल शर्मा का किया विजय तिलक

**जयपुर।** सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा ने बुधवार को सोडाला, हसनपुरा, पानीपेच, नेहरू नगर, बनीपार्क और शास्त्रीनगर के कांवटिया सर्किल पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ सघन जनसंपर्क किया। भाजपा के झंडे लहराते कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम और वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण को भाजपामय बना दिया। सुबह के जनसंपर्क की शुरुआत मजदूर नगर से की। यहां जब्बर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ और हनुमान जी महाराज के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी ने गोपाल शर्मा को विजयश्री का आशीर्वाद दिया।

वहीं, भाई दूज का त्यौहार होने के कारण मजदूर नगर और हसनपुरा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान भाजपा उम्मीदवार गोपाल शर्मा को बहनों का अपार स्नेह और समर्थन मिला। जगह-जगह बहनों ने पूजा की थाली लेकर गोपाल शर्मा का विजय तिलक किया और भाई दूज पर विजयश्री का कामना की। साथ में ही हाथ पर रक्षा सूत्र बांधकर माता और बहनों ने रक्षा का संकल्प लिया। गोपाल शर्मा ने आश्वस्त किया कि जीत और हार अपनी जगह। वह अपनी बहनों की रक्षा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे। हसनपुरा क्षेत्र में शर्मा का ढोल-नगाड़ों के साथ पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। लोगों ने उत्साहपूर्वक आतिशबाजी की।

हर वर्ग के लोगों से गोपाल शर्मा आत्मीयता से मिले और उनकी हर परेशानी को दूर करने का आश्वासन दिया। लोगों ने जगह-जगह गोपाल शर्मा के सिर पर साफा बांधकर स्वागत किया। वहीं बच्चों में गोपाल शर्मा के साथ फोटो खिंचवाने का क्रेज रहा। रामनगर सोडाला में राधा कृष्ण मंदिर के आसपास के क्षेत्र में शर्मा को बहुत ही गर्मजोशी से स्थानीय लोगों ने स्वागत किया।

## अब तक 600 करोड़ रूपये सीज किये

**जयपुर, (का.सं.)।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन विभाग ने 9 अक्टूबर से अब तक 600 करोड़ रुपये सीज किये हैं। 2018 के चुनावों के 65 दिन के मुकाबले इस चुनाव में केवल 36 दिन में 858 फीसदी सीजर बढ़ा है।

दस जिले 20 करोड़ से ज्यादा सीज करने वाले हैं जिनमें जयपुर 99.25 करोड़, अलवर 33.97 करोड़, जोधपुर 28.56 करोड़, बूंदी 23.75 करोड़, अजमेर 23.19 करोड़, उदयपुर 22.82 करोड़, भीलवाड़ा 22.72 करोड़, चित्तौड़गढ़ 22.42 करोड़, नागौर 22.21 करोड़ और बीकानेर 20.84 करोड़ शामिल हैं।

# महिला सुरक्षा के लिये लगाए हैं सी. सी. टी. वी. कैमरे : खाचरियावास

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री एवं सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने वार्ड नंबर 47 में रामनगर, गणेश कॉलोनी, गौतम पथ, तेजाजी का मंदिर, रामदेव जी का मंदिर का पैदल दौरा कर जनसभाओं को संबोधित किया। वार्ड नंबर 46 में पंचवटी कॉलोनी में महिला सम्मेलन को संबोधित किया।

महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर की राजधानी सिविल लाइंस में 5 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से प्रत्येक कॉलोनी में कैमरे लगाए जा रहे हैं, हमने वादा किया था सुरक्षा के मध्य नजर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र की सभी कॉलोनियों मे कैमरे लगाए जाएंगे, उपस्थित महिलाओं ने सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में कैमरे लगाए जाने पर खाचरियावास को आने वाले चुनाव में पूर्ण समर्थन देने का वचन दिया। महिलाओं ने कहा कि खाचरियावास हमारा भाई और बेटा बनकर हर समय हमारी समस्याओं का समाधान करता है, आज जब वह चुनाव मैदान में उतरा है तो हम सभी महिलाएं प्रताप सिंह खाचरियावास को हाथ के निशान का बटन दबाकर चुनाव में भारी मतों से विजय दिलाएंगे। इसके बाद खाचरियावास ने बनीपार्क स्थित बड़ोदिया बस्ती, फुस का बंगला, कबीर मार्ग में पैदल दौरा कर जनसंपर्क किया और कबीर मार्ग पर जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान लोगों ने खाचरियावास का आतिशबाजी, पटाखे एवं ढोल नगाड़े बजाकर भव्य स्वागत किया। जगह-जगह कॉलोनी में मां बहन बेटियों ने खाचरियावास को तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और विजय का आशीर्वाद दिया।

## नड्डा कल जयपुर आएंगे

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा कल एक दिवसीय प्रवास पर राजस्थान आएंगे इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। तय कार्यक्रमानुसार जेपी नड्डा सुबह 10 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे जहां भाजपा प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद सुबह 10:30 बजे भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर भाजपा के संकल्प-पत्र के विमोचन कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा दौसा के महुवा और सिकराय में दो विशाल जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम को जयपुर में विभिन्न बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## प्रदेश में अब तक 25,980 ने किया घर पर ही मतदान

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। बुधवार से शुरू हुयी होम वोटिंग में अब तक प्रदेश भर में 25,980 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 के अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा दिव्यांग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। प्रदेश में मंगलवार को होम वोटिंग के पहले दिन 9,687 बुजुर्ग तथा 2,655 दिव्यांग एवं बुधवार को 10,354 बुजुर्ग एवं 2701 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया। उन्होंने बताया कि पात्र 62927 मतदाताओं ने विकल्प के तौर पर होम वोटिंग सुविधा के लिए आवेदन किया है।

# सतरंगी सप्ताह 16 से

- कम मतदान वाले केन्द्रों पर रहेगा विशेष फोकस

**जयपुर, (का.सं.)।** प्रत्येक मतदाता तक मतदान का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से 16 से 22 नवंबर तक प्रदेशभर में सतरंगी सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इसके तहत प्रतिदिन जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत तक मतदान जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। प्रत्येक कार्यक्रम की थीम, स्लोगन और लक्षित वर्ग निर्धारित की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने विधानसभा चुनाव- 2018 में कम मतदान वाले केन्द्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने अवगत कराया कि सप्ताह भर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। इस दौरान गत विधानसभा चुनाव में कम मतदान वाले केंन्द्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए के विशेष प्रयास होंगे इसके लिए प्रत्येक कार्यक्रम के जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर एवं 51756 मतदान केन्दों तक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। वहीं स्वीप से जुड़े इक्कीस विभागों की भागीदारी भी इनमें रहेगी।

उन्होंने बताया कि पहले दिन 16 नवंबर को लोक नृत्यों के माध्यम से पीवीटीजी, विमुक्त और घुमंतू वर्ग के मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। पहले दिन का थीम का रंग वायलेट और स्लोगन हम भी नाचेंगे -गायेंगे यें , वोट डालकर आएंगे रहेगा। दूसरे दिन 17 नवंबर को म्यूजिकल बैंड की सुर लहरियो के माध्यम से कामगार, मजदूर, दिहाडी मजदूरों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही मतदाता शपथ का कार्यक्रम भी होगा। इस दिन की थीम का रंग इंडिगो और स्लोगन अंगुली पर निशान,राष्ट्र के नाम तय किया गया है। इसी प्रकार 18 नवंबर को वॉकाथोन का आयोजन होगा। इसमें सेवारत मतदाता, सरकारी कार्मिक, खिलाड़ी, शिक्षक, शारीरिक शिक्षक, पुलिस के जवान शामिल होंगे। इस दिन का रंग ब्लू तथा स्लोगन कर्तव्य पथ पर, राष्ट्रिहत में रहेगा।

## गडकरी आज करेंगे रोड शो

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी गुरूवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी दीया कुमारी के साथ एक रोड शो में भाग लेंगे। यह रोड शो सायं 4:30 बजे से विद्याधर नगर स्थित परशुराम सर्किल से शुरू होकर आरसी पैराडाइज, नाड़ी का फाटक पर समाप्त होगा। इसके बाद नितिन गडकरी विद्याधर नगर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। दीया कुमारी का चुनाव प्रचार अपने चरम पर है।

दीया कुमारी ने बुधवार को दिन की शुरुआत में ढेहर के श्री बालाजी महाराज के दर्शन करके आशीर्वाद प्राप्त कर प्रभु से लोकमंगल की कामना की। इसके उपरांत उन्होंने वार्ड 26 और वार्ड 35 में जनसभाओं को सम्बोधित किया।

# नाइट क्लब एवं डांस बार से 36 जने गिरफ्तार

- थाना वैशाली नगर में स्थित अवैध एंडोर क्लब एवं डांस बार के खिलाफ कार्यवाही
- नियमों के विरूद्ध संचालित किया जा रहा था डांस बार

**जयपुर, (का.सं.)।** आम्रपाली वैशाली नगर स्थित अवैध रूप से संचालित डांस बार एंडोर क्लब में देर रात्रि में युवक-युवतियों द्वारा शराब पीकर हंगामा करने की सूचना पर पुलिस थाना वैशाली नगर जयपुर (पश्चिम) की टीम के साथ कार्यवाही करते हुये मौके पर शांति भंग करने वाले 36 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही कर थाना वैशाली नगर जयपुर (पश्चिम) में गिरफ्तार किया गया। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ व अति. पुलिस आयुक्त (प्रथम), कैलाश चन्द्र बिश्नोई के निर्देश पर रानू शर्मा, अति. पुलिस उपायुक्त, संगठित अपराध, आयुक्तालय जयपुर के निकट सुपरविजन में आयुक्तालय जयपुर की टीम के मनीष कुमार, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम द्वारा आसूचना संकलन कर कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार लोगों में नवीन कुमार, सुनिल कुमार जाबडोलिया, अभिषेक शर्मा, मोहम्मद इरशाद, हंसराम मीणा, शौकीन कुरैशी, उमंग राज, इमरान खान उर्फ बन्टी, मोहम्मद सोयल, सलमान, सिद्धार्थ भण्डारी, लक्की धीरवानी, शक्ति सिंह, शाकिर खान, मोहसिन, पायलेट सैनी, विश्वेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, विकास मेहता, समीर खान, मोतीलाल उर्फ कार्तिक, फूलचन्द बिलोनिया, अनुपम सिंह, दीपक यादव, भवानी शंकर, अमित गुप्ता, फरहान, उम्मेद खान, जाहिद हुसैन, अजय कुमार, राहुल वर्मा, इमरान, राकेश यादव, महेन्द्र शर्मा, प्रवीण गुप्ता, वीर सिंह शामिल हैं। पुलिस टीम के सदस्य में मनीष कुमार पुलिस निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक दीपक कुमार त्यागी, हैड कांस्टेबल मौ. मरगूब, कांस्टेबल राजेश कुमार, अजय कुमार, कृष्णपाल, रविन्द्रपाल सिंह शामिल हैं।

# लाल डायरी का जिक्र होते ही मुख्यमंत्री गहलोत की बौखलाहट बढ़ जाती है : जयराम ठाकुर

- 'हिमाचल के लोगों को कांग्रेस ने झूठी गारंटियों के नाम पर ठगा राजस्थान की जनता उसका शिकार ना हो मेरा केवल यही प्रयास है'
- 'राजस्थान के लिए डबल इंजन की सरकार अति आवश्यक, कांग्रेस की विदाई तय'

**जयपुर।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और हिमाचल के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सभी गारंटियां पूरी तरह झूठ हैं। आज से करीब 11 महीने पहले हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हुए थे जिसमें कांग्रेस ने राजस्थान की तरह ही गारंटियां दी थी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिमला में प्रेसवार्ता करके कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं। आपके राजस्थान में 10 दिन में किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने वादा भी किया था उसका क्या हुआ? बिल्कुल इसी तरह हिमाचल के लोगों को झूठी गारंटियों में गुमराह किया गया। राजस्थान की जनता को समझने की जरूरत है कि वह इस तरह के झूठे प्रलोभन में ना आए। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सरकार बनने से पहले कांग्रेस ने 10 गारंटीयां दी थी जिसमें कहा गया था कि प्रदेश की 18 साल से 70 साल उम्र की 22 लाख महिलाएं हैं उनके लिए कैबिनेट की पहली ही बैठक में निर्णय लिया जाएगा कि उनके खाते में 1500 रुपए प्रत्येक महीने डाले जाएंगे। लगभग 12 महीने हो चुके लेकिन अभी तक किसी महिला के खाते



हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और हिमाचल के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

में एक रुपया भी नहीं आया। इसके अलावा कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी, लेकिन मुफ्त बिजली देना तो दूर कांग्रेस सरकार ने वहां बिजली की दरें बढ़ा दी। दूसरी ओर भाजपा ने बिना गारंटी के भी वहां काम किया और जो पहले से ही 125 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती थी वह चालू रखी।

हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और हिमाचल चुनाव के प्रभारी भूपेश बघेल ने चुनाव के दौरान वादा किया था कि गाय का गोबर दो रुपये किलो में खरीदा जाएगा, लेकिन वह भी पूरी तरह झूठा निकला। जबकि छत्तीसगढ़ का गोबर घोटाला लोगों को ध्यान जरूर है। बघेल ने कहा था कि हिमाचल में बागवानी बड़े स्तर पर की जाती है, कांग्रेस सत्ता में आई तो यहां की फसलों का रेट किसान खुद तय करेगा, हिमाचल में सेब का 5000 करोड़ का व्यापार होता है यहां के लोग झांसे में आ गए जबकि धरातल पर हालात बेहद खराब हैं।

हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि आप यदि गूगल पर 508 टाईप करेंगे तो छत्तीसगढ़ का 508 करोड़ का महादेव ऐप घोटाला सामने आता है और भूपेश बघेल की फोटो सामने आती है। भूपेश बघेल ने हिमाचल में जाकर झूठे वादे किये अब वहां की जनता उन्हे तलाश कर रही है। इसके अलावा कांग्रेस ने वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली बैठक में यह प्रस्ताव पारित होगा कि गाय का दूध 80 रुपये किलो और भैंस का दूध 100 रूपये किलो सरकारी रेट पर खरीदा जाएगा, जबकि हिमाचल में दूध के दाम पहले से कम होकर 30-32 रूपये किलो हो गए हैं। ठाकुर ने कहा कि राजस्थान में अभी तक जो 7 गारंटियां दी हैं उनमें अधिकांश वही हैं जो हिमाचल में दी गई थी। किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करने का वादा खोखला निकला उल्टा यह स्थिति हो गई कि लगभग 20000 से ज्यादा किसानों की जमीन नीलाम हो गई दर्जनों किसानों ने आत्महत्या कर ली। राजस्थान में भी गाय का गोबर खरीदने की बात कही है, जबकि लंपी वायरस के समय सबसे ज्यादा 70 प्रतिशत गौ माता राजस्थान में ही मरी थी जो लोग गाय की सुरक्षा नहीं कर सकते वो गोबर कैसे खरीद सकते हैं। राजस्थान में लाल डायरी का नाम सीएम गहलोत से ऐसे जुड़ गया कि जैसे लाल डायरी का जिक्र होता है मुख्यमंत्री गहलोत की बौखलाहट बढ़ जाती है। राजस्थान के लिए डबल इंजन की सरकार अति आवश्यक है, और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ जीत हासिल करेगी और कांग्रेस की विदाई होगी।

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह 18 को

**जयपुर, (का.सं.)।** महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन की ओर से दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 18 नवम्बर को किया जायेगा। कार्यक्रम जनता कॉलोनी में महावीर इंटरनेशनल एसोसियेशन भवन में शाम छह बजे से शुरू होगा। इसके बाद भोजन भी परोसा जायेगा।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा सरकार बनाएगी : डॉ. सतीश पूनिया

**जयपुर।** आमेर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गाँव-ढाणी पहुंचकर जनता से संवाद कर विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया निरंतर जनसंपर्क कर आशीर्वाद ले रहे हैं।

सुबह से लेकर रात तक जनसम्पर्क कर पूनिया प्रतिदिन 17-18 घंटे परिश्रम कर रहे हैं। आज जनसंपर्क के दौरान 21 से अधिक गाँवों में सतीश पूनिया का जनता और कार्यकर्ताओं ने फूलों की बारिश कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

डॉ. पूनिया ने आज दादर, देवका हरवाड़ा में दूध व्यवसाय से जुड़े किसानों से संवाद किया, खोरा श्यामदास इत्यादि कई गांवों में जनसम्पर्क कर किसानों और युवाओं से अपील कर राजस्थान में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के लिए आमेर में भाजपा को भारी मतों से जिताने का निवेदन किया।

उन्होंने कहा कि, आमेर से लेकर पूरे राजस्थान में साफ दिख रहा है कि भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी और ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा सरकार बनाएगी।

NAME CHANGE

I have Changed Name my Son from Fahad Islam Khan to Fahad Islam in future. 4270, Mohalla Chitewalan Ramganj Bazar, Jaipur.-8104798798

आम-सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण (1) अमित कुमार जैन पुत्र श्री महावीर प्रसाद जैन, (2) रूबल कुमारी जैन पत्नी श्री मनीष कुमार जैन एवं (3) निकिता कुमावत पुत्री श्री घनश्याम कुमावत ने पुनर्गठित प्लाट संख्या के-48, के-49, एल-3 से एल-5, इन्कम टैक्स कॉलोनी, टोंक रोड़, जयपुर पर निर्मित ईमारत "GEETANSH CLASS OF PEARL" में से चतुर्थ तल पर निर्मित ऑफिस नम्बर 401 को क्रय करने का करार सम्पत्ति मालिक श्री राहुल गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री अमिताभ गुप्ता से किया है, उल्लेखनीय है कि श्री राहुल गुप्ता को उक्त ऑफिस का मालिकाना हक उनके पिता श्री अमिताभ गुप्ता के देहांत उपरांत उनकी माता श्रीमती शीला गुप्ता एवं बहिन शेफाली कुलश्रेष्ठ की ओर से उनके हक में निष्पादित हक त्याग पत्र (रजिस्टर्ड दिनांक 01 नवम्बर सन् 2023) से मिला हैं। उक्त सम्पति के स्वामित्व एवं मालिकाना हक के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद सभी आपत्तियां शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी। जरिये अधिवक्ता (अनुभव शर्मा, एडवोकेट) मो. 9352322251/9829522251

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र नीरज कुमार योगी व पुत्रवधु किरण योगी पत्नि नीरज कुमार योगी हमारे कहने में नहीं है इसलिए हम रमेश चन्द योगी पुत्र स्व. कन्हैयालाल व मंगली देवी पत्नि श्री रमेश चन्द योगी हमारे पुत्र नीरज कुमार योगी व पुत्रवधु किरण योगी को हमारी स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की सभी प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति, जमीन-जायदाद से बेदखल करते है।

रमेश चन्द योगी व मंगली देवी

# भाईदूज का पर्व मनाने जा रहे भाई-बहन और मां की सड़क हादसे में मौत

## बाइक पर सवार होकर भवानीमंडी से चेचट भाईदूज का पर्व मनाने जा रहे थे



हादसे में कार और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

- स्कॉर्पियो कार और बाइक की आमने-सामने तेज भिड़ंत होने से हादसा हुआ

**रामगंजमंडी,** (निसं)। भवानीमंडी से चेचट भाईदोज का पर्व मनाने आ रहे बाइक पर सवार एक ही परिवार के तीनों सदस्यों भाई-बहन और मां की एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं कार में बैठे दूसरे परिवार की एक महिला को मामूली चोट आई है। हादसे में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक लड़की और महिला को रामगंजमंडी सीएचसी से झालावाड़ रैफर किया। जिन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा उंडवा और बंदा गाँव के बीच पेट्रोल पंप के पास हुआ है।

जानकारी के अनुसार सुबह 10:30 बजे उंडवा रोड पर एक बाइक पर तीन जने रामगंजमंडी की ओर आ रहे थे। वहीं एक स्कॉर्पियो कार रामगंजमंडी से मध्यप्रदेश की ओर जा रही थी। अचानक कार और बाइक की आमने सामने तेज भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक ड्राइवर हितेश मेवाडा उर्फ़ पिंटू की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर मृतक की बहन पूजा और माँ कमलेश भी बैठी थी जो गंभीर रूप से घायल हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को सीएचसी पहुँचाया। गंभीर हालत में दोनों मां-बेटियों को झालावाड़ एसआरजी भेजा गया। जहां महिला कमलेश और उसकी बेटी पूजा मेवाडा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक हितेश का पोस्टमार्टम रामगंजमंडी और दोनों मां-बेटियों का पोस्टमार्टम झालावाड़ किया जा रहा है। पुलिस ने कार को जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में लिया है। वहीं कार में एक महिला घायल का भी रामगंजमंडी हॉस्पिटल में इलाज़ चल रहा है।

दो साल पहले ही हितेश के पिता बगदीराम का भी हार्टअटैक आने से निधन हो गया था। इसके बाद बड़े बेटे हितेश मेवाड़ा पर घर की जिम्मेदारी आ गई थी। जो भवानीमंडी में एक निजी कंपनी में काम करता है। वहीं छोटा भाई सिद्धार्थ कोटा में एक निजी कंपनी में काम करता है और कोटा ही रहता है। दोनों भाइयों की इसी साल शादी करने की तैयारी चल रही थी। दीपावली पर छोटा भाई सिद्धार्थ अपने घर पर आया था। सभी ने मिलकर दीपावली मनाई थी। कंपनी का काम आने से कल यानी मंगलवार को सिद्धार्थ कोटा चला गया। बुधवार को भाई दूज मनाने के लिए सुबह मृतक कमलेश हितेश और पूजा बाइक से दाहोद आ रहे थे।इसी दौरान हादसा हो गया।अब परिवार में सिद्धार्थ ही बचा है जो घटना की जानकारी के बाद कोटा से सीधा झालवाड़ पहुंचा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक्सीडेंट इतना भयानक हुआ कि बाइक टक्कर के बाद उस पर बैठी महिला 20 फीट दूर हवा में उछल कर खेत पर गिरी। वहीं एक लड़का और एक लड़की कार के टायर चढ़ने से गंभीर घायल हुए। हादसे के दौरान एक की मौके पर ही मौत हो गई थी। सीआई मनोज कुमार ने बताया कि हितेश मेवाड़ा अपनी मां कमलेश और बहन पूजा के साथ सुबह 9 बजे अपने घर भवानीमंडी पचपहाड़ से निकले थे। जो भाईदूज पर अपने मामा चेचट क्षेत्र के दाहोद गांव जा रहे थे। इस दौरान रास्ता में यह हादसा हुआ।

# मोबाइल चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सवा दस लाख रुपए के 41 मोबाइल बरामद किये


अजमेर में पुलिस ने जायरीन की भीड़ में जेब काटने और मोबाइल चोरी करने वाली गैंग पकड़ी।

- पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, महंगे मोबाइल किसे बेचते थे, पता लगाया जा रहा है

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर पुलिस ने दरगाह ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की जियारत करने आने वाले जायरीन की भीड़ में जेब काटने और मोबाइल चोरी करने वाली गैंग को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 41 मोबाइल बरामद किये हैं, जिनका मूल्य करीब सवा दस लाख रुपए आंका गया है। अजमेर दरगाह थाना पुलिस ने जुलाई माह से अभी तक मोबाइल चोर गैंग के कब्जे से कुल 241 चोरी के मोबाइल बरामद कि है जिनकी कीमत 61.75 लाख बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों से आगे पूछताछ कर रही है। आरोपित विभिन्न कंपनियों के इतने महंगे मोबाइल आगे किन्हें बेचा करते थे, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महमूद खां के सुपरवीजन में गठित टीम ने दरगाह परिसर तथा आस पास के सी.सी.टी.वी. कैमरों के फुटजे लेकर तकनीकी सहायता से विश्षण किया गया। पूर्व के चोरी में चालानशुदा अभियुक्तों तथा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से गहन पूछताछ की। निरन्तर निगरानी कर संग्रहित गिरोह का सुराग लगा कर आरोपी मालदा पश्चिम बंगाल निवासी अब्दुल रउफ, नयन इफ्तकार उर्फ सालेजर, आमीर खान, शादाब शेख, मोहम्मद फाजिल, नौशाद आलम इन छह आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपितों ने मोबाइल चोरी की वारदात करना स्वीकार करने पर इनके कब्जे से 41 विभिन्न कम्पनियों के कीमती मोबाइल फोन बरामद किये जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि टीम द्वारा माह जुलाई से अब तक करीब 241 कीमती मोबाइल कीमत लगभग 61.75 लाख के फोन बरामद कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जा चुका है। गिरफ्तारशुदा मुल्जिमों से गहनता से पूछताछ जारी है। जिनसे अन्य साथियों और मोबाइल फोन बेचने के बारे में जानकारी की जा रही है। इनसे और मोबाइल फोन बरामद होने की संभावना है।

# जालोर-सांचोर में भाजपा व कांग्रेस पर बागी भारी, पार्टी प्रत्याशियों को सता रहा डर

- जालोर में चतुष्कोणीय मुकाबला होने से निर्दलीय, भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के गणित बिगाड़ने का कार्य कर रहे हैं
- सांचोर विधानसभा क्षेत्र में भी चतुष्कोणीय मुकाबला होने से इस क्षेत्र में चार धुरंधर नेताओं की साख दांव पर लगी है

**जालोर,** कासं)। विधानसभा चुनाव को लेकर जालोर व सांचोर में भाजपा व कांग्रेस के बागी उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरने से दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। वहीं भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी पर बागी उम्मीदवार भारी पड़ते नजर आ रहे हैं। ऐसे में इस बार इस क्षेत्र से परिणाम चौकाने वाले आ सकते हैं।

विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी रण में डटे प्रत्याशी गांव-गांव ढाणी-ढाणी मत व समर्थन मांगते नजर आ रहे है। प्रतिदिन भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी सुबह से शाम तक चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। ऐसे में इस बार बागी चुनाव मैदान में होने से भाजपा व कांग्रेस दोनों का समीकरण बिगाड़ने का कार्य कर रहे हैं। जालोर व सांचोर विधानसभा क्षेत्र में इस बार कांग्रेस व भाजपा को बागी उम्मीदवार से सीधा मुकाबला करना पड़ रहा है। जालोर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने बाहरी प्रत्याशी रानीवाडा की पूर्व प्रधान रमिला मेघवाल को टिकट देने के बाद पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल व पूर्व प्रत्याशी मंजू मेघवाल ने पार्टी से बगावत करते हुए पूर्व विधायक रामलाल निर्दलीय चुनाव रण में उतरने से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मुसीबत बने हुए हैं। रामलाल 1990 से लगातार इस क्षेत्र से चुनाव लड़ते आये हैं तथा आमजन में काफी चर्चित होने से चुनाव प्रचार के दौरान भी उनको भारी समर्थन मिलने से कांग्रेस प्रत्याशी को सीधा नुकसान उठाना पड़ सकता है। वहीं भाजपा ने जोगेश्वर गर्ग को टिकट देने पर महिला मोर्चा की जिला मंत्री पवनी मेघवाल ने बगावत करते हुए निर्दलीय पर्चा भरा। पवनी के निर्दलीय पर्चा भरने से भोमिया राजपूत सहित स्वर्ण वोटर उसका साथ जरूर दे रहे हैं। ऐसे में पवनी भी कुछ हद तक भाजपा प्रत्याशी को कुछ नुकसान पहुंचने का प्रयास जरूर कर रही हैं। जालोर में चतुष्कोणीय मुकाबला होने से निर्दलीय, भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के गणित बिगाड़ने का कार्य कर रहे हैं।

वहीं सांचोर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने सांसद देवजी पटेल को टिकट देने से पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी व पूर्व प्रत्याशी दानाराम चौधरी ने बगावत करते हुए पूर्व विधायक जीवाराम ने निर्दलीय ताल ठोकने से देवजी पटेल के लिए मुसीबत बन गये हैं। जीवाराम सांचोर में चौधरी समाज में दबदबा रखते हैं तथा जीवाराम व दानाराम एक होने से देवजी पटेल की राह मुश्किल होती नजर आ रही है। वहीं कांग्रेस ने पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई को टिकट देने से नाराज कांग्रेस के पूर्व प्रधान डॉ. शमशेर अली ने भी बगावत करते हुए निर्दलीय नामांकन दाखिल करने से मुस्लिम वोटर व एससी-एसटी वोटर के भरोसे बसपा से चुनाव लड़ने से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मुसीबत कर कारण बन गये हैं। ऐसे में शमशेर अली के बसपा से खड़ा होने से कांग्रेस प्रत्याशी को भी पसीना बहना पड़ रहा है। शमशेर अली भी भाजपा व कांग्रेस को टक्कर देते नजर आ रहे है। वही सांचोर में बढ़ते क्राईम व एक ही जाति के चुनावी रण में खड़े होने से नाराज मतदाता इस बार परिवर्तन के मुड में नजर आ रही है। ऐसे में सांचोर विधानसभा क्षेत्र में भी चतुष्कोणीय मुकाबला होने से इस क्षेत्र में चार धुरंधर नेताओं की साख दांव पर लगी हुई है। वहीं भाजपा ने बागी जीवाराम व पवनी को पार्टी से निष्कासित कर दिया हैं। वहीं जालोर व सांचोर विधानसभा क्षेत्र में इस बार बागी प्रत्याशी भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों का समीकरण बिगाडा सकते है। इस क्षेत्र से परिणाम चौकाने वाले जाये तो कुछ कोई कहा नहीं जा सकता है। लेकिन बागी प्रत्याशी के प्रचार को देखते हुए भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मुसीबत बने हुए हैं।

# हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

## नाइजीरियन सप्लायर से मिली सूचना की जांच में जुटी पुलिस

- आरोपी सप्लायर को पुलिस कोर्ट में पेश करेगी
- एक करोड़ चालीस लाख का हेरोइन (चिट्टा) बरामदगी प्रकरण

**हनुमानगढ़,** (निसं)। करीब एक करोड़ चालीस लाख रुपए कीमत की हेरोइन (चिट्टा) बरामदगी मामले में गिरफ्तार नाइजीरियन मूल के सप्लायर से पुलिस को नशे की खरीद-फरोख्त के संबंध में अहम जानकारी मिली है। अब टाउन थाना पुलिस की विशेष टीम आरोपी सप्लायर से मिली सूचना की तस्दीक करने में जुटी हुई है। सप्लायर पाब्लो से मिली सूचना के बाद टाउन पुलिस ने प्रेमनगर निवासी बाबू नामक चिट्टा तस्कर को गिरफ्तार किया। नाईजीरियन मूल का आरोपी पाब्लो उर्फ पिटर पुत्र जॉन निवासी लोगास सिटी, नाईजीरिया हाल किराएदार विपिन गार्डन 55 फीट रोड गली, दिल्ली पांच दिन के पुलिस रिमांड पर है। पुलिस उसको रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश करेगी।

पुलिस के अनुसार पाब्लो के मोबाइल फोन तथा उससे पूछताछ में चिट्टे की खरीद करने वाले तस्कर तथा पेड्डलर के संबंध में अहम सुराग हाथ लगे हैं। अब उन सूचनाओं की तस्दीक की जा रही है। इसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में गिरफ्तार मुख्य आरोपी प्रकाश भाट (32) पुत्र बनवारीलाल भाट निवासी वार्ड 46, बरकत कॉलोनी, टाउन को पुलिस ने आठ नवम्बर को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया था। एसपी डॉ. राजीव पचार ने नाइजीरियन सप्लायर पाब्लो उर्फ पीटर को विशेष प्रयासों से गिरफ्तार करने में अहम भूमिका निभाने वाले 11 पुलिसकर्मियों को 99 हजार रुपए की पुरस्कार राशि तथा प्रशंसा पत्र दिए थे।

गौरतलब है कि गौरतलब है कि तीन नवम्बर को प्रकाश भाट को रेलवे स्टेशन के पास से 700 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया था। जब्त चिट्टे की कीमत निर्वाचन विभाग के मापदंडों के अनुसार करीब करोड़ 40 लाख रुपए आंकी गई। पूछताछ के दौरान आरोपी प्रकाश भाट ने नाईजीरियन मूल के आरोपी से चिट्टे की खरीद की बात स्वीकारी। पाब्लो पीटर की सप्लायर के रूप में संलिप्तता सामने आने के बाद उसे दिल्ली से दबोचा गया। वह इलाज के बहाने तीन माह पहले भारत आया तथा तस्करी करने लगा।

# महंगाई के साथ-साथ हर तरह से केंद्र सरकार विफल साबित हुई है : तिवारी

**जोधपुर,** (कासं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जनता के साथ वादाखिलाफी वाली राजनीति की है। महंगाई से लेकर से हर तरह से केंद्र सरकार विफल साबित हुई है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जनता का दर्द समझते हुए कई योजनाओं को लागू किया और राहत प्रदान की है। वे आज जोधपुर प्रवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जनता से कई वादे कि मगर पांच साल बाद भी महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी बढ़ी है, ओपीएस का लागू नहीं करने दिया। मगर गहलोत ने इन सबके उलट जनता का दर्द समझते हुए उन्हें राहत प्रदान की है। राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद तिवारी ने प्रेसवार्ता में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जुबानी हमले करते हुए कहा कि आज राजस्थान में पेयजल की सबसे बड़ी समस्या है, यहां जोधपुर से केन्दीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत है मगर आज भी पेयजल की समस्या बनी है। करोड़ों का पैकेज देने की बात केंद्र से हुई थी, मगर आज तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस चार राज्यों में अपनी सरकार बनाएगी।

# जेल में बंदी की हत्या

**बीकानेर,** (निसं)। बीती रात बीकानेर की सेन्ट्रल जेल में एक बंदी की हत्या कर दी गई। यह हत्या किसी और ने नहीं बल्कि दूसरे बंदी ने की है। हमले में घायल हुए बंदी को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि इन दोनों ही बंदियों के बीच लम्बे समय से तनातनी चल रही थी। इस बीच देर रात एक बंदी बुधराम ने दूसरे बंदी मोहम्मद साजिद हुसैन पर ईंट से हमला कर दिया।

# किशोर से किया कुकर्म

- परिजनों ने थाने में पॉक्सो में केस दर्ज कराया

**जोधपुर,** (कासं)। जिला पूर्व के एक हलके में एक किशोर को बहला-फुलसाकर बाइक पर ले जाकर तीन लोगों ने कुकर्म किया। पीड़ित ने घर आकर जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और केस दर्ज करवाया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। संदेह के आधार आरोपियों को पकड़ा गया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार की शाम को एक हलके में 17 साल के किशोर को तीन जने अपनी बाइक पर बहला-फुसलाकर ले गए। जहां एक जगह पर गाड़ी को रोककर किशोर से बारी बारी कुकर्म किया गया। पीड़ित किशोर ने घर आने के बाद इस बारे में अपने परिजन को जानकारी दी तब वे थाने पहुंचे और पॉक्सो में केस दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि संदेह के आधार पर तीन लोगों को लाया गया है, जिनसे पूछताछ चल रही है।

# सैलानियों से गुलजार हुई पर्यटन नगरी जैसलमेर

- दीपावली के दिन से ही जैसलमेर में सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी थी, हर ओर टूरिस्ट ही नजर आ रहे हैं

**जैसलमेर,** (निसं)। दीपावली के त्यौहार के साथ ही वेकेशन पर आए गुजरातीयों से गोल्डन सिटी जैसलमेर गुलजार हुई है। दीपावली के दिन से ही जैसलमेर में सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी थी। हर ओर टूरिस्ट ही नजर आ रहे हैं। टूरिज्म से जुड़े कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। ज्यादातर सैलानी गुजरात से आए हैं।

दीवाली सीजन में ये शहर गुजरातीयों से आबाद है। भीड़ इतनी हो गई है कि पर्यटन स्थलों पर जाम सा लग गया है। सोनार किले में जाने वाला रास्ता ही जाम हो गया। सैलानियों ज्यादातर गुजराती हैं। दरअसल दीपावली सीजन में लंबे वेकेशन मिलने पर गुजराती घूमने निकल पड़ते हैं और गोल्डन सिटी को आबाद करते हैं। गुजरातीयों की आवक से जैसलमेर के टूरिस्ट बिजनेस से जुड़े लोगों के साथ स्थानीय निवासी भी बेहद खुश हैं।

जैसलमेर के पर्यटन स्थलों पर इन दिनों सैलानियों की भीड़ है। सबसे ज्यादा गुजरात से टूरिस्ट आ रहे हैं। सोनार किला, गड़ीसर सरोवर, पटवा हवेली आदि स्थानों पर अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। भीड़ इतनी है कि पर्यटन स्थलों पर जाम लग गया है। सोनार दुर्ग जाने वाला रास्ता तो हर सुबह जाम हो ही जाता है।

दरअसल दीपावली के बाद से ही गुजराती पर्यटकों का फ्लो बढ़ गया है। गुजरात से आए सैलानियों का कहना है कि दीपावली से गुजरात में छुट्टियां हो जाती हैं। लाभ पंचम तक हम लोग घूमने निकल जाते हैं। जैसलमेर को इंडिया का नंबर वन टूरिस्ट प्लेस मानते हैं। ऐतिहासिक शहर के पीले पत्थर और उनसे बनी हवेलिया और किले सबको अपनी ओर खींचते हैं। सैलानियों ने बताया कि जैसलमेर जैसी शांत और प्यारी जगह कहीं नहीं देखी। सोने जैसी पीली नगरी और इसकी रेत यहां खींच लाई है। हम यहां रेत के टीलों पर कैमल राइडिंग करेंगे। साथ ही भारत-पाकिस्तान बॉर्डर स्थित तनोट माता मंदिर के दर्शन करेंगे। उनके परिवार की इच्छा है कि वे भारत-पाकिस्तान बॉर्डर भी देखें।

# माउंट आबू में प्रदेश के सबसे ऊंचे गांव "शेरगांव" में पहली बार पोलिंग बूथ स्थापित

## पोलिंग पार्टी को भी पन्द्रह किमी पैदल रास्ता तय कर जाना पड़ेगा बूथ पर

- बाडमेर और जैसलमेर जिले में केवल एक परिवार के लिए पोलिंग बूथ बनाया है

**जालोर,** (कासं)। प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए अगले सप्ताह 25 नवंबर को मतदान होगा। इस बार निर्वाचन विभाग ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग इनोवेशन कि हैं। इसी क्रम में बाडमेर और जैसलमेर जिले में केवल एक परिवार के लिए पोलिंग बूथ बनाया है। सिरोही जिले के माउंट आबू में प्रदेश के सबसे ऊंचे गांव में इस बार नया बूथ स्थापित किया है। बाडमेर में चार बूथ ऐसे हैं, जहां 100 से भी कम वोटर हैं।

प्रदेश में विधानसभा चुनाव 25 नवम्बर को सम्पन्न होंगे। वहीं निर्वाचन आयोग ने इस बार मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए किसी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। बाड़मेर जिले के पारा गांव में 35 वोटर्स के लिए पोलिंग बूथ बनाया गया है। वही भारत-पाक बॉर्डर से सटे बाड़मेर जिले में कई गांवों के बीच बहुत ज्यादा दूरी है। वहां वोटिंग बढ़ाने के लिए इस बार 20 बूथों का इजाफा किया गया है। शिव विधानसभा के बाड़मेर का पार बूथ एक फैमिली के लिए बनाया गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में इस बूथ पर 27 वोटर थे, जो इस बार बढ़कर 35 हो गए हैं। शिव विधानसभा क्षेत्र में दो, बाड़मेर में पांच, गुड़ामालानी में पांच और चौहटन में आठ नए बूथ बनाए गए हैं। जिले में सबसे कम वोटर वाला बूथ शिव विधानसभा क्षेत्र बूथ संख्या 201 बाड़मेर का पार है। यहां के लोगों का कहना है कि पहले 20 किलोमीटर दूर जाकर वोट डालना पड़ता था, लेकिन इस बार हमारे लिए आसान होगा। बूथ हमारे घर के पास ही बना गया है, इसलिए बुजुर्ग लोग भी वोट कर सकेंगे।

एक वोटर नसीर बताते हैं कि यहां अब पहले से अच्छी सुविधा है। पांचवीं तक स्कूल और पानी की भी व्यवस्था है। खुशी की बात है कि बूथ यहां बना है। नसीर बताते हैं पिछली बार हमारे परिवार के 27 लोगों ने वोटिंग की थी। इसके लिए हमें 20 किलोमीटर दूर पैदल ही जाना पड़ा था। बाडमेर के इस गांव में सभी मतदाता एक ही परिवार के हैं। ग्रामीण सत्तार का कहना है कि बहुत खुशी होती है। जब घर के नजदीक वोट देने के लिए जाते हैं। पहले 15-20 किलोमीटर तक जाकर वोट करना पड़ता था। इससे कई वोटर वंचित हो जाते थे। अब बूथ नजदीक होने से सौ फीसदी पोलिंग होगी। सत्तार का कहना है कि उनके दादा की तीन संतान हैं। तीन बेटों के परिवार में अब वोट डालने वाले सदस्यों की संख्या 35 हो गई है। इसमें 18 पुरुष और 17 महिलाएं हैं। पिछले चुनाव में 27 वोटर थे। अब इस बार 8 वोटर बढ गये हैं। 2008 के विधानसभा चुनाव में हमारे परिवार के लिए एक मोबाइल बूथ बनाया गया था।

वही सिरोही जिले का शेरगांव है। जहां पहली बार पोलिंग बूथ बनाया गया है। प्रदेश में पहली बार सबसे ऊंचे स्थान माउंट आबू (सिरोही) के शेरगांव में बूथ बनाया गया है। इस गांव से करीब 117 वोटर रजिस्टर्ड हैं, लेकिन यहां तक पहुंचना आसान नहीं है। ये पोलिंग बूथ प्रदेश के एक मात्र हिल स्टेशन माउंट आबू से करीब 15 किलोमीटर दूर है। यहां तक पहुंचने के लिए माउंट से सबसे ऊंचे गुरु शिखर की तरफ जाना पड़ता है। करीब 15 किलोमीटर का पूरा रास्ता पथरीला और उबड-खाबड है। पोलिंग बूथ पार्टी को भी पन्द्रह किमी पैदल रास्ता तय कर जाना पड़ेगा।

रिटर्निंग अधिकारी सिद्धार्थ पालानीचामी ने बताया कि दो महीने पहले ही यहां के गांव के लोगों को ट्रेनिंग दी गई थी, उस समय टीम को कच्चे रास्तों से होकर यहां तक पहुंचना पड़ा था। यहां वोटिंग के लिए 25 नवंबर को हमारी टीम को सबसे पहले रवाना किया जाएगा। ताकि समय पर पोलिंग बूथ पर पहुंच जाये। पोलिंग पार्टी को 15 किमी पैदल चलकर ही गांव जाना होगा। वहीं बॉर्डर से सटे जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 100 किमी दूर भी एक ऐसा ही मतदान बूथ इस बार बनाया गया है, जहां केवल 35 वोटर हैं। पारुराम भील की ढाणी में 35 लोगों का परिवार है। ये सभी एक ही खानदान से हैं। वीरू राम (80) इस परिवार के मुखिया हैं। उनके साथ इस पर इस परिवार का भरता राम (18) पहली बार मतदान का प्रयोग करेगा।

बूथ के बीएलओ जिले सिंह ने बताया कि ये बूथ सम इलाके से करीब 45 किमी दूर है। परिवार के सभी सदस्य खेती और पशुपालन करते हैं। विधानसभा चुनाव- 2018 से पहले यहां के वोटर एक किमी दूर नहरी इलाके में 196 आरडी पर एक अस्थायी बूथ पर बड़ी मुश्किल से वोट डालने जाते थे। लेकिन अब इसी ढाणी के स्कूल में ही बूथ बना दिया गया है। जैसलमेर के पारू की ढाणी में इस जगह पर एक परिवार के लिए वोटिंग बूथ बनाया जाएगा।

आमतौर पर करीब 1500 वोट पर ही बूथ बनाया जाता है। लेकिन जैसलमेर के क्षेत्रफल को देखते हुए पटवारी-तहसीलदार की रिपोर्ट पर एसडीएम और कलेक्टर ने अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। कलेक्टर ने निर्वाचन आयोग को विशेष परिस्थितियों का हवाला देते हुए बूथ निर्माण का अनुरोध किया था। इसी अनुरोध पर इस बूथ का निर्माण हुआ। ये जिले का बूथ नंबर-195 है, जहां 35 वोटर ही हैं। रिटर्निंग अधिकारी के मुताबिक यहां वोटिंग के लिए एक ईवीएम मशीन लगेगी।

# जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा में लाने के हो अधिकाधिक प्रयासः राज्यपाल

## राजभवन में ''जनजातीय गौरव'' दिवस आयोजित हुआ

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि जनजातीय समुदाय को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए सभी को मिल कर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ा समाज है। राष्ट्र के लिए उनका जो योगदान रहा है, उसे बड़े स्तर पर रेखांकित करने के भी अधिकाधिक प्रयास होने चाहिए। उन्होंने आदिवासी कला, संस्कृति व शिल्प वैभव से जुड़े कार्यों और प्रकृति संरक्षण से जुड़ी उनकी परंपराओं को संरक्षित करने के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाने का आह्वान किया।

मिश्र बुधवार को राजभवन में जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग द्वारा आयोजित ''जनजातीय गौरव दिवस'' और सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि

- **राज्यपाल मिश्र ने कहा कि जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए देशभर में कार्य हो रहे हैं, लेकिन अभी इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की जरूरत है**
- **'स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति क्षेत्र के लोगों का महती योगदान रहा है। इस योगदान के अनछूए पहलुओं को भी अधिकाधिक सामने लाने के प्रयास होने चाहिए'**

जनजातीय समुदाय की युवा प्रतिभाओं के विकास के लिए अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के उत्थान और उनके विकास की सामूहिक सोच को केंद्र में रखते हुए देश में 15 नवम्बर को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया है।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए देशभर में कार्य हो रहे हैं, लेकिन अभी इस दिशा में और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने जनजातीय समुदाय की प्रकृति संरक्षण से जुड़ी परंपराओं से सीख लेने और उनके क्षेत्र के उत्पादों को उपयोग में लेकर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने की भी आवश्यकता जताई। मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति क्षेत्र के लोगों का महती योगदान रहा है। इस योगदान के अनछूए पहलुओं को भी अधिकाधिक सामने लाने के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के लोगों से संवाद कर उनके अतीत के गौरव को उजागर करने, वहां शिक्षा के प्रभावी प्रसार और उनके कल्याण की योजनाओं के व्यावहारिक क्रियान्वयन के लिए सार्थक प्रयास किए जाने पर जोर दियाइससे पहले मिश्र ने जनजातीय क्षेत्र के उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बाद में उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित वनधन विकास केंद्रों, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के उत्कृष्ट कर्मियों, जनजातीय कलाकारों, जनजाति विभाग के विद्यालय और आवासीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं तथा मां-बाड़ी केंद्रों के चयनित स्वास्थ्य और शिक्षाकर्मियों को ''जनजातीय गौरव'' पुरस्कार से सम्मानित किया।

इस अवसर पर जनजातीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता ने जनजातीय गौरव दिवस के महत्व और राजस्थान में जनजातीय समुदाय के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले सेनानियों के बारे में अवगत कराते हुए जनजातीय विकास विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल को आदिवासियों के भगवान कहे जाने वाले बिरसा मुंडा का चित्र भी भेंट किया।

राजभवन के पूर्व सलाहकार लियाकत हुसैन ने पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं और जनजातीय गतिविधियों के बारे में बताया। राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल, जनजातीय विभाग के आयुक्त ताराचंद मीना सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और वन धन केंद्रों के सदस्य उपस्थित रहे।

# 10 प्रतिभाओं को अहिंसा सेवा सम्मान




प्राकृतिक चिकित्सालय बापू नगर और राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय की ओर से बापू नगर स्थित प्राकृतिक चिकित्सालय के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जयपुर, (का.सं.)। प्राकृतिक चिकित्सालय बापू नगर और राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय के संयुक्त तत्वाधान में जयपुर अहिंसा फेस्टिवल 2023 बापू नगर स्थित प्राकृतिक चिकित्सालय के सभागार में आयोजित किया गया। प्राकृतिक चिकित्सालय के अध्यक्ष आई.सी. अग्रवाल, सचिव कुल भूषण बैराठी, पदमश्री डी. आर. मेहता आदि के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में 10 प्रतिभाओं को अहिंसा सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

संस्थापक कमल लोचन ने बताया कि फेस्टिवल के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास, पशु पक्षी सेवा, अहिंसक चिकित्सा, श्रेष्ठ साहित्य, एनिमल केयर, मानव स्वास्थ्य, अल्टरनेटिव चिकित्सा से संबंधित 13 स्टॉल्स लगाई गई थी, ताकि सभी वर्गों को अहिंसा के महा अभियान से जोड़ा जा सके। अहिंसा फेस्टिवल के अलग-अलग पांच सत्रों में एनिमल वेलफेयर एक्टिविस्ट, पशु चिकित्सक, समाज सेवी, संस्थाएं, अहिंसा-शाकाहार के विशेषज्ञ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, अहिंसा, शाकाहार, वाइल्डलाइफ से संबंधित निबंध, फोटोग्राफी, पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल में बच्चों ने नाटक प्रस्तुत अहिंसा के लिए, एकल नाटिका, कविता पाठ और वाद विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। तीसरा अहिंसा फेस्टिवल 2023 दैनिक जीवन और अहिंसा थीम पर आयोजित हुआ। फेस्टिवल के अलग-अलग सत्रों को पद्मश्री डी. आर.मेहता प्राकृतिक चिकित्सालय के आई.सी. अग्रवाल सहित कुलभूषण बैराठी, सुरेंद्र जैन बढ़जात्य, राकेश निहाल, निर्मला शर्मा, देवेंद्र मोहन माथुर, आर के अग्रवाल आदि विशेषज्ञों ने संबोधित किया।

# चुनाव कार्य में नियुक्त कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्रों से मतदान कल से

जयपुर, (का.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव की ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि के द्वारा डाक मतपत्र से मतदान करने हेतु जयपुर जिले में कुल 19 विधानसभा क्षेत्रों एवं अन्य जिलों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 67 मतदान बूथ स्थापित किये गए हैं। इन केंद्रों पर 17 नवंबर से 24 नवंबर तक विभिन्न दिवसों पर मतदान किया जा सकेगा।

राजपुरोहित ने बताया कि जयपुर शहर में बनाए गए प्रशिक्षण केन्द्र पटेल भवन, नेहरू भवन, इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, महाराजा संस्कृत कॉलेज पोद्दार इंस्टीट्यूट,

- **जयपुर जिले के विभिन्न स्थानों पर स्थापित होंगे सुविधा केन्द्र**

जवाहर कला केन्द्र, खेतान कॉलेज, कृषि संस्थान दुर्गापुरा, बिरला ऑडिटोरियम एवं कानोडिया कॉलेज में जयपुर जिले की 19 विधानसभा क्षेत्रों हेतु 17 एवं अन्य जिलों हेतु 10 मतदान बूथ स्थापित किये गए हैं। इन बूथों पर 17 नवंबर से 21 नवंबर तक मतदान किया जा सकेगा। इसी प्रकार जयपुर ग्रामीण स्थित प्रशिक्षण केन्द्र जमवारामगढ़, विराटनगर, कोटपूतली, शाहपुरा, चाकसू, फुलेरा, चौमूं, दूदू एवं बस्सी पर जयपुर जिले की 19 विधानसभा क्षेत्रों हेतु 9 एवं अन्य जिलों हेतु 9 मतदान बूथ स्थापित किये गए हैं। इन बूथों पर 17 नवंबर से 19 नवंबर तक मतदान किया जा सकेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सुविधा केन्द्र रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल, पुलिस अकादमी, पुलिस यातायात कार्यालय यादगार, रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर ग्रामीण जलमहल, होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर एमआई रोड, आरएसी बटालियन 4वीं एवं 13वीं चैनपुरा एवं आरएसी बटालियन 5वीं घाटगेट में 21 नवंबर से 22 नवंबर, 2023 तक मतदान किया जा सकेगा। इन केन्द्रों पर जयपुर जिले की 19 विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए 8 एवं अन्य जिलों के मतदाताओं के लिए भी 8 मतदान बूथ स्थापित किये गए हैं। वहीं, मतदान दलों के रवानगी स्थल भवानी निकेतन महाविद्यालय, जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी एवं राजस्थान महाविद्यालय में 24 नवंबर तक चुनाव ड्यूटी में नियोजित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मतदान किया जा सकेगा। इन सुविधा केन्द्रों में मतदाता की स्वयं की विधानसभा हेतु 3 एवं अन्य जिलों के मतदाताओं हेतु 3 मतदान बूथ स्थापित किये गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि उक्त सुविधा केन्द्रों के अतिरिक्त प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी स्वयं के कार्यालय में एक सुविधा केन्द्र 22 से 24 नवंबर तक स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

## पुलिस पर्यवेक्षक से आमजन कर सकते हैं मुलाकात

जयपुर, (का.सं.)। आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान पुलिस पर्यवेक्षक गौरव शर्मा से प्रत्याशी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं आमजन संपर्क एवं व्यक्तिगत मुलाकात कर चुनाव संबंधी समस्या, सुझाव, आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी साझा कर सकते हैं।

शर्मा से जयपुर स्थित सर्किट हाउस के कमरा नंबर 120 में प्रतिदिन सांय 4:30 से 5:30 बजे तक व्यक्तिगत मुलाकात की जा सकती है, साथ ही, मोबाइल नंबर 9460848657 पर भी संपर्क किया जा सकता है। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गौरव शर्मा को दूदू, बगरू, बस्सी, चाकसू, फुलेरा एवं सांगानेर विधानसभा क्षेत्रों के लिए पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

## 'जनता की मांग व जरूरत के हिसाब से करूंगा काम'

जयपुर, (का.सं.)। आम आदमी पार्टी विद्याधर नगर विधानसभा के प्रत्याशी डॉ. संजय बियानी लगातार जनता से संवाद बनाये हुए है और जनसंपर्क के दौरान रोजाना हजारों आम जनता और कार्यकर्ताओं से मिलकर वे जन-जन से विजय भव का आशीर्वाद ले रहे हैं। वे एक आम नागरिक की भाती निस्वार्थ भाव से जनसेवा कर क्षेत्र का विकास करने के लिए पूर्णत: तैयार है। वहीं बुधवार को डॉ. संजय बियानी ने अपने जनसंपर्क की शुरुआत विद्याधर नगर वार्ड नंबर 21 स्थित राधा गोविन्द मंदिर में भगवान के दर्शन के साथ की, और विधानसभा क्षेत्र झोटवाड़ा के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया।

उन्होंने जनता से आव्हान किया कि वे इस बार विद्याधर नगर विधानसभा में बदलाव का हिस्सा बनें। मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि बदलाव कैसे आता है, यह मैं आपको करके दिखाऊंगा। उन्होंने हाथ जोड़कर भावुक होते हुए समर्थन की मांग की।

समर्थकों ने बताया कि डॉ. संजय बियानी और उनकी टीम डोर टू डोर विद्याधर नगर के अलग अलग वार्ड व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इस कड़ी में अभी तक झोटवाड़ा, भोमिया नगर, विकास नगर, अंबाबाड़ी सर्किल, शिव नगर, दादी का फाटक, मचेड़ा गांव, जोशी मार्ग, कांटा पंखा, पंचमुखी मंदिर, नारायणपुरी पार्क, बाबा रामदेव मंदिर, आर्य नगर, विकेआई, खातीपुरा पुलिया, जोड़ला पावर हाउस और हरमाड़ा सहित कई वार्डों में जनसंपर्क किया और आम जनता की समस्याओं को समझने की कोशिश की। वहीं मतदाताओं ने भी आप प्रत्याशी डॉ. संजय बियानी के प्रति समर्थन जताया और उन्हें वोट देने का भरोसा दिया।

## 'युवा पीढ़ी में सनातन को लेकर बढ़ रही रूचि'

जयपुर। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक पर्व भाई दूज के अवसर पर आज विधानसभा परिवार की बहनों ने तिलक लगाकर विजयी होने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान टीला नंबर 1, जवाहर नगर और टीला नंबर 5, वार्ड नंबर 96, जवाहर नगर में विधिवत पूजा-अर्चना करके चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय पार्षद, बूथ अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्तागणों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। आदर्श नगर विधानसभा में कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी रवि नैय्यर ने कहा कि पूरी विधानसभा से जन जन का विशेष प्यार और स्नेह मिल रहा है, इस स्नेह को पाकर मैं अभिभूत हूं और निःशब्द हूं। इस दौरान आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के टीला नंबर 3, कच्ची बस्ती, जवाहर नगर में जनसंपर्क के दौरान जनता-जनार्दन से सीधा संवाद किया और लोगों से सुशासन के लिए कमल खिलाने की अपील की।

## अन्तर्राष्ट्रीय मेले में भारतीय जीवन बीमा निगम की स्टाल का उद्घाटन

जयपुर, (का.सं.)। प्रगति मैदान में आयोजित 42 वें अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज भारतीय जीवन बीमा निगम के स्टाल का उद्घाटन निगम के कार्यकारी निदेशक (निगमित सम्प्रेषण) आदित्य गुप्ता ने किए। इस विशेष अवसर पर उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक जे.पी.एस.बजाज एवं उत्तर क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

14 दिनों तक चलने वाले व्यापार मेले में निगम के स्टाल पर आने वाले आगन्तुकों को निगम की पॉलिसियों से सम्बंधित सभी जानकारियों के साथ-साथ निगम में एजेंट के रूप में अपना करियर बनाने संबंधित जानकारी भी दी जायेगी। साथ ही गिम की ई-सर्विस एवं ऑनलाइन सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जायेगी।

इस वर्ष एलआईसी अपनी 67वीं वर्षगांठ मना रहा है। निगम ने हमेशा ही देश के एक प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में सभी बीमा योग्य लोगों तक किफायती दरों पर जीवन बीमा के संदेश को प्रचारित करने में अत्यधिक योगदान दिया है और बदलती जरूरतों के अनुसार बेहतरीन उत्पाद प्रदान किए हैं। ग्राहक पॉलिसियों से संबन्धित सभी जानकारियों के लिये एलआईसी की वेबसाइट पर जाकर एलआईसी मित्र की सहायता ले सकते हैं, इसके अलावा 022-68276827 पर फोन करके भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पॉलिसी धारक व्हाटसप 8976862090 पर मेसेज करके भी अपनी पॉलिसियों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## स्मृति इरानी आज जयपुर आएंगी

जयपुर। केन्द्रीय महिला और बाल विकास विभाग मंत्री स्मृति इरानी गुरूवार को जयपुर में जनसभा को संबोधित करेंगी। वह सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोपाल शर्मा के समर्थन में मातृ शक्ति स्वाभिमान सभा को संबोधित करेंगी। शास्त्रीनगर के कांवटिया सर्किल पर सभा का आयोजन दोपहर एक बजे होगा।उल्लेखनीय है कि स्मृति इरानी ने एक महिला नेत्री के तौर पर देश की राजनीति में विशेष पहचान बनाई है। महिला और बाल विकास विभाग मंत्री के साथ तौर पर दुनियाभर में जानी जाती हैं। स्मृति इरानी विशेष तौर पर गोपाल शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने जयपुर आ रही हैं।

## अति व्यस्ततम चौराहों पर वाहन चालकों को किया जा रहा जागरूक

जयपुर, (का.सं.)। पुलिस उपायुक्त यातायात लक्ष्मण दास ने शहर के अति व्यस्तम खातीपुरा तिराहे पर वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए मरूधर हॉस्पीटल के सहयोग से पब्लिक एड्रेस सिस्टम का शुभारंभ किया।

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ द्वारा व्यस्तम चौराहे पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए थे, इस कड़ी में मरूधर हॉस्पीटल के सहयोग से खातीपुरा तिराहे पर लगवाए गए पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से वाहन चालकों को एक लेन में चलने, स्टॉप लाइन पर रूकने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने, पैदल चलने वालों के जेब्रा क्रॉसिंग से रास्ता पार करने, वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी नहीं बिठाने के लिए आदि यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जायेगा। भविष्य में अन्य व्यस्ततम चौराहों पर भी जनसहयोग से पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगवाये जाकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने मरूधर हॉस्पीटल डॉ.शिवराज सिंह राठौड़ को पुलिस को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस पर डॉ.शिवराज सिंह राठौड़ ने भी भविष्य में पुलिस को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलायाइस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ज्ञान प्रकाश नवल, सहायक पुलिस आयुक्त चन्द्र सिंह रावत, पुलिस निरीक्षक अमृत लाल सहित यातायात पुलिस के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी व ट्रेफिक वार्डन राकेश गौतम उपस्थित थे।

# जयपुर में दूसरे दिन 600 मतदाताओं ने घर से किया मतदान

जयपुर, (का.सं.)। विधानसभा चुनाव के तहत 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं को विधानसभा चुनाव के लिए घर पर मतदान करने की सुविधा दी जा रही है।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि होम वोटिंग के दूसरे दिन बुधवार को जयपुर जिले की 6 विधानसभा क्षेत्रों में 612 मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा प्रदान की गई थी जिनमें से 600 मतदाताओं ने मतदान किया, वहीं, 12 मतदाता अनुपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 140 मतदाताओं ने मतदान किया, वहीं,

- **झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 140 वोटर्स ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग**

विराटनगर क्षेत्र में 67, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 98, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 107, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 111 एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 77 मतदाताओं ने होम वोटिंग सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने घर से ही मताधिकार का प्रयोग किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव में पहली बार होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है।

जिन वोटर्स ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है वे 19 नवंबर तक मतदान कर पाएंगे।

कुल 19 विधानसभा क्षेत्रों में 7230 वोटर्स ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है, जिसमें 6328 के 80 वर्ष से अधिक एवं 902 विशेष योग्यजन मतदाता हैं।

उन्होंने बताया कि यह सुविधा विकल्प के रूप में दी गई है। योग्य मतदाताओं ने इस सुविधा का चयन करने के लिए 12-डी फॉर्म का भरकर बी.एल.ओ. को दिया था। होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले इन मतदाताओं की सूची निर्वाचक अधिकारी द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराई गई है तथा गठित मतदान दल इन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करवा रहे हैं।

# जनता के आशीर्वाद से अब झोटवाड़ा में बहाऊंगा विकास की गंगा : कर्नल राज्यवर्धन

## 'मोदी जी के संकल्प से भारत बनेगा विश्व में सबसे मजबूत और विकसित राष्ट्र, कांग्रेस ने राजस्थान को पीछे धकेला'

जयपुर, (का.सं.)। झोटवाड़ा से भाजपा प्रत्याशी और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन ने आज तिवरिया, भैसावा, सांगा का बास, बेणिया का बास, डूंगरी, जोरपुरा, बासड़ी कलां, मोहनपुरा, हिंगोनिया, सुंदरियावास, खिजुरिया, डूंगरीकलां, लक्ष्मीपुरा, सुंदरनगर, कुडियों का बास, केला का बास, करणसर, खीरवा, गुढा मानसिंह, गुमानपुरा, छोटामठ और विजय गोविंदपुरा में जन संपर्क कर अपनी आने वाली पीढ़ी के सुनहरे भविष्य के लिए राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

इस दौरान अनेक स्थानों पर स्थानीय जनता और भाजपा कार्यकताओं ने माला-साफा पहनाकर और पुष्प वर्षा कर कर्नल राज्यवर्धन का जोरदार स्वागत किया। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि जनता 2014 में देश की जनता द्वारा चुनी गई भाजपा की ईमानदार मबजूत मोदी सरकार ने मात्र नो सालों में देश ही में विकास के नए आयाम स्थापित कर देश को मजबूती




झोटवाड़ा से भाजपा प्रत्याशी और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन ने जन संपर्क कर अपनी आने वाली पीढ़ी के सुनहरे भविष्य के लिए राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

दी और विश्व में भारत का मान बढ़ाया है। मोदी के काम से हर देशवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि अगले 25 सालों में देश को सबसे मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाना है। देश हित में लिए गये मोदी के संकल्प को पूरा करने में हमें अपनी भूमिका निभानी है और राजस्थान में भाजपा की सरकार बनाकर प्रदेश को मजबूत बनाना है।

कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि सांसद के रूप में केन्द्र में मिली जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाया और जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में भी जमकर विकास करवाया। अब प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे झोटवाड़ा विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी है तो झोटवाड़ा की जनता से मेरा वादा है कि विधायक के रूप में भी पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए यहां पर पांच साल में विकास के इतने काम करूंगा जितने पिछले दस सालों में भी नहीं हुए होंगे।

## संविदारत कनिष्ठ अभियंताओं को शामिल क्यों नहीं किया : हाईकोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा परिषद में कई सालों से संविदा पर काम कर रहे कनिष्ठ अभियंताओं को राजस्थान सिविल पदों पर संविदा पर रखे जाने वाले नियम 2022 में शामिल नहीं करने पर प्रमुख शिक्षा सचिव व राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद आयुक्त से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश सैयद जहीर आलम व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि याचिकाकर्ताओं की नियुक्ति संविदा के आधार पर 2005 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत हुई थी। याचिकाकर्ता तब से लगातार इस सेवा में कार्यरत हैं और संतुष्टिजनक काम करते आ रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से संविदा कर्मियों को नियमित करने के लिए राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट नियम, 2022 बनाए हैं। जिसके तहत संविदा कर्मियों को स्थाई किया जा रहा है। इसके बावजूद भी याचिकाकर्ताओं को इन नियमों के तहत नियमित करने की प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जा रहा है। याचिका में कहा गया कि संविदा सेवा नियम, 2022 के तहत उनके समान काम कर रहे पंचायतीराज विभाग के अन्य कनिष्ठ अभियंताओं को नियुक्ति दे दी गई, लेकिन याचिकाकर्ताओं को इन नियमों के तहत नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया है। जबकि याचिकाकर्ता भी पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंताओं की तरह राज्य सरकार का काम ही कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं ने इस संबंध में विभाग को कई बार प्रतिवेदन दिए, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए, याचिकाकर्ताओं को नय संविदा नियमों में शामिल कर इन नियमों के अनुसार ही नियुक्ति दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## 'राजस्थान में युवाओं को ना प्रशिक्षण मिला और ना रोजगार'

जयपुर। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका गुर्जर ने एक बयान जारी कर कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने पिछले 5 सालों तक बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा किया और हजारों युवाओं को रोजगार के नाम पर नरेगा में काम थमा दिया। कांग्रेस सरकार की युवाओं को लेकर गलत नीतियों के कारण ही बेरोजगारी दर देश में सबसे ज्यादा राजस्थान में है। यहां पर पिछले पांच साल से युवा बेरोजगारी भत्ते का इंतजार कर रहे हैं लेकिन उन्हें भत्ता नहीं दिया गया है। वहीं रोजगार मांग रहे युवाओं पर पुलिस बल का प्रयोग भी कांग्रेस शासन में ही देखने को मिला है।

## झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया

जयपुर, (का.सं.)। राजभवन में बुधवार को झारखंड राज्य का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान राजस्थान में निवास करने वाले झारखंड निवासियों से विशेष रूप से संवाद किया।राज्यपाल मिश्र ने कहा कि

- **राज्यपाल ने झारखंड की प्रकृति संरक्षण परंपराओं को अनुकरणीय बताया**

दक्षिण बिहार के एक हिस्से के रूप में वर्ष 2000 में आज ही के दिन 15 नवंबर को झारखंड भारत का 28 वां राज्य बनाया गया। उन्होंने झारखंड को देश का महत्वपूर्ण प्रकृति प्रदेश बताते हुए स्वतंत्रता संग्राम में इस प्रदेश के जनजातीय समुदाय के रहे योगदान को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की प्रकृति संरक्षण परंपराएं अनुकरणीय है। उन्होंने बिरसा मुंडा के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के कल्याण साथ स्वाधीनता संग्राम के प्रति जागरूकता का सबसे पहले उन्होंने ही शंखनाद किया थापूर्व में झारखंड के राजस्थान निवासियों ने अपने प्रदेश से जुड़ाव और राजस्थान के विकास में उनके योगदान से अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल उपस्थित रहे।

ARBIT it happens here...
राष्ट्रदूत
THURSDAY
16 November 2023
A-B



## Guinness World Records Day

Ever heard of folks doing the craziest, most jaw-dropping stunts or having mind-boggling talents? It's a carnival of human achievement! World Records aren't set every day, but world records for new types of things can be. Whether you're trying to spend the most time hovering a table tennis ball over your mouth (6.35 seconds is the current record) or spend the longest time holding your breath (22 minutes, held by StigSeverinsen) Guinness World Record Day encourages you to stretch the ends of human endurance and creativity, and set that new world record!

#HELIOTROPISM

# How Sunflowers Follow The Sun

Sunflowers swing their heads by growing a little more on the east side of the stem—pushing the head west—during the day and a little more on the west side at night, so the head swings back toward the east.





Sunflowers use a different mechanism to "see" and follow the sun as it crosses the sky than previously thought, report researchers.

"This was a total surprise for us," says Stacey Harmer, professor of plant biology at the University of California, Davis and senior author of the paper in PLOS Biology.

Most plants show phototropism—the ability to grow toward a light source. Plant scientists had assumed that sunflowers' heliotropism, the ability to follow the sun, would be based on the same basic mechanism, which is governed by a molecule called phototropin and responds to light at the blue end of the spectrum.

Sunflowers swing their heads by growing a little more on the east side of the stem—pushing the head west—during the day and a little more on the west side at night, so the head swings back toward the east. Harmer's lab at the UC Davis College of Biological Sciences has previously shown how sunflowers use their internal circadian clock to anticipate the sunrise, and to coordinate the opening of florets with the appearance of pollinating insects in the morning.

In the new study, graduate student Christopher Brooks, postdoctoral researcher HagatopAtamian and Harmer looked at which genes were switched on (transcribed) in sunflowers grown indoors in laboratory growth chambers, and in sunflowers growing in sunlight outdoors.

Indoors, sunflowers grew straight toward the light, activating genes associated with phototropin. But the plants grown outdoors, swinging their heads with the sun, showed a completely different pattern of gene expression. There was no apparent difference in phototropin between one side of the stem and another. The researchers have not yet identified the genes involved in heliotropism.



"We seem to have ruled out the phototropin pathway, but we did not find a clear smoking gun," Harmer says. Blocking blue, ultraviolet, red, or far-red light with shade boxes had no effect on the heliotropism response. This shows that there are likely multiple pathways, responding to different wavelengths of light, to achieve the same goal. Upcoming work will look at protein regulation in the plants.

Sunflowers are quick learners. When plants grown in the lab were moved outdoors, they started tracking the sun on the first day, Harmer says. That behavior was accompanied by a burst of gene expression on the shaded side of the plant that did not recur on subsequent days. That suggests some kind of "rewiring" is going on, she says.

Apart from revealing previously unknown pathways for light-sensing and growth in plants, the discovery has broad relevance, Harmer says. "Things that you define in a controlled environment like a growth chamber may not work out in the real world," she says. Atamian is now an assistant professor at Chapman University.







More than 200 photos of Shehnaz were taken on the movie set, including the ones with the iconic feather grazing her face.






Shehnaz's public life in Bombay was filled with the trappings of glamour. There were movie premieres with film stars like Dilip Kumar, Madhubala and Kamini Kaushal, photos at official functions with Indian Prime Minister Pandit Jawahar Lal Nehru

K Asif was so enamoured by the beauty of Shehnaz that he arranged a photo session with her at a studio in Bombay where more than 200 photos were clicked including ones with the iconic feather grazing her face, which was later pictured on Madhubala in the film that set a million imaginations on fire.

# The Tragic Tale of the 'Other Anarkali'








#MOVIE-SCOPE

■ Arsalan Khan

It is said that in 1944 K Asif had decided to make Mughal-e-Azam after reading a play set during the reign of Emperor Akbar. The announcement of Dilip Kumar and Madhubala as the lead in Mughal-e-Azam made sensational news in the early 1950s because their love affair was an open secret. In fact, K. Asif (the film's director) was ecstatic with the wide publicity and trade enquiries he got because of this.

In a career spanning 22 years, Madhubala had acted in around 74 films of different genres. But she is still remembered and will be remembered forever for the role of the doomed courtesan Anarkali in director K Asif's epic Mughale-Azam.

The film historians say Madhubala's legendary beauty, her coquettish charm and restrained acting has made Anarkali immortal.

But was Madhubala, the first choice of K Asif for the role of Anarkali?

No. K Asif had selected a newly-married Bhopal girl called Shehnaz for the role of Anarkali after seeing her performance in a theatrical production called 'Anarkali'.

K Asif was so enamoured by the beauty of Shehnaz that he arranged a photo session with her at a studio in Bombay where more than 200 photos were clicked including ones with the iconic feather grazing her face, which was later pictured on Madhubala in the film that set a million imaginations on fire.

Hailing from a reputable Bhopal family and married to a politician and barrister in Bombay, Shehnaz declined the role owing to family pressure, as in those days women from respectable families did not act in 'pictures'.



During seven-year of abusive marriage Shehnaz kept up appearances, accompanied her politician husband on campaign rallies, hosted elegant soirées with the pallu of her sari draped just so that the bruises would not be visible."



Dilip Kumar and Madhubala in Mughal-i-Azam.

But both Madhubala's and Shehnaz's glamorous mirage masked a terrible personal reality. Madhubala, despite her vivacious smile, was suffering from Ventricular Septal Defect, commonly known as a hole in the heart. However, her acrimonious break up with Dilip Kumar and her marriage to the eccentric Kishore Kumar, whom, it was widely rumored, she married on the rebound hastened her death.

In his autobiography - Dilip Kumar: The Substance and the Shadow - Dilip Kumar has admitted their relations were so estranged that they had stopped greeting each other on the sets of Mughal-e-Azam and some of the romantic scenes were shot at a time when they were not on even talking terms.

It is said that she was not happy with her marriage to Kishore Kumar and her condition deteriorated with each passing year. Madhubala remained bedridden in her last days. But Dilip Kumar did not visit her during her lifetime. On February 23, 1969, she passed away at the young age of 36. By the time Dilip Kumar returned to Mumbai from Chennai, her last rites had been performed.

If Madhubala's life was full of tragedy, Shehnaz had her own share of misery and abuse. If Madhubala had a domineering father, Shehnaz's high profile politician and barrister husband was no better. From outside her life in Bombay's high society was filled with the trappings of glamour. She used to accompany her husband to film premieres, mix with film stars and attend official functions. She had photos taken with film stars like Dilip Kumar, Kamini Kaushal and even with Madhubala. She attended functions where people like the first prime minister of India, Pandit Jawaharlal Nehru was chief guest.

Behind the facade of "happily married" girl, Shehnaz hid the emotional trauma and physical abuse that she was enduring on a daily basis at the hands of her abusive husband.

A 2016 Pushcart Prize Nominee poet, Sophia Naz, the daughter of Shenaz from her second husband, says: "My mother was being violently abused and physically assaulted by her husband at the time. The entire duration of the daily abuse, a period of seven years, she kept up appearances, accompanied her politician husband on campaign rallies, hosted elegant soirées with the pallu of her sari draped just so that the bruises would not be visible."

She begged her family to intervene, only to be ignored time and time again.

After one particularly brutal beating, my uncles came and took her back home to Bhopal. However, her husband persuaded them to hand her back with a written apology and undertaking that he would never hurt her again, she says.

However, the abuse continued, until one day her gynaecologist, the eminent Dr Shirodkar, told her plainly that she would be dead within six months if she did not divorce her husband.

Naz says her mother paid a heavy price for acting on the doctor's advice as her influential husband took custody of her children. She had to run from pillar to post for 20 years to get a glimpse of them. Naz says when she finally met her children in their adult years, they were completely brainwashed by their father.

The final manipulation came in the form of the threat that if they ever reconciled with their mother, he would disinherit them. It worked. "After the briefest of reunions, her long-lost children cut off all ties with my mother, breaking her all over again.

My mother cried herself to sleep every single night of her life. No joy could fully overcome the pain of the separation from her children," says Naz.

Constantly harassed by the police in Bombay, Naz's mother decided to take a break and visit Karachi for a family wedding. There she met a loving person whom she married and stayed in Pakistan forever and was blessed with a daughter Sophia Naz.

Shehnaz carried herself with great poise in her new life in Pakistan, but never failed to journey to India every year for the next two decades in search of her children. Each time she would return heartbroken and dejected.

Shehnaz loved music as well as singing. Music for her was a kind of opiate. She had a gorgeous voice, had studied a little with an ustad in Bombay and was a great aficionado of the ghazal form.

Naz says the photos taken for Mughal-e-Azam remained in an album which her mother sometimes opened whenever she felt like reminiscing about her life before migrating to Pakistan.

One does not know what would have happened to the history of Indian cinema if Shehnaz was allowed to act as Anarkali in Mughal-e-Azam.

rajeshsharma1049@gmail.com



#SCIENCE

# Asteroid collisions aren't always bad

How asteroids bombarded Earth and built the continents



Around four billion years ago, the Earth's surface was almost entirely covered in water. Today, it is the only planet we know of that contains continents—the landmasses that terrestrial-based life call home. So, how did the Earth transform from a global ocean into a planet where the majority of biomass lives on solid ground?

Most researchers think that the formation of continents is related to a massive bombardment of asteroids, some of them as large as hundreds of kilometers in diameter that plagued the entire solar system between 4.1 billion and 3.8 billion years ago. Coined the Late Heavy Bombardment, this process would have seen great quantities of absolutely colossal celestial bodies collide with planets including Mercury, Venus, Earth, and Mars. Scientists largely agree that the Late Heavy Bombardment did happen, but definitive proof remains elusive.



### A Floating Granite Crust

Based on crater densities on the Moon and other solar system bodies, researchers posit that these impacts began to let up between 3.9 billion and 3.5 billion years ago. They did not form continents on the Moon. But the Earth, much greater in size and stronger in gravitational influence, was also covered in water, a crucial detail. When the dark basalt of the Earth's mantle melts and interacts with water, the process creates a granitic continental crust that can float. Scientists agree that these great impacts thus should have provided a mechanism for fracturing the Earth's crust and melting the mantle.

Along with this consensus, researchers point to a curious coincidence: Our most ancient preserved continental crust is between 3.9 billion and 3.5 billion years old, coinciding with the end of the Late Heavy Bombardment.

Earth's most ancient and pristine continental fragment, or craton, is the Pilbara Craton in Western Australia. Like other cratons, Pilbara is made of ancient, crystalline basalt rock. Among these crystals is zircon, a mineral with a very high melting point of 800° C that geologists use to measure how rocks and water interact.

### Giving Oxygen to the Theory


Tim Johnson, a researcher from Curtin's School of Earth and Planetary Sciences, led the effort to study the composition of oxygen isotopes in these crystals. This is a reliable method to determine the age of the crystals and the metamorphic processes related to their formation. Specifically, the researchers look at the relative amounts of oxygen-18 and oxygen-16, which differ in their number of neutrons. Most oxygen in the mantle is made of oxygen-18. If the ratio of oxygen-18 and oxygen-16 in mantle-derived magma differs from typical values, it is considered robust evidence for crustal contamination. In other words, researchers can trace when igneous rock such as granitic crust, which is more rich in oxygen-16, began to form.

In this case, the oxygen isotopes allowed researchers to tease apart the three major stages by which the Pilbara Craton was formed and evolved. First, many zircon crystals formed in a way that scientists associate with a partial melting of the Earth's crust. The researchers think this melting was related to the Late Heavy Bombardment, which would have caused the crust to heat tremendously upon impact. Second, the foundation of the crust, or the crust nucleus, stabilized. Third, it experienced a period of melting and became thick cratons, thus creating the foundations of the supercontinent Pangea.

Researchers now have substantial evidence that the cratons formed because the asteroids that struck the Earth's surface were large enough to generate the heat needed to melt the crust. These giant impacts added the huge quantities of energy needed for metamorphic processes such as the melting of the basalt mantle to occur and create a stable mass that had a chance for long-term survivability. But when the giant impacts kept coming, many of the continental remnants that were beginning to form were recycled back into the mantle. Later, when the flux of large impacts declined, new remnants were allowed to develop without disruption, becoming the continents.


The team plans to continue to examine ancient rocks across areas like the Pilbara Craton to discover if these findings are reflected across the planet. The continents on Earth are crucial to supporting everything we do. Understanding how they form allows researchers to make educated inferences about how they may evolve and change over time—pretty important information for us, and indeed for all terrestrial creatures.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भाजपा के अनुसूचित जाति व जनजाति महासम्मेलन में हजारों की भीड़ उमड़ी

## केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व सिरसा सांसद सुनीता दुग्गल ने शिरकत की



केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, सुनीता दुग्गल व राजेन्द्र सिंह राठौड़ का लोगों ने 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।

- **भाजपा प्रत्यासी राजेन्द्र सिंह राठौड़ के समर्थन में आयोजित हुआ महासम्मेलन**
- **कांग्रेस प्रारम्भ से ही बाबासाहेब का कर रही है अपमान : अर्जुनराम मेघवाल**


**तारानगर,** (निसं)। भाजपा प्रत्यासी राजेन्द्र सिंह राठौड़ के समर्थन में भाजपा अनुसूचित जाति व जनजाति महासम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल व सिरसा सांसद सुनीता दुग्गल व भाजपा प्रत्यासी व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित काफी संख्या में दलित वर्ग के नेता व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, सुनीता दुग्गल व राजेन्द्र सिंह राठौड़ को दलित समाज के लोगों ने 51 किलों की माला पहनाकर स्वागत किया। महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि मैं कानून केन्द्रिय मंत्री के नाते बोल रहा हूं कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही बाबासाहेब अपमान किया है। बाबा साहेब के चुनाव में तो जनसंघ के लोग ने जिम्मा उठाया था। कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब का अंतिम संस्कार मुम्बई में समुद्र के किनारे इसलिये कर दिया कि यदि दिल्ली में कर दिया जायेगा तो वो बहुत बड़े नेता बन जायेंगे। कांग्रेस पार्टी ने संसद भवन में सेन्ट्रल हॉल में बाबा साहेब की प्रतिमा नहीं लगने दी जबकि भाजपा ने उस प्रतिमा को लगाया, कांग्रेस झूठ फैला रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी संविधान को समाप्त करेंगे, आरक्षण बन्द कर देंगे। मैं नरेन्द्र मोदी के पास नहीं रहता मोदीजी मुझ जैसे दलित को अपने पास रखते हैं व मुझे जैसे दलित को कानून मंत्री बनाया, मेरे दलित समाज के लोगों आपको घबराने की जरूरत नहीं है मै हूं आपके लिये हर समय तैयार।

मेघवाल ने तारानगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्यासी राजेन्द्र सिंह राठौड़ को एस सी एसटी वर्ग के लोगो को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि ये वो ही राहुल गांधी है जिन्होंने आपको 10 तक की गिनती गिन कर कर्जा माफी की बात कही। कल राहुल गांधी आ रहे है जो आपके सामने उसी तरह के विभिन्न झूठे वादे करेंगे। राहुल गाँधी जहां जाते है वहां कांग्रेस का सुपड़ा साफ हो जाता है। भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने महासम्मेलन में आये हजारों लोगों को भाजपा के पक्ष में मत व समर्थन की अपील की। पूर्व विधायक डॉ. चन्द्रशेखर बैद ने कहा कि मेरे पास तो केवल घोटा है वो भी हनुमानजी वाला, उन्होंने बताया कि पीछले पांच सालो में कांग्रेस पार्टी ने विकास के नाम पर कुछ नहीं किया। बैद ने भाजपा प्रत्याशी राठौड़ को भारी बहुमत से जिताने की अपील की।

**कई लोगों ने कांग्रेस छोड़ पकड़ा भाजपा का दामन :-** किरतान सांसी, प्रकाश सांसी, रोहताष सांसी भलाउ ताल, रवि कुमार सांसी, विनोद कुमार सांसी कांजण, शिम्भूराम सांसी, साधुराम सांसी धीरवास, प्रेम कुमार सांसी, सुल्तान सांसी, जगदीश सांसी, बल्लूराम सांसी, प्रकाश सांसी, सुल्तान सांसी, मालाराम सांसी, रामेश्वर सांसी सहित सैंकड़ो अनुसुचित जाती व जनजाति के लोगो ने केन्द्रिय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के सामने कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए। सभा को सिरसा सांसद सुनीता दुग्गल, डॉ. चन्द्रशेखर बैद, राकेश जांगिड़, पराक्रम सिंह राठौड़, अनूपगढ़ विधायक पवन दुग्गल, डॉ. वासुदेव चावला, जयसिंह मेघवाल, रेवन्तराम साण्डेला, राजेन्द्र जोईया, सीताराम लुगरिया, गोविन्द वर्मा, रामधन सांसी, सम्पत मेघवाल, त्रिलोक रेगर सहित कई दलित नेताओं ने सम्बोधित किया।

# संदिग्ध नगदी को लेकर आयकर अधिकारियों ने पूछताछ की



दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा स्थित चेक पोस्ट पर पकड़ी गई नगदी को गिनते आयकर अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी।

**लालसोट,** (निसं)। थाना क्षेत्र के दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे स्थित टोल प्लाजा पर चेक पोस्ट पर पुलिस द्वारा वाहनों की जांच के दौरान पकड़ी गई 60 लाख की नगदी को लेकर देर रात साढ़े नौ बजे आयकर अधिकारी लालसोट थाने पहुंचे एवं नगदी का संदिग्ध परिवहन कर रहे युवक कोशल सिंह व अरविन्द निवासी गुड़गावा से जानकारी ली गई एवं घंटों पूछताछ कर नगदी के बारे में आयकर अधिकारी द्वारा जानकारी जुटाई गई।

आयकर अधिकारियों द्वारा नगदी परिवहन कर रहे एक अन्य युवक से भी गहनता से पूछताछ करने के साथ कई प्रकार के सवाल पूछे गए। लेकिन आयकर अधिकारियों के किसी भी सवाल का नगदी परिवहन करने वाले युवक सही संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। नगदी पकड़ने के बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा आयकर अधिकारियों को 10 लाख से ज्यादा नगदी होने के चलते सूचना दी गई थी जहां पर बिना मशीन लालसोट पहुंचे आयकर अधिकारियों को 60 लाख के करीब नगदी को पैसे गिनने की मशीन के अभाव में हाथ से ही गिना गया जिसके कारण काफी वक्त लगा। इस संदिग्ध राशि को गिनते समय थाना अधिकारी नाथूलाल मीणा, एएसआई सीताराम बैरवा, आयकर अधिकारी रामलाल मीणा आदि की मौजूदगी में वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ पारदर्शिता से नगदी को गिनेने के साथ कार्रवाई की गई।

जयपुर से आए आयकर अधिकारी रामलाल ने बताया कि पकड़ी गई संदिग्ध नगदी को लेकर युवकों से पूछताछ की गई जहां पर उनके द्वारा इस राशि को कहीं संधारित करने एवं कहीं से लेन-देन आदि के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

आयकर अधिकारी मीणा ने बताया कि अगर उनकी द्वारा कोई प्रमाण इस राशि को लेकर नहीं दिया गया तो इस पकड़ी गई राशि पर सरकार द्वारा निर्धारित टैक्स आदि वसूला जाएगा। वहीं लगातार हरियाणा नंबरों की गाड़ियों से बड़ी मात्रा में संदिग्ध नगदी बरामद होने के बाद चर्चा का विषय है कि हर बार हरियाणा नंबर की गाड़ियों से ही इस प्रकार संदिग्ध नगदी बरामद क्यों हो रही है क्या यह नगदी कहीं चुनाव में इस्तेमाल करने के लिए ले जाई जा रही थी या फिर किसी गलत काम के लिए या फिर किसी सट्टे बाजार या अन्य ब्लैक मार्केटिंग के लिए परिवहन हो रही थी।

गौरतलब है कि लालसोट थाना क्षेत्र के दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे बड़का पाड़ा स्थित लगाए गए चुनावी चेक पोस्ट पर असी सीताराम बैरवा पुलिसकर्मी मुकेश कुमार आदि पुलिस कर्मियों द्वारा सघन वाहन चेकिंग के दौरान हरियाणा नंबर के एक बोलेरो कर से 60 लाख रुपए की संदिग्ध नगदी जप्त की गई थी।

# खेत में लावारिश हालत में मिला व्यक्ति का शव

## शराब का आदी था मृतक, पुलिस जुटी जांच में

**खेतड़ी,** (निसं)। मेहाड़ा थाना क्षेत्र के गोविंददासपुरा में एक व्यक्ति का शव लावारिस हालत में पाया गया है। मृतक की पहचान त्यौंदा गांव के रघुवीर सिंह के रूप में हुई है।

थानाधिकारी किरण सिंह यादव ने बताया कि गोविंददासपुरा में एक खेत में बने सर्विस स्टेशन के पास एक व्यक्ति के लावारिस हालत में पड़े होने की सूचना मिली थी। जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई तो सामने आया कि गोविंददासपुरा निवासी महावीर ने अपने खेत में सर्विस स्टेशन बना रखा है, जो पिछले काफी समय से बंद पड़ा हुआ है। सर्विस स्टेशन में पानी डालने के लिए खेल्ल बनाई हुई है, जिसमें एक व्यक्ति के पड़े होने की जानकारी मिली। इस दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ में सामने आया कि त्यौंदा निवासी रघुवीर सिंह (50) पुत्र बनवारी लाल भार्गव शराब का आदी था, जो शराब के नशे में सर्विस स्टेशन पर बनी पानी की खेल्ल में गिर गया, जिससे डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। इस दौरान घटना के बारे में परिजनों को सूचना दी गई तो परिजन भी मौके पर पहुंचे और मृतक के शव का खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाया गया।

थानाधिकारी ने बताया कि मृतक रघुवीर सिंह चार भाइयों में दूसरे नंबर का था, जो मजदूरी करता था। मृतक का बड़ा बेटा दीपक नागपुर में निजी कंपनी में काम करता है, जबकि छोटा बेटा राहुल गांव में ही रहता है। इस संबंध में मृतक के बेटे राहुल की ओर से थाने में मर्ग दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने मृतक के बेटे की ओर से दी गई रिपोर्ट दर्ज कर ली गई तथा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ी

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। कांग्रेस के टिकट वितरण को लेकर नाराजगी सामने आई है। कांग्रेस से बागी होकर बसपा में शामिल हुए सभापति बृजेश जाटव के समर्थन में ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। करीब 12 कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधायक आवास पर पहुंचकर इस्तीफा सौंपा। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष नरसी पाराशर, पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा, पार्षद कप्तान गुर्जर, पूर्व पार्षद नफीस हुसैन, पार्षद प्रतिनिधि पीर मोहम्मद, पार्षद इमरान सैफी, ब्लॉक प्रवक्ता व जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेन्द्र तिवाडी, दिनेश शर्मा, राजेंद्र चतुर्वेदी, रमेश पुजारी, पिंकी देवी शामिल है। इससे पूर्व कांग्रेस के हिंडौन ब्लॉक देहात अध्यक्ष भगत सिंह डागुर इस्तीफा दे चुके है।

# अवैध मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार



मादक पदार्थ बेचने का आरोपी।

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने हिण्डौन ओवरब्रिज के पास से 12 ग्राम स्मैक जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसपी राजेश कुमार यादव ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को मद्देनजर रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी प्रकाश चंद और पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी शिवलहरी के नेतृत्व में टीम ने नाकाबन्दी के दौरान अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल 12 ग्राम सहित आरोपी नीरज मीणा पुत्र शिवदयाल मीणा को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही आरोपी से अवैध मादक पदार्थ के खरीद विक्रय के सम्बन्ध में गहन पूछताछ की जा रही है। एसपी ने बताया कि टीम में कोतवाली थानाधिकारी शिवलहरी, कोतवाली थाने के एएसआई नौशाद खान नेमीचंद, कॉन्स्टेबल भंवररासिंह, धुंधीराम कॉन्स्टेबल, रिंकू तिवारी कॉन्स्टेबल, सुरेश कॉन्स्टेबल, ड्राइवर शामिल थे।

# बाड़े में लगी आग से 20 ट्रॉली चारा जला

## वहीं दुकान में लगी आग से 10 लाख का सामान जलकर राख

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्रों में अज्ञात कारणों से लगी आग से 20 ट्रॉली चारा व 10 लाख रूपये की लागत का फैन्सी स्टोर का सामान जलकर राख हो गया। मंगलवार की रात लावा बस स्टैण्ड पर एक फैन्सी स्टोर की दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग से तकरीबन 10 लाख रूपयों का सामान आग की चपेट में आ गया। दुकान से उठी चिंगारी व धुंआ देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। डिग्गी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर ही आग पर काबू पाया। वहीं लाम्बाहरिसिंह कस्बे में तीन बाडों में लगी आग से तकरीबन 20 ट्रोली चारा जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। मालपुरा से पहुंची नगरपालिका दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया गया। महज तीन दिन में दूसरी बार बाडों में लगी आग से गांव में अफरा-तफरी फैल गई।

# मेडिकल स्टोर संचालक पर जानलेवा हमला



गंभीर हालत में मेडिकल स्टोर संचालक को अस्पताल में भर्ती कराया।

**चिड़ावा,** (निसं)। सुलताना कस्बे में टेकड़ा मोड़ पर मेडिकल स्टोर संचालक पर करीब आधा अज्ञात दर्जन युवकों ने जानलेवा हमला किया है। गंभीर हालत में मेडिकल स्टोर संचालक राजेश झाझड़िया को चिड़ावा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है।

जानकारी के अनुसार मेडिकल स्टोर संचालक राजेश कुमार शाम को अपने मेडिकल स्टोर पर बैठा था तभी 5 से 7 युवक आये और मेडिकल स्टोर के काउंटर पर रखी दवाइयों की बोतलों को तोड़ते हुए उस पर लोहे की पाइप और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। राजेश कुमार बचाव को लेकर दुकान से भागकर पास ही कि दुकान में घुसने लगा तो युवकों ने लोहे की पाइप और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किया। इसके बाद आसपास के दुकानदारों के शोर शराबे के बाद युवक मौके से भाग छूटे।

घायल मेडिकल स्टोर संचालक राजेश कुमार को चिड़ावा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मेडिकल स्टोर संचालक राजेश कुमार ने बताया कि हमले में उनके पैर में कई फ्रैक्चर हुए है जबकि हाथ में भी कुल्हाड़ी से गंभीर चोट लगी है। मेडिकल स्टोर संचालक पर हमले की सूचना के बाद सुलताना पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना को लेकर जानकारी ली।

# कार्यकर्ता भाजपा से निष्कासित

**चूरू,** (कासं)। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी ने भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति की अनुशंषा पर विधानसभा चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने एवं अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ उनको चुनाव हराने के लिए कार्य करना एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों को देखते हुऐ चूरू जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को पार्टी की सदस्यता से निलम्बित किया है। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने बताया कि अशोक पींचा पूर्व विधायक सरदारशहर, सुषमा पींचा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मोहनलाल आर्य जिला प्रमुख प्रतिनिधि, प्रभूदयाल सारण मण्डल अध्यक्ष सवाई बड़ी, मांगीलाल पूनियां मण्डल अध्यक्ष भादासर, प्रकाश भाकर मण्डल अध्यक्ष भानीपुरा, राकेश टाक नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका सरदारशहर को निलम्बित किया गया है व राजेन्द्र नायक प्रदेश उपाध्यक्ष एससी मोर्चा को निष्कासित किया।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष को निलंबित किया

**करौली,** (निसं)। भाजपा जिला अध्यक्ष ने चुनाव में पार्टी विरोधी कार्य करने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित हिण्डौन नगर परिषद की पूर्व सभापति गायत्री कोली के विरुद्ध कार्यवाही की है।

भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने बताया कि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्याम सिंह सिसोदिया निवासी टोड़ाभीम ने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष के पद पर रहते हुए विधानसभा चुनाव में टोड़ाभीम विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी घनश्याम महर के साथ मेहंदीपुर बालाजी में कांग्रेस पार्टी का प्रचार किया है यह कृत्य भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ है जिसको लेकर उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा हिण्डौन नगर परिषद की पूर्व सभापति गायत्री कोली भाजपा की प्राथमिक सदस्य रहते हुए विधानसभा क्षेत्र हिण्डौन कि अधिकृत घोषित उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। इस प्रकार गायत्री कोली द्वारा भाजपा के संविधान की धाराओं में वर्णित अनुशासन भंग कि दोषी है जिन्हें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्राथमिक सदस्यता से तुरंत निष्कासित करने का निर्णय लिया है।

**गंगापुर सिटी में कांग्रेस प्रत्याशी के विरोध में नारे लगाए :-** कांग्रेस के खिलाफ जनता की नाराजगी चुनाव प्रचार के दौरान देखने को मिल रही है। गंगापुर सिटी विधानसभा क्षैत्र से कांग्रेस प्रत्याशी उदेईकला गांव में जनसम्पर्क करने पहुंचे तो गांव के अल्प संख्यक समुदाय के युवाओं ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध करते व नारेबाजी करते युवाओं का एक विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# टैंक में गिरने बालक की मौत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। उदेई मोड़ थाना क्षेत्र के अबू बकर मस्जिद के पास मोमिन नगर में मंगलवार दोपहर एक निर्माणाधीन मकान में पानी के टैंक में गिरने से एक 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नाबालिग दिशान पुत्र काफिर खान निवासी काजी कॉलोनी कॉलेज के पास वह अपने ननिहाल में मां के साथ आया था। बालक दिशान अपनी नानी के यहां खेलते हुए सामने बन रहे सत्तार खान के मकान में चला गया। इस दौरान मकान निर्माण के लिए बने पानी के टैंक का ढक्कन खुला हुआ था। खेलते-खेलते बच्चा टैंक में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर तक जब बच्चा घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसे खोजना शुरू किया। काफी खोजबीन के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने उसे पानी के टैंक में ढूंढा, जहां वह अचेतावस्था में मिला।

# असामाजिक तत्वों ने की पार्षद के साथ मारपीट

- **हमले में पार्षद बाल-बाल बच गए लेकिन उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया**

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। नगर परिषद के वार्ड पार्षद पर एक युवक व उसके साथियो ने पथराव कर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पार्षद बाल-बाल बच गए लेकिन उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया। जिन्हें उपचार के लिए राजकीय चिकित्सलय में भर्ती कराया गया है।

घटना गंगापुर सिटी शहर में रविवार रात को फव्वारा चौक पर हुई। वार्ड नम्बर पार्षद वार्ड 37 के पार्षद पदम जोशी ने बताया कि फव्वारा चौक पर उनका निवास स्थान है। रविवार रात को वह अपने घर पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे उनके दरवाजे पर किसी ने पत्थर फेंक दिया। जब उन्होंने बाहर आकर देखा तो बाहर उनके ही मोहल्ले के हरिजन जाति के कुछ युवक थे।

पार्षद पदम जोशी का आरोप है कि इन लोगों ने उन्हें घर के बाहर लाइट नहीं जलाने की धमकी देते हुए कहा कि जब तुम्हें पता है कि हमने कई बार लाइट जलाने से मना कर दिया तो फिर बाहर लाइट क्यों जलाई जाती है। इससे हमें परेशानी होती है।

पार्षद ने जब लाइट बुझाने की बात से इनकार कर दिया तो उन लोगों ने पार्षद को पत्थर उठाकर मार दिया। जिससे पार्षद ने खुद का बचाव किया। वे बाल-बाल बच गए, लेकिन इस बचाव में पत्थर को रोकने के प्रयास में उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया। परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में गवर्नमेंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जयपुर रेफर कर दिया। फिलहाल पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज किया है।

# सूरजगढ़ विस. सीट से दो दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर



संतोष अहलावत



श्रवण कुमार

- **संतोष अहलावत की राह में अड़चन बना पिलानी कनेक्शन**
- **मुख्य मुकाबला संतोष अहलावत और श्रवण कुमार के मध्य ही बना हुआ है**

**झुंझुनूं,** (निसं)। ज्यों ज्यों मौसम ठंडा होता जा रहा है वैसे-वैसे ही सियासत का तापमान बढ़ता जा रहा है। झुंझुनू जिले की सूरजगढ़ विधानसभा सीट से दो दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। वहीं भाजपा कांग्रेस के स्टार प्रचारक अभी आना बाकी है। सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने पांच बार के विधायक रह चुके श्रवण कुमार को प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने पूर्व विधायक सूरजगढ़ और पूर्व झुंझुनू सांसद संतोष अहलावत को टिकट थमाया है।

भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस प्रत्याशी दोनों ही दिग्गज नेताओं की छवि क्षेत्र में अलग तरह की बनी हुई है। जिस पर दोनों ही प्रत्याशियों के लिए मुश्किलों भरा है यह विधानसभा चुनाव। सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा कांग्रेस के अलावा बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) कम्युनिस्ट पार्टी, अभिनव पार्टी के प्रत्याशी चुनावी समर में कूदे हुए हैं वहीं पांच निर्दलीय प्रत्याशी भी सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र से अपना भाग्य आजमा रहे हैं। बहरहाल मुख्य मुकाबला संतोष अहलावत और श्रवण कुमार के मध्य ही बना हुआ है। मतदाताओं में श्रवण कुमार की छवि दबंग नेता के रूप में बनी रही है तो कुछ लोग उन्हें भूमाफिया भी कहते है वहीं भाजपा प्रत्याशी संतोष अहलावत को बड़बोले शब्दों के कारण श्रवण कुमार से मुकाबला करने वालों में शुमार मानते हैं।

**अड़चनों भरी डगर है भाजपा के लिए :-** अहलावत के लिए सूरजगढ़ से सीट निकल पाना अड़चनों भरा है क्योंकि भाजपा नेतृत्व में संतोष अहलावत को वर्तमान विधायक सुभाष पूनिया का टिकट काटकर दिया है। जबकि सुभाष पूनिया झुंझुनू जिले से सातों सीटों में से एकमात्र भाजपा विधायक रहे हैं। जिस कारण सुभाष पूनिया समर्थकों में अंदर खाने काफी रोष पनप रहा है। युवा मोर्चा भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश गजराज की नाराजगी पहले से ही जग जाहिर है लेकिन गजराज प्रदेश नेतृत्व की समझाइस से बागी होने से तो बच गए लेकिन युवाओं का अंदरुनी गुस्सा शांत नहीं है जो संतोष अहलावत के लिए मुसीबत साबित हो सकता है।

सूरजगढ़ विधानसभा से लगती हुई दूसरी सीट पिलानी विधानसभा क्षेत्र है जहां से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के सामने भाजपा से बगावत कर कैलाश मेघवाल चुनावी समर में ताल ठोक रहे कैलाश मेघवाल का बागी बनकर चुनाव लड़ना भी सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है। ज्ञात रहे कैलाश मेघवाल भाजपा के वयोवृद्ध और सूरजगढ़ से 5 बार विधायक चुने गए सुंदरलाल के पुत्र हैं सुंदरलाल को काका सुंदरलाल के नाम से जाना जाता है जो राज्य सरकार में मंत्री भी रहे हैं और सूरजगढ़ क्षेत्र में उनका काफी प्रभाव माना जाता है इसी वजह से संतोष अहलावत के लिए सूरजगढ़ सीट निकालने में पिलानी कनेक्शन भारी पड़ सकता है।

**श्रवण नाम के तीन प्रत्याशी मैदान में :-** सूरजगढ़ विधानसभा चुनाव में कुल 11 प्रत्याशी डटे हुए हैं। जबकि श्रवण कुमार नाम के तीन प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं जो क्षेत्र में आरोप प्रत्यारोप का विषय बना हुआ है। कांग्रेस समर्थित लोगों का कहना है कि संतोष अहलावत ने जानबूझकर अन्य श्रवण कुमार नाम के व्यक्तियों को इसलिए चुनाव मैदान में उतारा है ताकि श्रवण कुमार के वोटो में सेंधमारी की जा सके कुछ लोग गलती से कुछ लोग अनजाने में दूसरे श्रवण कुमार को वोट डाल सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी समर्थको का तीन श्रवण कुमार नाम के प्रत्याशियों को लेकर कहना है कि यह सब कांग्रेस के श्रवण कुमार की राजनीति का हिस्सा है ताकि अपने ही आदमियों को ज्यादा एजेंट मतदान के दिन बैठा सके।

# कुम्हार समाज ने कांग्रेस प्रत्याशी विद्याधर सिंह को समर्थन दिया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी जनसेवक विद्याधर सिंह चौधरी को प्रजापति समाज ने इकतरफा समर्थन दिया है।

गौरतलब है कि उक्त समर्थन क्षेत्र के ग्राम पचकोडिया में श्रीयादे माता माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष पी एल प्रजापति के मुख्य आतिथ्य एवं प्रजापति कुम्हार समाज के तत्वावधान में आयोजित दिपावली स्नेह मिलन समारोह के दौरान दिया गया। इसके चलते प्रत्याशी जनसेवक विद्याधर सिंह चौधरी का माला साफा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात समाज बन्धुओं ने कहा कि जो व्यक्ति तीन बार विधायक पद पर आसीन होने के बावजूद भी क्षेत्र में विकास कार्यों और प्रजापति समाज की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया। इसके साथ ही आगे बताया कि इस बार विधानसभा क्षेत्र में राजनैतिक परिवर्तन करना होगा। ताकि समाज और क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो सके। इसी क्रम में कांग्रेस प्रत्याशी विद्याधर सिंह चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रजापति समाज का तहेदिल से धन्यवाद कि समाज ने मुझे इस काबिल समझा और समर्थन दिया। प्रजापति समाज हमेशा मेरे दिल में रहेगा। साथ ही आगे कहा कि मैं चुनाव जीतकर पूरे फुलेरा विधानसभा क्षेत्र का विकास करने के साथ प्रजापति कुम्हार समाज के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। यह मेरा प्रजापति कुम्हार समाज से वादा है। इस अवसर समाज के किशन लाल प्रजापति, हुकमाराम प्रजापति सुरेश प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, मान बॉक्सर प्रजापति, मालीराम, गोपाल लाल, गणेश प्रजापति, सुभाष प्रजापति, श्रवण लाल प्रजापति, सुभाष प्रजापति, कानाराम प्रजापति सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

- **प्रजापति समाज का तहेदिल से धन्यवाद कि मुझे इस काबिल समझा : चौधरी**



फुलेरा में प्रजापति कुम्हार समाज के आयोजित दिपावली स्नेह मिलन समारोह में कांग्रेस प्रत्याशी विद्याधर सिंह चौधरी को समर्थन देकर स्वागत किया।

## मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने अपील की

**खैरथल, (निसं)।** खेल और फिल्म जगत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुके जिले के खिलाड़ियों एवं अभिनेत्री रितु कावट सहित समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले सामाजिक एवं प्रतिष्ठित लोगों से जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने आमंत्रित कर जिला सचिवालय में शिष्टाचार मुलाकात की और जिले की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर पहचान बन चुके खिलाड़ी व अभिनेत्री सहित समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों का सम्मान किया।

जिला कलेक्टर हनुमान ढाका ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरान प्रतिभाशाली एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। इस शिष्टाचार मुलाकात बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण समाजसेवी नवल झालानी, वरुण झालानी कबड्डी खिलाड़ी जय भगवान अभिनेत्री रितु कांवट व्हीलचेयर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रहमान खान सहित अन्य कबड्डी खिलाड़ी व प्रतिष्ठित व्यक्ति थे।

# गांव देवता में कांग्रेस प्रत्याशी को विरोध का सामना करना पड़ा

## बसपा प्रत्याशी सिमरत कौर जिंदाबाद के लगे नारे

- **भाजपा प्रत्याशी और बसपा प्रत्याशी ने गांवों का तूफानी दौरा कर नुक्कड़ सभाएं कर मांगे वोट**
- **ग्रामीणों की ओर से भारी समर्थन का आश्वासन मिल रहा है**

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** किशनगढ़ बास के गांव देवता में वोट के लिए पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी दीपचंद खेरिया को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम में माइक थामकर कांग्रेस प्रत्याशी विधायक का विरोध कर रहे युवक को प्रधान ने बोलने से रोकना चाहा लेकिन युवक नहीं रुका तो बाद में विधायक ने युवक के हाथ से माइक छीन लिया और बोलने लगें तो वहां मौजूद युवकों ने सिमरत कौर जिंदाबाद के नारे लगाए।

कार्यक्रम में माइक थामकर कांग्रेस प्रत्याशी विधायक दीपचंद खेरिया का विरोध कर रहे युवक ने कहा गरीब बस्ती से 27 हजार 500 रुपए उगाकर आपको दिए पूरे गांव ने वोट दिए और 5 साल तक गांव में नहीं आए गांव की महिलाएं पानी को लेकर परेशान होती रही दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

युवक आगे कुछ और बोलता इससे पहले प्रधान बद्री प्रसाद रोकने लगे तो युवक ने उन्हें यह कहकर बैठने के लिए कहा आप समाज से हो हम आपकी इज्जत करते हैं युवक कुछ आगे बोलता इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने खड़े होकर युवक के हाथ से माइक ले लिया। माइक पर जैसे ही कांग्रेस प्रत्याशी बोलने लगे तो पीछे से सिमरत को जिंदाबाद के नारे लगने लगे। कांग्रेस प्रत्याशी के इस विरोध की वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी रामहेत यादव ने तूफानी दौरा कर करीब दो दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभाएं कर लोगों से वोट की की अपील कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगे और ग्रामीणों को भरोसा दिया कि वायदा निभाऊंगा करके दिखाऊंगा। विश्वास रखना जो कहता हूं उसे करके दिखाया है।

भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव पहुंचने पर ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया। किसी गांव में ग्रामीण भाजपा प्रत्याशी को मुख्य सड़क से गांव की चौपाल तक बगी में बैठाकर अपने नेता को ढोल नगाड़ों से लेकर गए। गांवों में कोई फूलों की माला पहनाकर स्वागत कर रहा था तो कोई चांदी का मुकुट पहनकर स्वागत कर रहा था। कार्यक्रम के दौरान गांवों में प्रत्याशी के वजन के बराबर केलो और लड्डुओं से तोला गया।

बसपा प्रत्याशी सिमरत कौर ने करीब 17 गांव का तूफानी दौरा कर जन समर्थन जुटा कर लोगों से वोट मांगे। सिमरत कौर की चुनावी यात्रा में उनके साथ समर्थकों का बड़ा काफिला साथ चल रहा है। गांव गांव में सिमरत कौर को देखने व सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ग्रामीणों की ओर से भारी समर्थन का आश्वासन मिल रहा है। सिमरत कौर जिंदाबाद और बाबू संपत राम अमर रहे के नारे गुंज रहें हैं।

# भाजपा प्रत्याशी का जगह-जगह स्वागत



विधानसभा क्षेत्र चौमूं से भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने ग्राम ढोढसर में लोगों से जनसंपर्क किया।

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र चौमूं से भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने बुधवार को ग्राम ढोढसर में लोगों से जनसंपर्क किया। जहां ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया तथा ग्राम वासियों ने माला एवं साफ़ा पहनाकर भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

रामलाल शर्मा को ग्राम वासियों द्वारा दो जगह फलों से और एक स्थान पर मिठाई से तौला गया। भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने हमेशा सभी समाजों को साथ लेकर काम करने का काम किया है। मैंने कभी समाज की राजनीति ना करकर चौमूं में परिवार मानने का काम किया है। कांग्रेस में कर्ज़ माफ़ी, युवाओं को बेरोज़गारी का झूठा वादा करने वालो, पेपरलीक कर युवाओं के साथ खिलवाड़ करने वाली और इस भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथ को मज़बूत करने के लिए कहा। साथ ही आमजन से 25 नवंबर को भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस मौक़े पर मंडल अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बहनों ने भाइयों की दीर्घायु की कामना की

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे में भैया दूज का पर्व बुधवार को परंपरागत तरीके से मनाया गया। भैया दूज पर्व को लेकर बहने अपने भाइयों को तिलक लगाने के लिए अपने भाई के घर पहुंचती हैं।

भैया दूज पर बहने अपने भाई के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर उन्हें भोजन करवाती है। इस दिन बहने जब तक अपने भाई को तिलक नहीं करती तब तक व्रत रखती हैं और भाई को तिलक व राखी बांधने के बाद ही भोजन करती हैं। भैया दूज पर कस्बे में सभी बहनों ने अपने भाइयों को तिलक कर उन्हें अपने हाथों से मिठाई व भोजन खिलाया ।

यह त्यौहार भाई-बहन के स्नेह को सुदृढ़ करता है। हिंदू धर्म में भाई बहन के दिलों में संबंधों की मजबूती और प्रेम स्थापित करने वाला भाई दूज का पर्व है। इससे भाई यमराज के प्रकोप से बचे रहते हैं । भाई बहनों के स्नेह के दो उत्सव जिनमे एक रक्षाबंधन व दुसरा भैया दूज है । इस दिन भाई बहन की रक्षा करने की प्रतिज्ञा करता है वहीं बहन अपने भाई की दीर्घायु की कामना करती है । इस दिन भाई बहनों में उपहारों का आदान-प्रदान होता है।

# जूली ने जनसंपर्क कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया

**अलवर, (निसं)।** कांग्रेस प्रत्याशी एवं केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के समर्थन में प्रचंड जीत का आव्हान किया। इस दौरान बड़े बुजुर्गों और मातृ शक्ति ने उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।

कांग्रेस प्रत्याशी जूली ने कहा कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र मेरे लिए एक परिवार है। मैं इस परिवार का आजीवन सदस्य हूं। आज आयोजित जनसम्पर्क कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने आकर जो मेरा हौसला बढ़ाया है यह मेरे लिए अविस्मरणीय पल है। आप लोगों का अपनापन, लगाव, स्नेह और प्यार मुझे पूरी ताकत देता है, यही मेरी उर्जा है। इस विधानसभा चुनाव में इसी ताकत के दम पर मैं आपकी सेवा के लिए फिर एक बार हाजिर होउंगा। आज कांग्रेस प्रत्याशी जूली ने गांव धोलीदूब, टोडियार, मांच का तिराया, बाला डहरा, शाहपुर, बीजोपुर, पडीसल, चांदोली, नंगला सेढ़ू, तेलियाबस, रोजा का बास एवं घाटीबास में कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जनसम्पर्क जुटाया। इस दौरान विजय मंदिर से चंदौली तक मंत्री जूली के समर्थकों ने विशाल रैली का आयोजन किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी टीकाराम जूली के समर्थन में जन संपर्क के दौरान पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि चुनावी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ईडी व सीबीआई का दुरूपयोग कर राजनैतिक लाभ लेना चाहती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा सभी वर्गों के लिए ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की गई। उससे भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है। राजस्थान में इन एजेन्सियों को उतारकर भाजपा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को डराने की नाकाम साजिश रच रही है। भाजपा में आजकल सुपर स्टार अपने नेता तो बचे नहीं उनकी आपसी फूट से घबराकर अब ईडी और सीबीआई को स्टार प्रचारक बनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के आला कमान के एक हाथ में सरकारी एजेन्सियां है तो दूसरे हाथ में धुरवीकरण की राजनीति धर्म व जाति पर इस देश को बांटने वाली इस पार्टी के मंसूबों पर भारत जोड़ो यात्रा के प्रणेता राहुल गांधी के कार्यों पर पानी फेर दिया है। इस बार भारी बहुमत से राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनेगी।



अलवर ग्रामीण विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी टीकाराम जूली के समर्थन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने जनसंपर्क किया।

# प्रत्याशियों ने अपना प्रचार अभियान तेज किया

- **विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपनी योजनाओं के भरोसे, भाजपा पेपरलीक, कानून व्यवस्था, अपराध के मुद्दों के साथ मैदान में**

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए अब चुनाव-प्रचार परवान चढ़ने लगा है।

विराटनगर विधानसभा क्षेत्र सीट पर भाजपा-कांग्रेस-आजाद समाज पार्टी ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। तीनों ही दलों के साथ बहुजन समाज पार्टी व निर्दलीय उम्मीदवार विधानसभा चुनाव में अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।

भाजपा गहलोत सरकार को विफल बताते हुए भाजपा की सरकार बनने का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस अपनी सरकार के कामकाज की तारीफ करते हुए सरकार रिपीट करने का दावा कर रही है। दूसरी ओर भाजपा के लिए तुष्टीकरण, पेपर लीक मामला, भ्रष्टाचार, महिला अपराध, बेरोजगारों व किसानों के साथ धोख़ा, सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं और बिगड़ती कानून व्यवस्था बड़े चुनावी मुद्दे हैं। कांग्रेस सरकार को विफल बताते हुए भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड जनता के बीच इन मुद्दों को लेकर जा रहे हैं। साथ ही, पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी की ओर से अपने चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा नहीं करने की बात भी जनता को बताई जा रही है। कांग्रेस प्रत्याशी इंद्राज गुर्जर भी नये नये अंदाज में कभी घोड़ी पर, कभी ऊंट पर, कभी ट्रैक्टर में सवार होकर जनता के बीच योजनाओं को गिनाकर मतदाताओं को साधकर वोट मांग रहे हैं। खासकर चिरंजीवी योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, मुफ्त दवा और जांच योजना, शहरी रोजगार गारंटी योजना, ओल्ड पेंशन स्कीम जैसी योजनाओं व क्षेत्र मे पांच सालों में कराये गए विकास जैसी योजनाओं को भुनाया जा रहा है। वहीं आजाद समाज पार्टी प्रत्याशी रामचन्द्र सराधना क्षेत्र में लगातार जन संपर्क करते हुए लोगों के दिलों में जगह बना रहे हैं। जनता के बीच जाकर अपनी रिति व नीति को समझा रहे और जनता से अपने पक्ष में वोट करने की बात कर रहे हैं।

# बीमार सांड का युवाओं की टीम ने उपचार करवाया

**सांभरझील, (निसं)।** यहां छोटा बाजार स्थित इमाम चौक पर कई दिनों से बीमार चल रहे सांड का यहां के जागरूक युवाओं की टीम ने पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका उपचार करवाया।

जनसेवक टीकमचंद कुमावत ने बताया कि सांड को पकड़ने के लिए युवाओं को भारी मशक्कत करनी पड़ी, सांड बिदक कर कहीं भाग न जाए इसलिए एक रास्ते को आवाजाही पूरी तरह से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बंद कर दी गई। इसके बाद पशु चिकित्सक सोनू चौधरी को बुलाया गया। उसके कान के पास गहरा घाव था जिसे पहले दवा का छिड़काव कर साफ किया गया। इलाज के दौरान कान के पास से दर्जनों कीड़े निकाले गए, इन कीड़ों की वजह से सांड परेशान रहता था, इस कारण कुछ दिनों से वह बीमार भी हो गया था। इस पुनीत कार्य में शामिल मनीष सैनी, श्याम कुमावत, सुरेंद्र कुमावत, हार्दिक नामा, देवेंद्र, आर्यन, सलीम लोहार, रुस्तम खां चाईनाण की ओर से कोरोना काल के दौरान भी लोगों को अनेक प्रकार से मदद पहुंचाई गई थी।

## अजीतगढ़ में गोपाष्टमी महोत्सव 20 को

- **शोभायात्रा व भजन संध्या समेत विभिन्न कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन**

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती कस्बा अजीतगढ़ में आजादी से पूर्व वर्ष 1945 में स्थापित श्री कृष्ण गोशाला में ब्रह्मलीन संत शिरोमणी नारायण दासजी महाराज की प्रेरणा व त्रिवेणी धाम संत राम रिछपाल दासजी महाराज के सानिध्य में गोपाष्टमी महोत्सव 2023 का आयोजन 20 नवंबर सोमवार को होगा।

महाराज ने कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन करने के बाद विधिवत महोत्सव को तैयारियों का शुभारंभ हो चुका है। विभिन्न टीमें गठित करके जिम्मेदारियां सौंपी गई है। गोशाला अध्यक्ष चैतन्य कुमार मीणा ने बताया कि गोपाष्टमी महोत्सव 2023 के पोस्टर का विमोचन के बाद अजीतगढ़ के बाजार,गली, मोहल्लों तथा शहर के बाहर निवास करने वालो से सहयोग राशि (चंदा) संग्रहण कार्य विभिन्न टीमों के माध्यम से शुरू कर दिया गया है। उपाध्यक्ष महेंद्र जांगिड़, सचिव मूलशंकर शर्मा ने बताया कि महोत्सव के दिन सुबह 11 बजे से गोशाला में गो पूजन कार्यक्रम शुरू होगा। दोपहर 2 बजे गोशाला से राधा कृष्ण की भव्य झांकी की शोभा यात्रा बैंड बाजे के साथ शुरू होगी, जो शहर के मुख्य बाजारों से होकर वापस गोशाला पहुंचेगी। इसके बाद रात 8.15 बजे "एक शाम गौ माता के नाम" भजन संध्या का शुभारंभ होगा। सह सचिव हरिसिंह मंगावा ने बताया कि भजन संध्या के मध्य में गोशाला के सहयोगियों, भामाशाह सम्मान, भजन संध्या के कलाकारों का सम्मान किया जायेगा।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**

**कब्जा नोटिस**

**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक-12.07.2023 को एक मांग पत्र कर्जदारो, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. पिंक सिटी टेन्ट एण्ड केटरर्स प्रो. किरण कंवर, 2. अभय सिंह चौहान, 3. किरण कुमार, 4. पिंक सिटी टेन्ट केटरर्स को जारी किया गया था, जिसमें 12.07.2023 की तिथी को देय, भंग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 1,09,87,516.22/- (रूपये एक करोड़ नौ लाख सत्तासी हजार पांच सौ सोलह और पैसे बाईस मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज नवम्बर 2023 के 9वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 1,09,87,516.22/- (रूपये एक करोड़ नौ लाख सत्तासी हजार पांच सौ सोलह और पैसे बाईस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

प्लाट नं. 141-ए, क्षेत्रफल 93.33 वर्गगज, स्कीम कटेवा नगर, जयपुर, राजस्थान-302019 का पूरा व प्रत्येक भाग

दिनांक - 09 नवम्बर 2023

स्थान-जयपुर

ऋण खाता संख्या-45510847 एवं 32911961

प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)


# भाजपा प्रत्याशी कुमावत ने कांग्रेस को जमकर कोसा



भाजपा प्रत्याशी निर्मल कुमावत का ग्रामीणों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया।

**सांभरझील/फुलेरा, (निसं)।** प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जोरदार बरसते हुए फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विधायक निर्मल कुमावत ने कहा कि पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, पेपर लीक जैसे कारनामों से प्रदेश वासियों का सिर शर्म से झुक गया है जो बेहद ही अफसोसजनक है। आज हम बदहाल अर्थव्यवस्था के चलते पिछड़े और बीमारू राज्यों की श्रेणी में आ खड़े हुए है, भाजपा प्रत्याशी निर्मल कुमावत ने उपस्थित जनसमुदाय से दोनों हाथ खड़े कर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने और और आगामी चुनावों में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल के फूल के सामने वाले बटन को दबाकर भाजपा को विजयी बनाने का आव्हान किया।

निरन्तर चल रहे कुमावत के सघन जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ग्राम नागौरपुरा, पीपला की ढाणी, झपोक, कोच्या की ढाणी, बिरावता, डोइपुरा, बोकणा की ढाणी, रिणगी, कोरसीना, सरथला, छापरी, गोविंदपुरा,जावली, बोदल्या की ढाणी, फागणा की ढाणी,सीतारामपुरा, मोरड़ी खुर्द, नांगल, नायकों की ढाणी, डोडवाडा, काल्या,दोबड़ी, तिगरियां की ढाणी, सिंगला में इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्र के भाजपा के अनेक पदाधिकारीयों, जनप्रतिनिधियों और उनके समर्थकों की मौजूदगी रही। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उनका जगह-जगह ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर उनका इस्तकबाल किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवकरण गुर्जर, नटवर पारीक, कान सिंह मंडपी, सुरेश चौहान, गोपी पोसवाल गुर्जर, विनोद सांभरिया, प्रभु यादव, छोटू यादव, कानाराम गुर्जर, भंवर गुर्जर, लक्ष्मण वर्मा सरपंच, रामनारायण चौधरी, नोरत प्रजापत, गोवर्धन प्रजापत, गोविंद प्रजापत, मूलचंद कुमावत, सूरजमल गुर्जर, गोगाराम भड़ाना, शिवजी राम भढ़ाना, सत्यनारायण ढोली पूर्व सरपंच सहित नागरिक बंधु बहन उपस्थित रहे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

अधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com

**परिशिष्ट-IV-ए**

**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओ) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 02.12.2023 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (iv) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC को देखें।"

**निलामी का विवरण**

| क्रम सं. | डिमांड नोटिस तिथी एवं राशि | ऋण | ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) के नाम | सम्पत्ति का पता | आरक्षित मूल्य राशि | ईएमडी राशि | ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (आनलाइन) तक/पहले | निलामी की तिथि तथा समय | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय | अधिकृत अधिकारी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15.06.2022 को रूपये 31,52,865.55/- | 27908050 | विजय कुमार जांगिड, आशा देवी, महालक्ष्मी हार्डवेयर एंड मशीनरी स्टोर, महेन्द्र कुमार जांगिड, राजेन्द्र कुमार जांगिड, सुरेन्द्र कुमार जांगिड, सुवालाल जांगिड, विजय कुमार जांगिड द्वारा महालक्ष्मी हार्डवेयर एंड मशीनरी स्टोर | सम्पत्ति पट्टा नं. 11, ग्राम व ग्राम पंचायत-मोरीजा, तहसील-चौमू, जिला-जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 183 वर्गगज, और सीमायें है- पूर्व-गली फिर द्वारका प्रसाद तिवारी का मकान, पश्चिम -गली फिर भैरू राम का मकान, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-गली फिर चौथमल पटवारी का मकान | रूपये 2,056,000/- | रूपये 2,05,600/- | 01.12.2023 सायं 5.00 तक | 02.12.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 24.11.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक | सरदीप राठौड, सम्पर्क नम्बर 9887772255 ई-मेल आईडी- sardeep.rathore@idfcbank.com |
| 2 | 01.06.2022 को रूपये 27,62,980/- | 21039607 36407190 | महेन्द्र सिवाल, बाबू लाल सिवाल, राधा देवी, महेन्द्र सिवाल (द्वारा लक्ष्मी एन्टरप्राइजेज) | रिहायशी प्लाट (पट्टा नं. 30 का दक्षिणी भाग), क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज (167.22 वर्गमीटर), कुल क्षेत्रफल 266 वर्गगज में से, ग्राम पंचायत-खो नागोरियान (घाटीकारोलन), तहसील-सांगानेर, जिला-जयपुर (राज.) का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-खाली भूमि, उत्तर-इसी प्लाट का बचा हुआ भाग, दक्षिण- खाली भूमि | रूपये 2,900,000/- | रूपये 2,90,000/- | 01.12.2023 सायं 5.00 तक | 02.12.2023 प्रातः 11.00 से दिन में 1.00 तक | 24.11.2023 प्रातः 11.00 से सायं 4.00 तक | |

**अस्वीकरण**- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

दिनांक- 13.11.2023

स्थान- जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

## गहलोत ने राजेन्द्र सिंह के समर्थन में जनसभा की

**कोटपूतली, (निसं)।** विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान की तारीख नजदीक आने के साथ-साथ राजनैतिक दलों के बड़े नेताओं के चुनावी दौरे भी शुरू हो गये हैं।

इसी क्रम में कांग्रेस गारंटी यात्रा के तहत मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार को कोटपूतली दौरे पर पहुंचे। गहलोत ने कस्बे के डाबला रोड पर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से लगातार चौथी बार कांग्रेस टिकिट पर प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। जनसभा में गहलोत को सुनने के लिए कस्बा समेत विभिन्न गांवों व ढ़ाणियों से आये लोगों का अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। हैलीकॉप्टर द्वारा सभा में कुछ घण्टों की देरी से पहुंचे मुख्यमंत्री गहलोत का कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के खेल मैदान पर बनाये गये हैलीपेड पर कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव, हरियाणा के महेन्द्रगढ़ से विधायक व कांग्रेस के जिला चुनाव प्रभारी राव दानसिंह, समाजसेवी नित्येन्द्र मानव, पीसीसी मेम्बर मधुर यादव, जगदीश मीणा, त्रिभुवन सिंह यादव समेत अन्य ने सूत की माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं सभा स्थल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का भारी नारेबाजी के साथ तालियों की गड़गड़ाहट के बीच 51 किलो की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।


# कलेक्टर व एस.पी. ने सुरक्षा बलों के साथ फ्लैग मार्च निकाला

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर शांतिपूर्वक मतदान एवं शत प्रतिशत मतदान हो इस लक्ष्य को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलेक्टर कमर चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा अर्ध सैनिक बल एवं पुलिस कर्मियों के साथ कस्बे में विभिन्न जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया।

राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर व्यापक तैयारी की जा रही है ताकि क्षेत्र में निष्पक्ष और निर्भीक रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके। लालसोट विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़

■ निष्पक्ष और निर्भीक मतदान का संदेश दिया

पचवारा इलाके में भयमुक्त और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला कलेक्टर कमर चौधरी और एसपी वंदिता राणा की मौजूदगी में रामगढ़ पचवारा कस्बे में सीआरपीएफ और पुलिस के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने पोलिंग बूथ का निरीक्षण करके निर्वाचन टीम को



रामगढ़ उपखंड मुख्यालय पर जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा द्वारा अर्ध सैनिक बल एवं पुलिस कर्मियों के साथ फ्लैग मार्च किया गया।

आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर कमर चौधरी और एसपी वंदिता राणा ने क्षेत्र के लोगों से 25 नवंबर को विधानसभा चुनावों के लिए भय मुक्त होकर शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की है। साथ ही आज रामगढ़ पचवारा क्षेत्र के बिदरखा, बिछा, सोनड, जगनेर सहित कई गांव में कलेक्टर व एसपी ने फ्लैग मार्च निकाला है। इस दौरान लालसोट एएसपी रामचंद्र सिंह नेहरा, डीएसपी अरविंद गोयल, एसडीएम वर्षा मीणा, तहसीलदार अमितेश मीणा, थाना अधिकारी मदनलाल मीणा, सीआई नाथू लाल मीणा सहित सीआरपीएफ की बटालियन व आरएसी के जवान सहित क्यूआरटी टीम और पुलिस जवान मौजूद रहे।

## टोंक में कमल खिलाने का संकल्प लिया

**टोंक, (निसं)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा टोंक द्वारा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का युवा उद्घोष एवं युवा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि टोंक जिला प्रभारी दिल्ली के सांसद रमेश बिदूडी ने कहा कि, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का जोश देखकर लगता है कि टोंक विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है और सुशासन एवं कमल खिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह जोश 25 नवम्बर तक बरकरार रहना चाहिए।

विधायक प्रत्याशी अजीत सिंह मेहता ने कहा कि, जब-जब युवाओं ने हुंकार भरी है तब तब सिंहासन को बदला है। युवा शक्ति ही पार्टी की रीढ़ है इसलिए टोंक विधानसभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित हैं। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा जयसिंहपुरा ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हर बूथ पर जाकर एक एक वोट डलवाने का काम करेंगे। बूथ पर पूरे वोट नहीं डल जाते तब तक युवा कार्यकर्ता चौन से नहीं बैठेगा।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, श्याम लाल जैन, संजय संघी, चन्द्रवीर सिंह चौहान, जिला प्रमुख सरोज बंसल ने आदि ने युवा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विजय चौधरी ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### मतदान के लिए ईवीएम आज सील होगी

**कोटपूतली, (निसं)।** विधानसभा आम चुनाव को लेकर मतदान केन्द्रों पर काम आने वाली ईवीएम मशीनों का सीलिंग कार्य गुरूवार को होगा। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम मुकुट सिंह ने बताया कि मतदान के लिए काम में आने वाली ईवीएम मशीनों के साथ-साथ सीयू , बीयू , वीवीपैट का सीलिंग कार्य 16 नवम्बर को प्रातः 09 बजे जयपुर स्थित सड़वां मोड़ की जामिया तुल हिदाया मुस्लिम युनिवर्सिटी में विधानसभा चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में प्रारम्भ किया जायेगा। ईवीएम सीलिंग के उपरान्त अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ही यूनिवर्सिटी के कमरा नं. 01, 02 व 03 में रखवाकर सील किया जायेगा। उक्त ईवीएम सीलिंग प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये है। उल्लेखनीय है कि नवगठित जिला कोटपूतली-बहरोड़ पर समस्त व्यवस्था नहीं होने के कारण इस बार निर्वाचन प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला कलक्टर जयपुर के अधीन ही प्रतिपादित की जा रही है।

### महिलओं ने जनसंपर्क किया

**दूदू, (निसं)।** विधानसभा चुनावों को लेकर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में परिवार की महिलाओं ने विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क किया। भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रेम चन्द बैरवा की पत्नी नारायणी देवी एवं अन्य महिलाओं ने चौरू, चकवाडा, शंकरपुरा, सावली में में जन संपर्क किया। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी बाबूलाल नागर की पत्नी सुनिता नागर व पंचायत समिति सदस्य रूपाली नागर सहित महिलाओं बिचुन, मोखमपुरा, गणेश कॉलोनी, इन्दिरा कॉलोनी मं जन सम्पर्क कर वोट मांगे।

### धारदार हथियार सहित एक गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** धारदार हथियार लेकर घूम रहे आरोपी को बरोनी थाना पुलिस ने पकड़ा है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि बुधवार को मुखबीर की सूचना मिली कि एक व्यक्ति धारदार लोहे के चाकू को लेकर नाहरवाडी गांव में घूम रहा है, पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच आरोपी को पकड़ा। आरोपी मुस्विर पुत्र शाहिद अली जाती मुसलमान सैयद उम्र 25वर्ष निवासी नृसिंह मंदिर के पास बहिर टोंक ने अपना अपराध कबूल किया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### असम के मुख्यमंत्री की सभा कल

**चौमूं / कालाडेरा, ( निसं )** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल चौमूं के कार्यकर्ताओं की मीटिंग का आयोजन बुधवार को गढ़ गणेश मंदिर के पास स्थित प्रधान चुनाव कार्यालय पर रखा गया। विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने चुनावी चर्चा और 17 नवंबर को बस स्टैंड कालाडेरा पर होने वाली विजय संकल्प सभा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग ली। विधायक शर्मा ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा दिनांक 17 नवंबर 2023 को अपराह्न 3:30 बजे बस स्टैंड कालाडेरा पर एक सभा को संबोधित करेंगे। उक्त विजय संकल्प सभा लेकर कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारिया सौंपी गई।

### बिरसा मुंडा जयंती मनाई

**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुरा में बुधवार को बिरसा मुंडा की जयंती बड़े हर्षोउल्लास व धूमधाम से मनाई गई। समाजसेवी हनुमान छेड़वाल ने धरती आबा बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दिप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने के लिए हमें एकजुट होने की आवश्यकता है। बिरसा आदिवासियों के मसीहा थे। उन्होंने समाज से अंधविश्वास व कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। ओमप्रकाश उर्फ गन्नीभाई ने कहा कि बिरसा मुंडा ने महज 25 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। उनकी जीवन गाथा लोगों के लिए अनुकरणीय है। इस दौरान प्रदीप आर्य, रवि आर्य, अमित आर्य आदी मौजूद रहे।

### कांग्रेस प्रत्याशी का गांवों में जनसंपर्क

**श्रीमाधोपुर, (निसं) ।** विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर से इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह शेखावत गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार शेखावत सुबह 9:30 बजे टपकेश्वर तत्पश्चात झरींडा, मोकलवास , बूजा, छाजागोई, खानाला , ढाणी लोमोड दोपहर 12: बजे बुजिआला ,छिपकली की ढाणी, नई ढाणी , फामनाला, दीपावास, लुनीवाला , दास की ढाणी , दूबडा बालाजी, बामाला, उपलाबाढ़ ,पलासाला, काल पाला,3 .45 बजे टोडा ,तेलीवाला, रामल्यास, पुठाल्या,शाम 5 बजे लुहारवास ,किशनपुरा ,प्रेमपुरा व 6.30 बजे बन की ढाणी में लोगों से संपर्क करेंगे।

### विद्यालय में वाटर कूलर भेंट किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम डेरावली में शहीद शिवपाल राम जाट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डेरावाली कल्याणपुरा में एसके फाउंडेशन द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया ।इस मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा एस के फाउंडेशन की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों का साफा और माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया ।इस अवसर पर एस के फाउंडेशन की ओर से मुकेश त्तोडावता, राजेंद्र काजला, सोहन सांकुनिया थे।। इस अवसर पर ग्राम की ओर से सुरजभान सामोता, रामचंद्र व्यवस्थापक एसएमसी सदस्य, चौथू राम सामोता , शिशुपाल सिंह बिजारणियां, सीताराम सामोता, रणवीर सिंह महरिया, सुभाष चंद्र यादव, एडवोकेट सुदेश कुमार सामोता, शिवनारायण सामोता उपस्थित थे। विद्यालय स्टाफ और ग्राम वासियों द्वारा एसके फाउंडेशन का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया ।

### निर्दलीय प्रत्याशी का गांवों में जनसंपर्क

**श्रीमाधोपुर, (निसं) ।** विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर से निर्दलीय प्रत्याशी बलराम यादव 16 नवंबर गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जन संपर्क करेंगे। जानकारी के अनुसार यादव गुरुवार को प्रातः 9 बजे तेजाजी मंदिर जुगराजपुरा के बाद गोपालपुरा, रैगर मोहल्ला दिवराला, खुर्रमपुरा , जलालपुर, अरनियां ,कोदुवाला मऊ, मैन चौक मूंडरू, तेजाजी मंदिर मूंडरू, दूला बाबा की ढाणी मूंडरू, बालाजी मंदिर खेजरोली रोड, भूराकीढाणी मूंडरू, कंवरजी वाली ढाणी मूंडरू तथा बाड़ावाली ढाणी मूंडरू में जनसंपर्क करेंगे।

### मतदान के लिए जागरूक किया

**बौंली, (निसं)।** क्षेत्र के नगर पालिका चौराहा वर्तमान अंबेडकर सर्किल पर बौंली नगर में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी चेतन कुमार जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम प्रजापत ने उपस्थित होकर वहां पर सजी रंगोली एवं लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न तरीके से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक कार्यक्रम चलाया।

## दीपोत्सव की राम-राम के साथ चुनाव प्रचार तेज

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू विधानसभा क्षेत्र में पांच दिवसीय दीपोत्सव त्यौहार की राम-राम के बीच चाकसू के प्रमुख प्रत्याशी चुनाव प्रचार तेज कर जीत का समीकरण बनाने में लगे हुए हैं।

चाकसू विधानसभा क्षेत्र से भाजपा, कांग्रेस और आरएलपी में मुख्य मुकाबला है और तीनों प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर विश्वास व्यक्त कर रहे हैं। वहीं तीनों प्रत्याशियों के समर्थक जोश और जुनून के साथ कहीं खून से खत लिखकर तो कहीं जेबीसी के द्वारा प्रत्याशियों का भव्य स्वागत सत्कार कर रहे हैं।

■ चाकसू में भाजपा, कांग्रेस और आर.एल.पी. में मुख्य मुकाबला और तीनों प्रत्याशी अपनी जीत को लेकर विश्वास व्यक्त कर रहे हैं

बुधवार को आरएलपी प्रत्याशी विकेश खोलिया के समर्थन पर आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने विधानसभा क्षेत्र की माधोराजपुरा पंचायत समिति में विशाल जनसभा की। सभा में हनुमान बेनीवाल ने कहा कि, राजस्थान में डर और भय का ऐसा माहौल है कि प्रदेश अब अन्य राज्यों से पिछड़ता जा रहा है, इसलिए जनता अबकी पिछले चुनाव में हुए विश्वास घात का बदला लेगी। वहीं भाजपा कांग्रेस के लिए कहा कि इनमें तो वसुंधरा गहलोत का गठजोड़ है। एक बार तुम एक बार हम। कहा कि, दोनों ही पार्टियों ने राजस्थान की जनता को झूठ बोलकर ठगा है यदि हमारी सरकार बनी तो हम बिजली, टोल फ्री कर देंगे महिलाएं रात में भी बेखोफ होकर निकल सकेंगी। बेनीवाल ने कहा कि, आप विकेश को वोट हनुमान समझकर दें हम जल्द ही चाकसू में भी बड़ी सभा करेंगे। हनुमान बेनीवाल की सभा में भारी भीड़ से दोनों पार्टियों के नेताओं के चेहरों पर चिंता की लकीर देखी जा रही है।

वहीं भाजपा प्रत्याशी रामावतार बैरवा विधानसभा क्षेत्र के जनसंपर्क करते हुए करते हुए स्थानीय, सीधी साधी साफ छवि एवं विरोधी पर भ्रष्टाचारों के आरोप के साथ बेटा बनकर लोगों की सेवा करने की बात कहते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए नजर आ रहे हैं। रेनवाल में भाजपा के प्रधान कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह, जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा का भी भाजपा कार्यकर्ताओ को मार्ग दर्शन मिला ।

मौजूदा विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी विभिन्न स्थानों पर लगातार रात दिन जनसंपर्क एवं जनसभा करते विकास के नाम पर परंपरागत वोट बैंक को साधते हुए बूंद बूंद घड़ा भरते हुए नजर आ रहे हैं।

## पायलट के समर्थन में कांग्रेसियों ने जनसम्पर्क किया

**टोंक, (निसं)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस विधायक सचिन पायलट के विधानसभा क्षेत्र टोंक में प्रचार की गति को तेज करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में दर्जनों नेताओं ने ग्राम छान, मोरडा, खरेला, बीबोलाव, न्यू बीबोलाव, गनोली सहित अनेक ढाणियों में व्यापक जन संपर्क किया। खरेला में कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जहां सैकड़ों की संख्या में मतदाता उपस्थित थे। हरि प्रसाद बैरवा ने ग्रामवासियों से अपील की कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सचिन पायलट के कार्यकाल में ही हुआ है और टोंक में भाईचारे की परंपरा को बनाए रखा है। विकास की गति को और तेज करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी सचिन पायलट को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प सभी जगह लिया गया। सभी जगह नेताओं का उत्साह के साथ स्वागत हुआ। हरिप्रसाद बैरवा के साथ मूलचंद बैरवा, मनिंदर बैरवा, रामदयाल निरंकारी, भंवरलाल सरपंच, सत्यनारायण सरपंच, बन्नालाल सरपंच, पृथ्वी सिंह, रमेश शर्मा, रणजीत सिंह, भूपेंद्र टेलर, घांसी लाल बैरवा, बद्री लाल, ओमप्रकाश, हरिभाई पहाड़िया आदि मुख्य रूप से उनके साथ रहे। इसी दौरान सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागना ने दो दर्जन गांवों का दौरा करके जन प्रतिनिधियों और आमजन से संपर्क किया और 16 नवम्बर को सचिन पायलट के जन संपर्क कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

# सड़क हादसे में एक जने की मौत, चार जने गंभीर घायल

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** थाना क्षेत्र के देहलाल गांव में बुधवार को दो बाइक और एक कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, साथ ही चार लोग घायल हो गए। सूचना पर रामगढ़ पचवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से रामगढ़ पचवारा उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

जहां से दुर्घटना में घायलों की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रामगढ़ पचवारा थानाधिकारी मदन लाल मीणा

■ दो बाइकों व कार की भिडंत होने से हुआ हादसा

ने बताया कि एक कार दौसा से कोथून की तरफ जा रही थी। उसके पीछे एक बाइक भी चल रही थी।

इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक से कार की टक्कर हो गई। इसी बीच पीछे से आ रही बाइक भी कार से टकरा गई। सड़क दुर्घटना में घायलों को उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें जयपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में सामने से आ रही बाइक पर बैठे टोंक के मंडावर निवासी कृष्ण मुरारी की मौत हो गई। वहीं उसके साथ बैठी उसकी पत्नी खुशबू देवी घायल



रामगढ़ में सड़क दुर्घटना के बाद सड़क पर पड़ा घायल।

हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार पीपलू निवासी गिर्राज मीणा उसकी पत्नी नारंगी देवी और अन्य एक महिला रामपुरा निवासी गुड्डी देवी घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची रामगढ़ पचवारा पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से रामगढ़ पचवारा उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। साथ ही शव को मॉर्चरी में रखवाया गया। घायलों को समान रुखसार देकर गंभीर हालत होने के चलते उप जिला अस्पताल से जयपुर रेफर किया गया है। वाहनों को क्रेन से राजमार्ग से हटा यातायात को सुचारू कराया गया।

# राजपूत व सर्व समाज ने निर्दलीय गोपाल गुर्जर के समर्थन में शक्ति प्रदर्शन किया



निर्दलीय प्रत्याशी गोपाल गुर्जर के शक्ति प्रदर्शन में 15 हजार से अधिक लोग पहुंचे।



भाजपा के कन्हैयालाल चौधरी को ग्रामीणों ने फलों से तोला।

**मालपुरा, (निसं)।** श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह कालवी व जनस्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय संयोजक समताराम महाराज सहित राजस्थान के नामी उद्योगपत्ति व राजपूत समाज के दिग्गज मेघराज सिंह रॉयल, पूर्व मंडी चेयरमैन रणजीत सिंह गेदिया के मुख्य आतिथ्य में मालपुरा विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी गोपाल गुर्जर के समर्थन में राजपूत व सर्व समाज के 15 हजार से अधिक लोगों ने शक्ति प्रदर्शन कर विशाल जनसभा करते हुए मुख्य बाजार में जनसम्पर्क रैली निकाल भाजपा व कांग्रेस खेमे में खलबली मचा दी।

संत समताराम महाराज ने कहा कि, सनातन व भगवा खतरे में नहीं राजनैतिक पार्टियां खतरे में हैं। जाति व धर्म से उपर उठकर निर्दलीय गोपाल के समर्थन में मतदान कर कांग्रेस को वोट की ताकत का अहसास कराने का सही समय है। बुधवार को निर्दलीय प्रत्याशी गोपाल गुर्जर ने टोडारायसिंह में जनसभा कर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। बस स्टैण्ड पर हुई विशाल जनसभा में उमड़े अपार जनसमुह में शामिल सर्व समाज के महिला-पुरूषों ने गोपाल गुर्जर को 121 मीटर लम्बी पगड़ी पहनाते हुए गांव का बेटा गांव की आस आपणो गोपाल आपणो गोपाल के नारे लगाये।

वर्ष 1998 में कांग्रेस आलाकमान द्वारा राजस्थान के लोहपुरूष व स्व. दामोदर लाल व्यास के पुत्र पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सुरेन्द्र व्यास का टिकट काटे जाने के बाद विधानसभा क्षेत्र की जनता ने राजनैतिक पार्टियों का बहिष्कार कर पंसुरा समाज का गठन करते हुए सर्व समाज की जाजम से डॉ. व्यास को विधायक का ताज पहना कांग्रेस पार्टी को करारा जवाब दिया था।

तो 30 साल से मालपुरा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी का आज

■ श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह कालवी व जनस्वाभिमान मंच के राष्ट्रीय संयोजक समताराम महाराज ने निर्दलीय के समर्थन में वोट मांगे

■ भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों का जनसंपर्क भी जोरों पर

तक खाता तक नहीं खुला। बीस साल से पार्टी को क्षेत्र में जिन्दा रखने व कांग्रेस की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे गोपाल गुर्जर को इस बार कांग्रेस आलाकमान द्वारा टिकट नहीं देने व निर्दलीय के रूप में चुनावी मैदान ताल ठोके गोपाल के समर्थन में उठी सहानुभूति के चलते 25 साल बाद एक बार फिर क्षेत्र की जनता ने पंसुरा समाज की जाजम से गोपाल के समर्थन का ऐलान किया है।

मतदान से दस दिन पूर्व एकजुट हुए समाज की बुधवार को भाजपा के गढ व 10 साल से विधायक बने तथा इस बार तीसरी बार मैदान में उतरे कन्हैयालाल चौधरी के घर टोडारायसिंह में निकली हुंकार रैली व हुई जनसभा में राजपूत समाज के सरदार सहित सर्व समाज व संत समाज के साथ-साथ कांग्रेस के परम्परागत वोट बैंक मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी से भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों की नींद उड गई।

कांग्रेस के बागी व जनता के टिकट पर चुनाव लड रहे गोपाल गुर्जर को क्षेत्र की जनता के मिल रहे समर्थन से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस प्रत्याशी को हो रहा है तथा मालपुरा को जिले की सौगात के बावजूद इस बार भी कांग्रेस की जीत के सपने व रणनीति पर निर्दलीय गोपाल चीन की दीवार बनकर खडा है। गोपाल गुर्जर ने सर्व समाज की पगडी पहन जनता के सामने झोली फैलाते हुए कहा कि 36 कौम के वोटों से जीत विधानसभा पहुंचने पर क्षेत्र की हर पंचायत में गौशाला खोलने के साथ-साथ बीसलपुर का ऑवरफ्लो पानी टोरडी सागर में डलवाने का वादा किया।

वहीं भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल चौधरी को रिंडलिया बुजुर्ग के ग्रामीणों ने 72 किलो फूलों से तौल 11 जेसीबी मशीनों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। डूंगरी खुर्द में उमडे भाजपा समर्थकों ने चौधरी को फलों से तौल जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस प्रत्याशी घासीलाल चौधरी का संवारिया व कुहाडा सहित दर्जनों गांवों में स्वागत कर पुष्पवर्षा की।

## मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आज से

**दौसा, (निसं)।** जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2023 में मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 16 नवंबर से 20 नवंबर तक विधानसभा वार पंडित नवल किशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दौसा में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र के मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण 18 कक्षों में आयोजित किया जाएगा। जिसमें कुल 283 मतदान दलों के 1132 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। 17 नवंबर को महुआ विधानसभा क्षेत्र के 275 मतदान दलों के 1100 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं 18 नवंबर को सिकराय विधानसभा क्षेत्र के 316 मतदान दलों के 1264 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। 19 नवंबर को दौसा विधानसभा क्षेत्र के 281 मतदान दलों के 1124 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा 20 नवंबर को लालसोट विधानसभा क्षेत्र के 313 मतदान दलों के 1252 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इसी प्रकार 16 से 20 नवम्बर तक कुल 1468 मतदान दलों के 5872 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक प्रदान किया जाएगा। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण में मॉक पोल, ईवीएम हैंडलिंग, ईवीएम सीलिंग, विभिन्न प्रपत्रों को भरने सहित सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया की गहन जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही चुनाव में नियुक्त कामिकों हेतु डाकमत पत्र से मतदान के लिए सुविधा केंद्र भी स्थापित किये गए हैं जहां निर्धारित समय में कामिक अपना मतदान विहित प्रक्रिया द्वारा कर सकेंगे।

## बहरोड़ में भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा समर्थन

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व में कैबिनेट मंत्री रहे डॉ. जसवंत सिंह यादव को एक तरफ जहां बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़ द्वारा 133 कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस छोड़ समर्थन दिया गया। वहीं बुधवार को आरजेएस के बलजीत यादव समर्थित जनता सेना बहरोड़ के कार्यकर्ताओं ने खुले रूप से समर्थन दिया है।

गौरतलब है कि, बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे त्रिकोणीय समीकरण में एक तरफ जहां राष्ट्रीय जनता सेना के बलजीत यादव समर्थक भागदौड़ कर रहे हैं। वहीं संजय यादव कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थक भी भागने दौड़ने में लगे हैं। परंतु जैसे-जैसे चुनावी दिन नजदीक आ रहे हैं तो बीजेपी के समर्थन में भंवर जितेंद्र सिंह द्वारा बस्तीराम यादव को कांग्रेस का

■ जनता सेना बहरोड़ के कार्यकर्ताओं ने खुले रूप से समर्थन दिया

टिकट नहीं देने से अब खुले में मंच से भाजपा को खुला समर्थन दिया। वहीं तलवाड़ और जागुवास गांव में बलजीत यादव के समर्थक रहे जनता सेना से जुडे कार्यकर्ताओं ने भी खुले मंच के माध्यम से डॉ जसवंत सिंह यादव को समर्थन देकर भाजपा से रिश्ता कायम किया।

इस दौरान कुश्ती के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे कोच राजकुमार यादव, प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव सहित भाजपा समर्थक जनता सेना कार्यकर्ता एवं गांव के पंच, सरपंच तथा महिला, बुजुर्ग एवं बच्चे मौजूद रहे।



ग्लेन मैक्सवेल बिल्कुल ठीक हैं। उन्हें कल थोड़ा दर्द महसूस हुआ था, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि वह पूरी तरह से ठीक होने के बाद ही मैदान पर उतरें, इसलिए उनका स्कैन कराया गया जिसमें वह पूरी तरह से फिट नजर आए हैं। वह पूरी तरह ठीक हैं। – पैट कमिंस

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, मैक्सवेल की चोट पर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी



### आभास राणा

भारत के 15 वर्षीय उभरते आर्म रेसलर आभास राणा को हाल ही में कजाकिस्तान के अल्माटी में आयोजित डब्ल्यूएएफ विश्व चैंपियनशिप में बाएं और दाएं हाथ दोनों वर्गों में विश्व चैंपियन का ताज पहनाया गया था। आभास राणा ने सुपर मैच में मैट कॉनली को 4-0 से हराया। मैच सात राउंड के लिए निर्धारित था। दूसरे सुपर मैच में ऑस्ट्रेलिया के रयान बोवेन ने भारत के मजाहिर सैदु को 4-3 से हराया। मजाहिर सैदु ने लड़ाई में शुरुआती फायदा उठाया और बोवेन को स्ट्रैप बैटल में आसानी से हरा दिया। दूसरे राउंड में, बोवेन ने सैदु को पिन कर बराबरी कर ली।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# भारत चौथी बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में

## न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया, विराट और अय्यर के शतक, शमी ने सात विकेट लिये

मुंबई, 15 नवम्बर। भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 1983, 2003 और 2011 में इस टूर्नामेंट फाइनल में पहुंची थी। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट 397 रन बनाए। विराट कोहली ने करियर की 50वीं वनडे सेंचुरी जमाते हुए 117 रन की पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने 105 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 48.5 ओवर में 327 रन पर ऑलआउट हो गई। डेरिल मिचेल ने 134 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 7 विकेट लिए। वे शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच रहे।

मोहम्मद शमी न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट ले चुके हैं, इसी के साथ उन्होंने वर्ल्ड कप में 8वीं बार पारी में 4 या उससे ज्यादा विकेट लिए। इस रिकॉर्ड में शमी ही टॉप पर हैं, दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं, जिनके नाम वर्ल्ड कप में 6 बार 4 विकेट लेने का रिकॉर्ड है। मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा विकेट लेने के साथ ही वर्ल्ड कप में अपने 50 विकेट भी पूरे कर लिए। इसके लिए उन्होंने महज 17 पारियां लीं, जो टूर्नामेंट इतिहास में सबसे तेज है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 19 पारियों में 50 विकेट लिए थे। डेरिल मिचेल एक वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बैटर बने।


उन्होंने मौजूदा सीजन में 18वां छक्का जमाया। मिचेल ने ब्रैंडन मैकुलम के 2015 के सीजन में 17 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा। 398 रन का टारगेट चेज कर रहे न्यूजीलैंड की शुरुआत खास नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में 46 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। रचिन रवींद्र और डेवोन कॉन्वे ने 13-13 रन बनाकर आउट हुए। पावरप्ले के शुरुआती ओवर में कीवी ओपनर्स ने संभलकर शॉट खेले। 5 ओवर में टीम का स्कोर बिना नुकसान के 30 रन था। यहां मोहम्मद शमी ने अपनी पहली बॉल पर सफलता हासिल की और कॉन्वे को चलता किया। इतना ही नहीं, शमी ने 8वें ओवर की चौथी बॉल पर रचिन रविद्र को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। टीम इंडिया ने वानखेड़े मैदान पर टॉस



जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 4 विकेट पर 397 रन बनाए।

यह वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबले में किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। विराट कोहली ने 113 बॉल 117 रन की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का 50वां शतक जमाया। वे वनडे में सबसे ज्यादा शतक जमाने वाले बल्लेबाज बन गए। विराट ने सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ा। दूसरी ओर श्रेयस अय्यर ने 70 बॉल पर 105 रन बनाए। अय्यर ने वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी सेंचुरी जमाई। शुभमन गिल ने 66 बॉल पर 80 और कप्तान रोहित शर्मा ने 29 बॉल पर 47 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने 2 विकेट लिए।

कोहली (711 रन) एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने



सचिन तेंदुलकर का 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। तेंदुलकर ने 2003 वर्ल्ड कप में 673 रन बनाए थे। विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50 रन बनाने के मामले में श्रीलंकाई बैटर कुमार संगाकारा को पीछे छोड़ दिया। संगाकारा ने 216 बार 50 रन बनाए हैं, जबकि विराट 217वीं बार यह कारनामा कर चुके हैं। विराट अब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग (217 बार) के बराबर पहुंच गए हैं। वर्ल्ड कप के एक एडिशन में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस रन के मामले में विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। विराट ने इस वर्ल्ड कप में आठ बार 50 रन बनाए हैं, जबकि सचिन तेंदुलकर 2003 वर्ल्ड कप में 7 और शाकिब अल हसन ने 2019 वर्ल्ड कप में 7 बार 50 प्लस रन बनाए थे।

मौजूदा वर्ल्ड कप में 600 छक्के पूरे हो चुके हैं। भारतीय बैटर श्रेयस अय्यर ने रचिन रवींद्र की बॉल पर 600वां छक्का लगाया। विराट कोहली ने 36वां रन लेते ही वनडे वर्ल्ड कप के नॉकआउट में अपना बेस्ट स्कोर बनाया। इससे पहले, कोहली 2011 के वर्ल्ड कप फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ 43 बॉल पर 35 रन बनाए थे। विराट कोहली (13794 रन) वनडे क्रिकेट के तीसरे टॉप रन स्कोरर बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 28वां रन लेते ही विराट ने पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया। पोंटिंग के नाम 375 वनडे में 13704 रन हैं।

कोहली 291वें मैच में इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुके हैं। कोहली से आगे श्रीलंका के कुमार संगकारा (14234 रन) और भारत के सचिन तेंदुलकर (18426 रन) ही हैं। विराट कोहली वर्ल्ड कप के एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले भारत के तीसरे बैटर बने। इससे पहले, सचिन तेंदुलकर 2003 और रोहित शर्मा 2019 में ऐसा कर चुके हैं। रोहित शर्मा वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वे मौजूदा सीजन में 28 छक्के जमा चुके हैं। रोहित ने कैरेबियाई बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2015 वर्ल्ड कप में 26 छक्के जमाए थे। रोहित शर्मा ने इस पारी में 4 छक्के जमाए। उन्होंने तीसरा छक्का जमाते ही वनडे वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

## धर्मशाला स्टेडियम में हिमाचल की टीम चार रणजी मैच खेलेगी

धर्मशाला, 15 नवंबर। हिमाचल प्रदेश की क्रिकेट टीम अपने प्रदेश में चार रणजी मैच खेलेगी। ये सभी मैच धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। अगले साल जनवरी और फरवरी में होने वाले रणजी मैचों में हिमाचल की टीम उतराखंड, बड़ौदा, मध्य प्रदेश और दिल्ली से भिड़ेगी। बीसीसीआई की ओर हिमाचल प्रदेश की क्रिकेट टीम को रणजी के एलीट ग्रुप-डी में रखा गया है। बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सीजन में इसमें हिमाचल सहित अन्य चार टीमें शामिल हैं। धर्मशाला में पहला मैच 12 से 15 जनवरी तक हिमाचल प्रदेश और उतराखंड के बीच होगा। दूसरा मैच 19 से 22 जनवरी तक हिमाचल और बड़ौदा के बीच होगा। तीसरा मैच दो से पांच फरवरी तक मध्य प्रदेश और हिमाचल के बीच खेला जाएगा। चौथा मैच में 9 से 12 फरवरी तक हिमाचल और दिल्ली के बीच होगा। जो टीम अपने ग्रुप में टॉप पर रहेगी, वह रणजी के अगले दौर में प्रवेश करेगी। धर्मशाला में होने वाले रणजी मैच हिमाचल के लिए अहम होंगे।इनमें जीत हासिल करने की स्थिति में टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि इस बार रणजी के चार मैच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में खेले जांएगे। इसमें दिल्ली, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और बड़ौदा की टीमें धर्मशाला आएंगी। उन्होंने कहा कि रणजी मैचों के बाद धर्मशाला स्टेडियम में सात से 11 मार्च तक भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच भी होगा।

## कोहली के 50 शतक : 2009 में श्रीलंका के खिलाफ लगाई थी पहली वनडे सेंचुरी, वानखेड़े में तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा

मुंबई, 15 नवम्बर। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को सचिन तेंदुलकर के वनडे शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब उनके वनडे क्रिकेट में 50 शतक पूरे हो चुके हैं। सचिन तेंदुलकर के नाम 49 वनडे शतक हैं। कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में शतक लगाया। इसी के साथ उन्होंने सचिन के होम ग्राउंड मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम 50 शतकों का कीर्तिमान स्थापित किया। विराट ने वनडे करियर का पहला शतक श्रीलंका के खिलाफ 2009 में लगाया था। 279 इनिंग्स के बाद विराट कोहली ने 50 शतकों का आंकड़ा छुआ। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 80 शतक हो गए हैं। वनडे के अलावा टेस्ट में 29 और टी-20 में एक शतक है।

## सिनर ने एटीपी फाइनल्स में जोकोविच को हराया

ट्यूरिन 15 नवंबर। इटली के जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को हराया मंगलवार को यहां खेले गये मुकाबले में सिनर ने जोकोविच की 19 मैचों की जीत का सिलसिला तोड़ते हुए उसे तीन सेटों में 7-5, 6-7 (5), 7-6 (2) से हराया। सिनर 121 दिनों में जोकोविच को हराने वाले पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने तीन घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले जोकोविच के जीत की लय को तोड़ा। यह मौजूदा नंबर वन पर उनके करियर की दूसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मियामी के सेमीफाइनल में नंबर वन रैंक वाले अलकराज को हराया था। सिनर ने घरेलू दर्शकों के सामने जोकोविच पर अपनी जीत के बारे में कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, जब आप दुनिया के नंबर वन के खिलाफ जीतते हैं और उसने 24 ग्रैंड स्लैम जीते हैं तो यह स्पष्ट रूप से शीर्ष पर है। सिनर ने अब शीर्ष पांच खिलाड़ियों के खिलाफ अपने आखिरी पांच मैच जीते हैं।

## हॉकी इंडिया सुब्रत रॉय के निधन पर व्यक्त किया शोक

नयी दिल्ली, 15 नवंबर। हॉकी इंडिया ने सहारा समूह के अध्यक्ष सुब्रत रॉय के निधन पर बुधवार को शोक व्यक्त किया। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने आज यहां बताया कि सहारा समूह 1995 से 2017 तक हॉकी की सर्वोच्च संस्था का प्रमुख भागीदार था और उसने अपने अटूट समर्थन के जरिए खेल के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज यहां हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने सुब्रत राय के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, हॉकी इंडिया में हम श्री सुब्रत रॉय के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुखी हैं। वह एक सच्चे खेल प्रेमी थे और खेलों को बढ़ावा देने के लिए सहारा इंडिया परिवार के साथ उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। हॉकी में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। दुख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, श्री सुब्रत रॉय हॉकी के प्रति बहुत संवेदनशील थे। सहारा इंडिया परिवार के माध्यम से उनके समर्थन ने भारत में हॉकी के पुनरुद्धार में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और हॉकी बिरादरी के बीच उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। खेल में उनका योगदान के लिए हम हॉकी इंडिया उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## बाबर आजम ने तीनों फॉर्मेट से पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ी

मुंबई, 15 नवम्बर। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने वनडे वर्ल्ड कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने गुरुवार 15 नवंबर शाम करीब 7 बजे तीनों फॉर्मेट से टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान सोशल मीडिया पर किया।

बाबर ने लिखा- वे बतौर खिलाड़ी तीनों फॉर्मेट में टीम का हिस्सा रहेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 9 में से 4 ही मैच जीत सकी थी। टीम पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर रहकर सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच सकी। बाबर 2019 में पाकिस्तान टीम के कप्तान बने थे। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप पर भी पहुंची। साउथ इंडियन फिल्म के स्टार रजनीकांत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल मैच देखने मुंबई पहुंचे। उन्हें पत्नी लता के साथ मुंबई के एयरपोर्ट पर देखा गया। उन्होंने जर्नलिस्ट को बताया कि वह मुंबई में सेमीफाइनल देखने के लिए आए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बॉलीवुड स्टार अमिताभ बच्चन, सचिन तेंदुलकर और रजनीकांत को गोल्डन टिकट दिया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मैच आज खेला जाना है।

## कोहली को 50वें शतक की पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को 50वां वनडे शतक ठोका। उन्होंने इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप 2023 सेमीफाइल में 113 गेंदों में 9 चौकों और 2 छक्कों की बदौलत 117 की पारी खेली। कोहली ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का सर्वाधिक वनडे सेंचुरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कोहली को ऐतिहासिक शतक की जमकर बधाइयां मिल रही हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कोहली को 50वीं वनडे सेंचुरी पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कोहली ने उत्कृष्टता की भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## टॉस के समय अंतिम एकादश की घोषणा करूंगा : कमिंस

कोलकाता 15 नवंबर। ईडन गार्डन में कल होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि हम मैच वाले दिन टॉस के समय अपनी एकादश की घोषणा करेंगे।

पांच बार के विश्वकप चैंपियन ने इस साल के टूर्नामेंट में लगातार सात मैच जीते हैं। कमिंस ने आज यहां एक अतिरिक्त ऑलराउंडर या फिर अतिरिक्त बल्लेबाज को खिलाने के सवाल पर कहा कि हम अपनी एकादश की घोषणा टॉस के समय करेंगे। ऐसा माना जा रहा है ऑस्ट्रेलिया मार्नस लाबुशेन और मार्कस स्टोइनिस दोनों को एकदश में शामिल कर सकता है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका से निपटने वाली एकादश के बारे में अपना मन बना लिया है, उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि अपनी अंतिम टीम में एक अतिरिक्त ऑलराउंडर या एक अतिरिक्त बल्लेबाज को शामिल किया जाए या नहीं।

मैक्सवेल की चोट पर कमिंस ने कहा, ग्लेन मैक्सवेल बिल्कुल ग्रेक हैं। उन्हें कल थोड़ा दर्द महसूस हुआ था, लेकिन हम यह सुनिश्चित करने में लगे हैं कि वह पूरी तरह से ग्रेक होने के बाद ही मैदान पर उतरें, इसलिए उनका स्कैन कराया गया जिसमें वह पूरी तरह से फिट नजर आए हैं। वह पूरी तरह ग्रेक हैं। कल दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए ग्लेन मैक्सवेल का फिट होना बड़ी चुनौती है। मैक्सवेल अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय चोटिल हो गये थे। अगर मैक्सवेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलते है तो मार्कस स्टोइनिस को बाहर बैठना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, पहले दो मैचों में दो कठिन टीमों का मुकाबला करना था। और गेंदबाजी के मामले में, मुझे लगता है कि हम सभी चरणों में बेहतर से बेहतर होते गए हैं। तो हां, ऐसा लगता है कि हम वास्तव में अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, हमने पिछले महीने में काफी क्रिकेट खेला है और ऐसा लगता है कि हर कोई अपनी भूमिका जानता है और अब असर होना शुरू हो गया है। उन्होंने पिच विवाद को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा है कि आईसीसी का एक अलग स्वतंत्र पिच क्यूरेटर है जो इसका प्रबंधन करता है। जहां तक बात है पिच की तो मुझे कोई समस्या नजर नहीं आई। हम भारतीय पिचों पर इतने मैच खेल चुके हैं।

## वेंगर करेंगे एआईएफएफ-फीफा अकादमी का 21 को उद्घाटन

नयी दिल्ली,15 नवंबर। अनुभवी फुटबॉल कोच आर्सेन वेंगर वैश्विक फुटबॉल संस्था की प्रतिभा विकास योजना के तहत शुरू की जाने वाली एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ)-फीफा अकादमी का 21 नवंबर को भुवनेश्वर में उद्घाटन करेंगे।

सूत्रों ने बुधवार को बताया कि फीफा टीडीएस कार्यक्रम का उद्देश्य दुनिया भर में विभिन्न सदस्य संघों के साथ सहयोग करके उनकी राष्ट्रीय टीमों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढावा देना है। फीफा ने अपना टैलेंट कोचिंग प्रोग्राम भी शुरू किया है, जिसके साथ वह सदस्य संघों को सक्रिय ऑन-ग्राउंड समर्थन प्रदान करता है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, श्रीमान आर्सेन वेंगर 19 से 23 नवंबर तक भारत में रहेंगे। इस अवधि के दौरान वह और उनकी टीम आईएसएल, आई-लीग क्लबों और उन सभी लोगों से मुलाकात करेंगे जो भारतीय फुटबॉल में युवा विकास से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, "हमारा प्रयास इस अकादमी को सुचारू बनाने का होगा। हमें विश्वास है कि वेंगर का अपार अनुभव और चीजों की गहरी समझ इस अकादमी को विश्व स्तरीय सुविधा में बदलने में बहुत मददगार होगी। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सत्यनारायण एम ने कहा, यह हमारी दीर्घकालिक दृष्टि की दिशा में एक बड़ा कदम है और 14 साल से कम उम्र के युवाओं में निवेश करना शायद सबसे बड़ी शुरुआत है।

हम देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे ही प्रयासों पर काम करना शुरू करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिभा की अनदेखी न हो। यह निश्चित रूप से भारतीय फुटबॉल के लिए रोमांचक समय है। ओडिशा सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग के आयुक्त-सह-सचिव आर विनील कृष्णा ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि भुवनेश्वर को फीफा टैलेंट अकादमी के लिए चुना गया है।

## इजरायल की फुटबॉल प्रीमियर लीग 25 से होगी शुरू

जेरूसलम, 14 नवंबर। इजरायली प्रोफेशनल फुटबॉल लीग (आईपीएफएल) ने घोषणा की है कि इजरायली प्रीमियर लीग 25 नवंबर को फिर से शुरू होगी। इजरायल-हमास संघर्ष के कारण लीग को सात अक्टूबर को निलंबित कर दिया गया था । आईपीएफएल ने बताया कि इजरायल के होम फ्रंट कमांड (एचएफसी) के निर्देशानुसार मैच बंद दरवाजों के पीछे आयोजित किए जाएंगे । उन्होंने बताया कि मैचों के आयोजन की अनुमति एचएफसी स्टाफ द्वारा आईपीएफएल के समन्वय से हाल के दिनों में स्टेडियमों में संरक्षित क्षेत्रों की जांच के बाद दी गई।उन्होंने यह भी घोषणा की कि इजरायल का दूसरा चरण 17 नवंबर को फिर से शुरू होगा।

## 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक टिकट निःशुल्क उपलब्ध : आईओसी

सियोल, 15 नवंबर। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में 2024 शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों (वाईओजी) के लिए गैंगनेउंग में उद्घाटन समारोह को छोड़कर सभी स्पधाओं के लिए टिकट निःशुल्क मिलेंगे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अनुसार 19 जनवरी से एक फरवरी 2024 तक चलने वाले शीतकालीन युवा ओलंपिक के लिए टिकट बीते शनिवार से आधिकारिक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सामान्य बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। समिति ने बताया कि उद्घाटन समारोह 19 जनवरी को गैंगनेउंग ओवल और प्योंगचांग डोम में एक साथ किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि गैंगनेउंग में उद्घाटन समारोह के टिकटों की कीमत 30 हजार से एक लाख वॉन (22 से 74 अमेरिकी डॉलर) है जबकि प्योंगचांग डोम में प्रवेश निःशुल्क होगा। हालांकि समारोह के दिन जाने वाले लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या बॉक्स के जरिए टिकट का अनुरोध करना होगा। प्योंगचांग ने 2018 में ओलंपिक शीतकालीन खेलों में आयोजनों की मेजबानी की थी और गैंगनेउंग, प्योंगचांग, जियोंगसियन और होएंगसेओंग पर होने खेल आयोजनों के टिकट मुफ्त उपलब्ध होंगे।

## राजस्थान गोल्फ टीम ने राष्ट्रीय खेल 2023 में कांस्य पदक जीता




जयपुर, 15 नवम्बर। नई दिल्ली के नई दिल्ली गोल्फ क्लब में हाल ही में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल 2023 में राजस्थान गोल्फ टीम ने कांस्य पदक जीता। राजस्थान के गिर्राज सिंह खडका और सवाई एचएस भाटी ने राज्य के लिए कांस्य पदक (584) जीता। ये दोनों रामबाग गोल्फ क्लब के सदस्य हैं। इसमें 17 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था। वहीं अन्य दो टीमें दिल्ली और चंडीगढ़ थीं। दिल्ली टीम, जिसमें सचिन बैसोया और शौर्य भट्टाचार्य शामिल थे, ने राष्ट्रीय खेलों में पुरुष टीम स्पर्धा में कुल 579 के स्कोर के साथ तीन शॉट के अंतर से स्वर्ण पदक जीता। चंडीगढ़ के आदिल बेदी और अनंत सिंह अहलावत ने रजत पदक (582) हासिल किया।

# वानखेड़े में हार्टब्रेक और जश्न दोनों के मौके मिलते हैं

## भारत यहां दो बार वर्ल्ड कप सेमीफाइनल हारा, 1 बार चैम्पियन भी बना

मुंबई, 15 नवम्बर। वनडे वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में है। यह स्टेडियम भारतीय फैंस के लिए आंसू और खुशी दोनों लाता रहा है। 1983 में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद भारत के पास 1987 में टाइटल डिफेंड करने का मौका था। कपिल देव की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम ने घरेलू मैदान पर शानदार शुरुआत की और 6 में से 5 ग्रुप मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची। वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल खेला गया। पहली पारी में इंग्लैंड के ओपनर बल्लेबाज ग्राहम गूच ने 136 गेंदों पर 115 रन की बेहतरीन पारी खेली। उन्हें कप्तान माइक गैटिंग का साथ मिला, जिन्होंने 62 गेंदों में 56 रन बनाए। टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बना लिए। उस जमाने में 50 ओवर की क्रिकेट में 250 रन या इससे ऊपर का टारगेट मैच विनिंग माना जाता था। भारतीय बल्लेबाजों के लिए यह रन चेज मुश्किल साबित हुआ और टीम 46वें ओवर में ही ऑलआउट हो गई। भारत को 35 रन से हार मिली। इस हार के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम की एक कामयाब जनरेशन का दौर खत्म हुआ। 1983 का वनडे वर्ल्ड कप और 1985 की वर्ल्ड चैम्पियनशिप जिताने वाले ज्यादातर खिलाड़ियों ने इसके कुछ समय बाद रिटायरमेंट ले लिया। 2 अप्रैल 2011 को वानखेड़े स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल हुआ। भारत ग्रुप स्टेज के 6 में से 4 मैच जीतकर दूसरे नंबर पर रहा था। टीम ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। मुंबई में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। महेला जयवर्धने ने नाबाद 103 रन बनाए। कुमार संगकारा ने 48 रन की पारी खेली। श्रीलंका ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 274 रन बना लिए। जहीर खान और युवराज सिंह ने दो-दो विकेट लिए। 275 रन के टारगेट का पीछा करने में वीरेंद्र सहवाग (0) और सचिन तेंदुलकर (18) जल्दी आउट हो गए। गौतम गंभीर ने 122 गेंदों पर 97 रन की शानदार पारी खेली। भारत को जीत के लिए 11 गेंदों पर 4 रन चाहिए थे। तब कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने नुवान कुलसेकरा की बॉल पर लॉन्ग ऑन की दिशा में सिक्स लगाया और खुद को भारतीय क्रिकेट के इतिहास में अमर कर लिया। टीम 6 विकेट से जीती और भारत 28 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बना। 2023 के वनडे वर्ल्ड कप से पहले भारत में 2016 के दौरान टी-20 फॉर्मेट का वर्ल्ड कप खेला गया था। तब सेमीफाइनल में वानखेड़े में ही भारत को वेस्टइंडीज से हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड से ग्रुप स्टेज का पहला मैच हारने के बाद टीम इंडिया ने लगातार 3 मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

# प्र.मंत्री ने बायतू में विशाल जनसभा को संबोधित किया

## इस चुनावी जनसभा के माध्यम से मोदी ने बाड़मेर-जैसलमेर की दस सीटों को साधने की कोशिश की

बाड़मेर, 15 नवम्बर (निसं)। राजस्थान में विधानसभा चुनावों के बढ़ रहे सियासी पारे के बीच बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बायतु पहुंचे। जहां उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी के करीब 45 मिनट के अपने संबोधन में नारी शक्ति पर विशेष फोकस रहा। उन्होंने कहा कि "नारी सुरक्षा मेरे प्राथमिकता है और मेरा मिशन मेरी बहनों का हर समस्या से मुक्त करना है।"

मोदी ने केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने सीमांत क्षेत्र को समृद्धि का द्वार बनाने का आव्हान करते हुए विकास की बातें कही। प्रधानमंत्री मोदी ने इस चुनावी जन सभा के माध्यम से बाड़मेर - जैसलमेर की दस विधानसभा क्षेत्रों को साधने की कोशिश की।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कांग्रेस की गारंटी यात्रा के जवाब में कहा कि सरकारी योजनाओं के लाभ से कोई नहीं छूटे, यही हमारा प्रयास है और यही मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव गांव, पहुंचेगी और सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को उनका हक देगी। मोदी ने कहा कि हमने उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, मुफ्त राशन,पीएम आवास , जल जीवन मिशन आदि योजनाओं के माध्यम से आमजन को राहत पहुंचाते हुए उनका जीवन आसान किया। प्रधानमंत्री ने महिला अत्याचार के मुद्दे पर कांग्रेस सरकार की आलोचना की।

भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, पेपर लीक आदि मुद्दों पर जमकर घेरते हुए कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति से राजस्थान मे अराजकता और अपराध बढ़े।

मोदी ने लाल डायरी का भी जिक्र करते हुए कहा की पहले कांग्रेस कहती थी की कोई लाल डायरी नहीं है, कुछ भी नही है लेकिन अब इसके चर्चे होने लगे है और इसके पन्ने भी खुलने लगे है। मोदी ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब डर-डर कर सरकार चलाती थी। आतंकी हमले होने पर विदेश में जाकर मदद की गुहार लगाते थे।आज हम आतंकियों को घर में घुसकर मारते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक के बाद एक कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस को घेरा। मोदी ने बाड़मेर जैसलमेर सहित सीमांत क्षेत्रों को समृद्धि का द्वार बनाने का आव्हान करते हुए इन क्षेत्रों के लिए विकास की बात कही।

सभा में राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी सहित संगठन के कई पदाधिकारी, बाडमेर जैसलमेर की दस विधानसभा सीटो के प्रत्याशी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



*प्रधानमंत्री मोदी ने बायतू (बाड़मेर) में विशाल जनसभा को संबोधित कर जैसलमेर के 10 विधानसभा क्षेत्रों को एक साथ साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश की गहलोत सरकार को निशाने पर लेते हुये कहा कि, कांग्रेस का पंजा केवल लूट-खसोट में जुटा रहता है। प्रधानमंत्री ने महिला अत्याचार के मामले में भी प्रदेश सरकार की कड़ी आलोचना की।*

- **मोदी ने अपने भाषण में नारी शक्ति पर विशेष फोकस किया और कहा, मेरा मिशन मेरी बहनों को हर समस्या से मुक्त करना है।**
- **मोदी ने कांग्रेस की गांरटी के जवाब में कहा कि, सरकारी योजना के लाभ से कोई ना छूटे, यही हमारा प्रयास है और यही मोदी की गांरटी है। मोदी की गारंटी का मतलब है, गारंटी पूरा होने की गारंटी।**
- **सभा में प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी सहित पार्टी के कई नेता व क्षेत्र की सभी दस सीटों के पार्टी प्रत्याशी मौजूद थे।**

## कांग्रेस ने केन्द्रीय मंत्री बेटे के मामले में ई.डी. की चुप्पी पर सवाल उठाये

नयी दिल्ली, 15 नवंबर (वार्ता)। युवा कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र देवेंद्र सिंह तोमर के धन के लेन-देन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चुप्पी पर हैरानी व्यक्त करते हुए बुधवार को ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की।

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने इस मौके पर कहा कि तोमर के पुत्र के मामले में खुलासा होने के बाद आखिर ईडी अब चुप क्यों हैं जबकि केंद्रीय मंत्री के पुत्र का करोड़ों रुपए की हेराफेरी की बात करते समय का वीडियो सबके सामने है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी घेरा और कहा कि मध्य प्रदेश के सारे भाजपा के नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, लेकिन मोदी चुप हैं और इन मामलों की कोई जांच नहीं करवा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि 2014 से अब तक ईडी ने जो भी कार्रवाई की हैं उनमे 95 फीसदी करवाई विपक्ष के नेताओं के खिलाफ की गई है। पिछले पांच साल में कई बड़े छापे मीडिया हाउस और पत्रकारों पर भी हुए, लेकिन तोमर के पुत्र की हजारों करोड़ के सौदे का खुलासा होने के बावजूद ईडी, केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और आयकर विभाग के लोग ग़ायब है।

# कश्मीर में बस 300 फीट गहरी खाई में गिरी, 36 यात्रियों की मौत

## चढ़ाई पर अनियंत्रित होकर बस खाई में लुढ़क गई इस हादसे में 19 अन्य यात्री गम्भीर रूप से घायल हुये हैं

जम्मू, 15 नवंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को एक बस के फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 36 यात्रियों की मौत हो गई और अन्य 19 घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

पुलिस ने बताया कि डोडा के अस्सार इलाके में यात्री बस के 300 फुट गहरी खाई में गिरने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई और अन्य 19 यात्री घायल हो गए।

उन्होंने कहा, बटोटे-किश्तवाड़ रोड पर त्रुंगल-अस्सार के पास बस सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई थी। पुलिस ने बताया कि बस के गहरी खाई में गिरने की सूचना मिलने के बाद तत्काल बचाव दल मौके पर पहुंचा और बचाव अभियान शुरू किया।

उन्होंने कहा, दुखद घटना में 36 यात्रियों की मौत हो गई है, जबकि 19 घायल हो गए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए हवाई मार्ग से जम्मू ले जाया गया है।

मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में बस दुर्घटना दुखद है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये सहायता के रूप में दिये जायेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी हादसे में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, दुर्घटना स्थल से डीसी डोडा हरविंदर सिंह से जानकारी साझा करते हुए दुख हो रहा है। घायलों को आवश्यकता के अनुसार जीएमसी डोडा और जीएमसी जम्मू में स्थानांतरित किया जा रहा है। हरसंभव मदद की जा रही है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना।

उपराज्यपाल सिन्हा ने राजभवन द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञिप्त में आज डोडा के अस्सार में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

उपराज्यपाल ने कहा, अस्सार, डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित व्यक्तियों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए मंडलायुक्त और जिला प्रशासन को निर्देश दिया।

## पायलट के गढ़ अजमेर में मुख्यमंत्री गहलोत नहीं ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उत्तर और दक्षिण विधानसभा क्षेत्र मे मजबूती प्रदान करने के लिए प्रचार की कमान खुद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाली। यह अलग बात है कि जनता तो दूर की बात मुख्यमंत्री के रोड शो मे कार्यकर्ता तक नहीं जुट पाए । नतीजा चार किलोमीटर के रोड शो को बीच मे ही छोड़ कर मुख्यमंत्री गहलोत जन सभा स्थल पहुच गए । लेकिन यहा भी मुट्ठीभर कार्यकर्ताओ को देख कर मुख्यमंत्री ने भाषण की औपचारिता को पूरा किया और रवाना हुए । कांग्रेस कार्यकर्ताओ का मानना था कि मुख्यमंत्री के आज के कार्यक्रम से सचिन पायलट को दूर रखे जाने की वजह से ही कांग्रेस की यह दुर्गति हुई है । आज के फ्लॉप शो की वजह से अजमेर उत्तर और दक्षिण के कांग्रेस उम्मीदवारों को फायदे की जगह नुकसान ज्यादा माना जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने अजमेर दक्षिण से अशोक गहलोत समर्थक द्रोपदी कोली और अजमेर उत्तर से पायलट समर्थक महेंद्र सिंह रलावता को चुनावी मैदान में उतारा है।

गारंटी यात्रा के नाम से निकाले गए इस रोड शो की शुरुआत अजमेर के गाँधी भवन से की गई जिसका समापन नगरा क्षेत्र में एक विशाल जनसभा के साथ होना था । लेकिन रोड़ शो शुरू होने के साथ ही कार्यकर्ताओं का टोटा देखा गया, जो करीब एक किलोमीटर चलने के बाद फ्लॉप शो में तब्दील हो गया । रोड शो के मार्टिंडल ब्रिज पहुँचने पर चंद कार्यकर्ता ही बचे । आमजन और कार्यकर्ताओं की कमी को देखकर मुख्यमंत्री नाराज़ हुए और कार में बैठकर सीधे सभा स्थल पर पहुँच गए लेकिन यहाँ भी अपेक्षा के अनुसार कार्यकर्ता मौजूद नहीं थे। करीब एक हजार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर गहलोत हैलीपैड़ के लिए रवाना हो गए।

अजमेर दक्षिण की कांग्रेस प्रत्याशी द्रौपदी कोली ने कुछ स्थानों पर स्वागत के कार्यक्रम रखे थे लेकिन गहलोत वहाँ नहीं रुके जिससे कार्यकर्ताओं में नाराज़गी देखने को मिली। मंच से आमजन को संबोधित करते हुए गहलोत ने सात गारंटी योजनाओं और कांग्रेस सरकार द्वारा दी जा रही रियायतों व जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी दी।

साध्वी नहीं आई नज़र- भाजपा की साध्वी अनादि सरस्वती ने कुछ दिन पूर्व कांग्रेस जॉइन की थी। माना जा रहा था कि अनादि को कांग्रेस अजमेर उत्तर से चुनाव लड़ाकर हिंदुत्व का कार्ड खेल सकती है । लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने इसका जमकर विरोध किया था उसके बाद अनादि का टिकट काट दिया गया । माना जा रहा था अनादि अशोक गहलोत के साथ रोड शो में शामिल हो सकती है लेकिन अनादि ने इस रोड़ शो से दूरी बनाई । अनादि सरस्वती ने हैलीपैड़ पर अशोक गहलोत से मुलाकात की। साथ ही लाल ड़ायरी के विवाद के बाद धर्मेंद्र राठौड़ भी रोड शो में नज़र नहीं आए ।

## कार बेच कर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बैंक पर 3.61 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने बैंक को निर्देश दिए हैं कि वह 15 दिन की अवधि में कार का ट्रांसफर उसे बेचे गए व्यक्ति के नाम पर कराए। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश निशांत शर्मा के परिवाद पर दिया।

परिवाद में कहा गया कि कोविड के दौरान 2021 में परिवादी अपनी कार की किश्त नहीं चुका पाया। ऐसे में उसने बैंक से दो महीने का समय मांगते हुए बकाया दो लाख रुपए एकमुश्त देने का निवेदन किया, लेकिन बैंक ने यह नहीं मानते हुए उसकी कार जब्त कर ली और बाद में दो लाख रुपए से भी कम कीमत में सार्वजनिक नीलामी में बेच दी। कार बेचने के बाद नाम ट्रांसफर की जिम्मेदारी बैंक की थी, लेकिन बैंक ने ना तो नए खरीदार के नाम पर ट्रांसफर कराया और ना ही फास्ट टैग को ही हटाया। फास्ट टैग नहीं हटाने के चलते कार के टोल रोड पर जाने पर परिवादी के खाते से ही फास्टैग की रकम कटती रही, इसके अलावा कार का बीमा भी नहीं कराया गया। परिवादी को ही जिम्मेदार माना जाएगा। इस सभी कार्रवाई को परिवादी ने उपभोक्ता आयोग में चुनौती देते हुए उसे नाम ट्रांसफर नहीं कराने और फास्ट टैग नहीं हटाने पर क्षतिपूर्ति राशि दिलवाने और नाम ट्रांसफर करवाए जाने का आग्रह किया। आयोग ने परिवादी के पक्ष में फैसला देते हुए माना कि बैंक ने परिवादी के आग्रह पर भी उसे समय नहीं दिया और कार को जबरन जब्त कर उसे नीलाम कर दिया। वहीं बाद में नए वाहन मालिक के नाम वाहन ट्रांसफर भी नहीं किया। ऐसा करना बैंक का अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस व सेवा दोष है। इसलिए बैंक प्रशासन परिवादी को हर्जाना अदा करे।

# जनता ने तो मन बना लिया, नेताओं...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मैसेज़ दिया कि "लॉयल्टी" पार्टी के प्रति चाहिये, नेता के प्रति नहीं। और, वसुंधरा राजे के तथाकथित समर्थकों को मिले चालीस -पैंतालीस टिकटों में अधिकांश वे लोग प्रत्याशी बनाये गये जो हर जगह , हर नेता के आते -जाते थे। केवल वसुंधरा राजे से बंधे हुए नहीं थे, और यह भी जरुरी है कि वे लोग हाईकमान के खिलाफ , या किसी नेता के कहने में, बगावत का झंडा उठाने की हिम्मत नहीं कर सकेंगे।

पर, मु.मंत्री पद के संभावित प्रतिद्वंद्वी का "इन्तजाम" करने की आदत नहीं जा रही, और यह जनता के मूड के खिलाफ है। अत: 150-160 सीटों पर जीतने की संभावना पर आघात करती है। पर, अगर जनता अपने अनुसार भारी बहुमत देती है, तो सभी साजिशें अपने आप फेल हो जाती हैं, चाहे ये साजिश किसी व्यक्ति विशेष व उसके समर्थकों ने मिल बैठ कर रची हों।

अब कांग्रेस की बात करें तो, राजस्थान में कैसे मु.मंत्री बना जाता है, इस बार मजबूरन कई धारणाएं टूटेंगी। एक "बेसिक" मान्यता थी कि, मेरी पार्टी के विधायक तो मेरे साथ हैं ही (पार्टी के साथ हैं हीं) पर, पलड़ा उसका भारी होता है, जिसके साथ, निर्दलीय व छोटी पार्टियों के एम.एल.ए खड़े दिखते हैं।

इस सिद्धांत के तहत निर्दलीय व छोटी-छोटी पार्टियों के विधायकों को निर्णायक मानने की प्रथा, शायद, 1951 के प्रथम चुनाव के बाद ही पड़ गयी थी, जबकि, कांग्रेस, हालांकि, स्वतंत्रता संग्राम में अहम् भूमिका निभाने के बाद अपने आप को मु.मंत्री पद का सख्त दावेदार मानती थी। पर, स्थिति एक घोड़े की दौड़ जैसी नहीं थी, जोधपुर महाराज के नेतृत्व में चुनाव लड़ी रामराज्य परिषद के लगभग उतने ही विधायक जीते थे। विधायकों की संख्या की दृष्टि से रामराज्य परिषद के पास केवल एक विधायक कम था, कांग्रेस के मु.मंत्री जय नारायण व्यास भी चुनाव हार गये थे, जोधपुर से।

बहरहाल ब्रिंकमैनशिप" (किनारे पर बैठे रहने की रणनीति) के सिद्धांत पर सरकारें बनाने की यह प्रथा खूब पनपी तथा फली-फूली राजस्थान में, और अशोक गहलोत की वर्तमान सरकार इस सिद्धांत का परिष्कृत, उच्चतम् व नवीनतम उदाहरण है।

यह सिद्धांत केवल चार पांच बार ही टूटा है अब तक, 1977 में आपातकाल के विरुद्ध जनभावना के कारण, 1980 में गैर कांग्रेसी दलों की खिचड़ी सरकार के आपसी झगड़ों के कारण, 1984 में इंदिरा गांधी की उनके अंगरक्षक द्वारा गोली मारकर हत्या करने के बाद, वर्ष 1993 में राम जन्मभूमि -बाबरी मस्जिद विवाद के कारण देश भर में पैदा हुई हिन्दुत्व की भारी लहर के कारण। इन चुनावों में जाति आकड़े, उम्मीदवार का व्यक्तित्व -रुतबा, साधन-सम्पन्नता के कुछ मायने नहीं रहे, केवल एक "सैन्टिमैंट," एक जज़्बा था, जो जनता को छू गया। क्या 2023 का विधानसभा चुनाव भी इसी श्रेणी का चुनाव है?

एक युवा नेता को, सरेआम गालियों से सम्बोधित करके, हतोत्साहित करने का मु.मंत्री का खुल्लम खुल्ला प्रयास सबने देखा, और स्वाभाविक ही है कि, एक युवा उभरते नेता को उसके जायज़ हक से जिस बेदर्दी से साजिश करके वंचित किया गया, वह भारी सरकारी व अर्द्धसरकारी विज्ञापनों के बावजूद जनता के क्षोभ को कम नहीं कर पाया है।

जादूगर का जादू, राजनीतिक कुटिलता, जोड़-तोड़ में माहिर होना शायद मायने नहीं रखेगा। मायने रखेगा, एक युवा पीढ़ी को सभी तरह के जोड़-तोड़ से, सभी सरकारी तंत्र के उपयोग -दुरुपयोग से आगे बढ़ने से रोकना। जादूगर ने जता दिया, उसे राज्य चलाना आता है, चाहे उस राज्य को चलाने का आधार हो, भय, सरकारी अधिकारी में, कर्मचारी में। बहुत बड़ी-बड़ी एजेन्सियों व विद्वान "प्रोफेशनल्स" को "एम्प्लॉय" किया गया, नये-नये मन लुभावन नारे, पोस्टर व होर्डिंग डिज़ाइन करने व शहर को आच्छादित करने के लिए। पर, सारे विज्ञापनों के बावजूद वे जवाब नहीं दे पाये कि, यदि जनता का भला करने की योजनाएं थीं आपकी झोली में तो अपनी सरकार के साढ़े चार साल उन्हें क्यों छुपा कर रखा, और चुनाव के छ: महिने पहले ही क्यों जनता के सामने प्रकट किया।



*भारत ने क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने लगातार दसवीं जीत दर्ज की, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को रोमांचक मैच में न्यूजीलैंड को 70 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार का बदला भी ले लिया। भारतीय टीम 12 साल बाद टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। भारत का फाइनल मैच 19 नवम्बर को खेला जायेगा। मैच में पहले बैटिंग करते हुये भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 398 रन का लक्ष्य रखा। जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम ने भी काफी उम्दा प्रदर्शन किया, लेकिन लेकिन अंत में अपने गेंदबाजी के दम पर भारत मैच जीतने में कामयाब रहा। मैच में मोहम्मद शमी ने सात विकेट लिये और उन्हें "मैन ऑफ द मैच" चुना गया। पहले बैटिंग करते हुये सेमीफाइनल मुकाबले में विराट कोहली ने इतिहास रच दिया। उन्होंने वनडे करियर का 50वां शतक लगाया। अब वे वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में विराट ने ग्रेट सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। सचिन खुद इस मैच को देखने के लिए वानखेड़े में मौजूद थे। सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद विराट कोहली ने भरे स्टेडियम में सचिन की तरफ दोनों हाथ प्रणाम की मुद्रा में आगे बढ़ाकर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया।*

# तेलंगाना में भी कांग्रेस नेताओं में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

चुनाव जीतती है तो सोनिया गांधी उन्हें मुख्यमंत्री बनाएंगी।

स्थानीय एवं राष्ट्रीय मीडिया के विभिन्न संगठनों द्वारा किए गए ओपीनियम पोल्स के अलावा कॉरपोरेट सैक्टर की ओर से किए गए कुछ सर्वे में भी कांग्रेस की जीत का संकेत दिया गया है, जिससे कांग्रेस के पार्टी हल्कों में उत्साह और बढ़ गया है। पार्टी में दूसरी और तीसरी जमात के नेता भी पिछले दस वर्षों से सत्ता मिलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

नलगौंडा सांसद वैंकट रेड्डी को एक चुनावी मीटिंग में यह कहते सुना गया था कि चुनाव में यदि कांग्रेस विजयी रही तो उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। तेलुगु भाषा में कही गई उक्त बात सोशल मीडिया में वायरल हो चुकी है। विश्वास से कही गई उनकी यह बात निश्चित रूप से पार्टी को चिन्तित कर सकती है। खासतौर पर तब, जबकि कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के अन्य भी दावेदार हैं। इनमें सबसे मजबूत दावेदार तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टी.पी.सी.सी.) के अध्यक्ष रेवन्त रेड्डी का है जिन्हें पिछले ढाई वर्ष में, अथक मेहनत कर तेलंगाना में कांग्रेस को पुनर्जीवित करने का श्रेय दिया जाता है। रेवन्त के प्रयासों से ही राज्य के सशक्त रेड्डी समुदाय के नेताओं ने विभिन्न पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस में घर वापसी की और कांग्रेस ने उसके बाद ही भारत राष्ट्रीय समिति और मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव को सत्ता से बेदखल करने की योजना पर काम शुरु किया। मुख्यमंत्री पद के अन्य दावेदारों में तेलंगाना के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम रेड्डी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष मधुयशि गौड़ शामिल हैं।

कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों के लिए अब तक किसी भी नेता को प्रोजैक्ट नहीं किया है। नेतृत्व ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए थे कि वे एक टीम के रूप में चुनावी संघर्ष में जुट जाएं और इसमें रेवन्त रेड्डी ने इस हद तक काम किया कि पार्टी भाजपा को नीचे धकेलकर सत्तारूढ़ पार्टी के समक्ष एकमात्र चुनौती बनकर सामने आ गई।

कांग्रेस की चुनावी तैयारियों को भारत जोड़ो यात्रा ने भी गति प्रदान की। यात्रा जब तेलंगाना से गुजरी तब राहुल गांधी को अपार जनसमर्थन मिला था।

मीडिया रिपोर्ट्स संकेत देती है कि कांग्रेस के पक्ष में भारी जनसमर्थन है, जो सत्तारूढ़ पार्टी को वास्तविक चुनौती पेश कर रहा है। पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सिर्फ 19 सीटों पर ही जीत दर्ज कर सकी थी और पार्टी के जीते हुए कई विधायक सत्तारूढ़ बी.आर.एस. में शामिल हो गए थे।

तेलंगाना की 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए हो रहे चुनावों में बहुमत का जादुई आंकड़ा 60 है।

सत्ता परिवर्तन के लिए जनता के मूड और ओपीनियन पोल्स की गणित के हिसाब से चले तो कोई अप्रत्याशित घटनाक्रम हो जाए तो बात अलग है, लेकिन वैसे तो कांग्रेस आसानी से जीत दर्ज कर रही है।

अब यह देखना शेष है कि सत्तारूढ़ बी.आर.एस., मुख्य चुनौतीकर्ता कांग्रेस व अन्य राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के बीच हो रहे इस त्रिकोणीय संघर्ष में कई बागियों और निर्दलीय उम्मीदवारों की उपस्थिति क्या असर डालेगी। उम्मीद है कि भाजपा की उपस्थिति से सत्ता विरोधी वोट बटेंगे जिससे सत्तारूढ़ बी.आर.एस. को मदद मिलेगी और इसीलिए कांग्रेस का यह कहना है कि बी.आर.एस. और भाजपा आपस में मिले हुए हैं तथा वास्तव में एक टीम है। मतदान 30 नवम्बर को होंगे और वोटों की गिनती 3 दिसम्बर को होगी।

## राहुल एक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

डोटासरा सहित अनेक दिग्गज कांग्रेसी नेता भी होगें।

गौरतलब है कि राहुल गाँधी एक दिन के चुनावी दौरे पर राजस्थान आ रहे है। वे सुबह 10.25 पर विशेष विमान से दिल्ली से रवाना होकर 11.10 बजे सुरतगढ़ पहुंचेंगे। जहां सूरतगढ से वे हैलिकॉप्टर द्वारा 12.00 बजे तारानगर पहुंचेंगे वहा जनसभा करेंगे, उसके बाद दोपहर 1.30 बजे नोहर के लिये रवाना हो जायेंगे। नोहर में 2.00 बजे आमसभा को सम्बोधित कर 3.00 बजे सादुलशहर के लिये रवाना हो जायेंगे। सादुलशहर में 4 बजे आम सभा को सम्बोधित कर 5.15 बजे वापस सूरतगढ लौटेंगे तथा यहां से सांय 6.15 बजे विशेष विमान से दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

## अदालती आदेश ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अवमानना याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने पीटीआई भर्ती-2022 में आवेदन किया था, जिसमें फीस जमा नहीं होने के चलते उसका आवेदन स्वीकार नहीं हुआ। ऐसे में उसने पूर्व में याचिका दायर की थी। इसके बाद वह अदालती आदेश से परीक्षा में शामिल हुआ और उसके कट ऑफ से अधिक अंक आए। वहीं बाद में उसकी याचिका स्वीकार हो गई और नियुक्ति देने के लिए कहा गया, लेकिन अदालती आदेश के बावजूद भी उसे नियुक्ति नहीं दी गई। अवमानना याचिका में कहा गया कि उसे पीटीआई भर्ती-2022 में नियुक्ति दी जाए और अदालती आदेश की अवमानना करने वाले अफसरों को दंडित किया जाए।

## प्र.मंत्री ने कहा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री को बहुत घमंड हो गया है। उनका अभिमान इतना बढ़ गया है कि अब वे जनता को गालियां दे रहे हैं

बघेल ने कहा, "उन्होंने हमारे नेता को गाली दी है। उनको घमंड आ गया है। रावण को भी घमंड था। वे प्रधानमंत्री हैं, कुछ भी कह सकते हैं लेकिन वे जिस तरह दूसरों को गालियां दे रहे हैं उससे केवल उनका घमंड झलकता है।"

डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में केन्द्रीय मंत्री रहते हुए एक कांग्रेस नेता ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर यह कहते नहीं थकते कि हमारा देश "लोकतंत्र की जननी" है और दूसरी और वे इतने नीचे गिर जाते हैं कि विपक्ष के एक नेता को गालियां देने लगते हैं।लेकिन असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि बघेल जिस जनता की बात कर रहे हैं वह किसी और ग्रह में रहती होगी, भारत में नहीं।

सरमा ने मंगलवार को कहा, "एक बार एक व्यक्ति ने कहा था, इंदिरा इज़ इंडिया एंड इंडिया इज़ इंदिरा। यदि भूपेश बघेल सोचते हैं कि राहुल गांधी जनता है तो यह भारत की जनता नहीं, किसी और ग्रह की जनता है। भारत की जनता राहुल को अपने में से एक नहीं समझती।

# 'हिन्द महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखलअंजदाजी से भारत आगाह हो जाये'

नई दिल्ली, 15 नवम्बर। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय ताकतों की बढ़ती उपस्थिति को लेकर आगाह किया है। साथ ही उन्होंने इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अलग-अलग व्याख्याओं पर चिंता जताई। सीएनएस ने कहा कि डर इस बात का है कि ऐसे स्थिति में क्षेत्र के ग्लोबल कॉमन्स कंटेस्टेड सीज में बदल जाएंगे। उन्होंने कहा कि चीनी सेना की ओर से मछुआरों को धमकाने से दक्षिण चीन सागर में स्थापित आचार संहिता का उल्लंघन बढ़ा है। यह स्थिति साफ तौर पर समुद्र के अनुशासन के लिए खतरा पैदा करती है।

हरि कुमार ने कहा, दक्षिण चीन सागर में नाजुक सुरक्षा स्थिति है जहां चीनी मिलिशिया या उसकी नौसेना की ओर से मछुआरों सहित छोटी नौ सेनाओं को धमकाने की घटनाएं बढ़ी हैं। इसके अलावा आपसी सहमति से बने कोड के उल्लंघन के मामले तकरीबन हर हफ्ते आ रहे हैं। इस तरह की चीजें समुद्र में अच्छी व्यवस्था और अनुशासन के लिए खतरा पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी गश्त समेत दूसरे मिशनों के लिए अतिरिक्त-क्षेत्रीय बलों के 50 से अधिक युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात हैं।

- **भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि, हाल के समय में चीन की नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों को धमकाने की स्थिति ने चिंता को और बढ़ा दिया है।**

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908